लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बैशाख कृष्ण पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081


# अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -98, पृष्ठ -16+4, मूल्यः -5 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com
लखनऊ, रविवार, 5 मई 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जूना अखाड़े की अनूठी पहल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।



वेट्टैयन में दिखेगी अमिताभ-रजनीकांत की जोड़ी...-2

आज का मौसम
42.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान
आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी।
सूर्योदय 05 : 28
सूर्यास्त 18 : 43

# कानपुर में 'नमो उत्सव' से माहौल बना गए पीएम मोदी

## 52 मिनट का रोड शो कर लोकसभा चुनाव के लिए जगा गए लोगों में उत्साह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मुख्यमंत्री योगी, कानपुर और अकबरपुर के प्रत्याशी रथ पर रहे साथ



कानपुर नगर के गुमटी में आयोजित रोडशो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम को कानपुर में भव्य रोड शो करके मतदाताओं के बीच चुनावी माहौल बना गए। भारी भीड़ के बीच गुमटी गुरुद्वारे पर माथा टेककर शुरू हुए रोड शो के दौरान मोदी-मोदी और नमो-नमो की गूंज रही। बिना बोले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 52 मिनट तक भीड़ को बांधे रखा। क्या बच्चे, क्या बड़े, क्या बुजुर्ग और महिलाएं, सब जोश से लबरेज रहे। आसपास के जिलों से भी भीड़ आई। रोड शो के रथ पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कानपुर नगर प्रत्याशी रमेश अवस्थी, अकबरपुर प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले और पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी भी रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष विमान चकेरी एयरपोर्ट पर शाम 5.45 बजे पहुंचा। यहां विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व भाजपा विधायकों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उनकी फ्लीट 5.47 पर एयरपोर्ट से निकली। उन्होंने रामादेवी चौराहे के दोनों ओर खड़े लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम मोदी शाम करीब 6.18 मिनट पर गुमटी गुरुद्वारा पहुंचे जहां मुख्यमंत्री योगी और गुमटी गुरुद्वारा कमेटी ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा में माथा टेका। करीब 6.38 बजे प्रधानमंत्री मोदी गुरुद्वारे से निकले और रोड शो के रथ पर सवार हो गए। भवनों की छतों पर खड़े लोगों ने मोदी-योगी के ऊपर फूलों की वर्षा की। पीएम और योगी ने कमल के निशान वाली एलईडी लाइट लेकर अभिवादन स्वीकार किया।

### अयोध्या में दो किमी लंबा रोड शो आज

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अयोध्या आएंगे। शाम चार बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से सीधे श्रीराम मंदिर पहुंचेंगे। वहां रामलला का दर्शन-पूजन कर रामपथ पर उतरेंगे। इसके बाद सुग्रीव किला से लता चौक तक लगभग दो किमी तक रोड शो कर फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए जनता का समर्थन मांगेंगे।

## सरकार ने प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाया

- न्यूनतम निर्यात मूल्य 550 डॉलर प्रति टन तय

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार को प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया, लेकिन साथ ही न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन तय किया है। इस फैसले से महाराष्ट्र सहित प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में किसानों के एक बड़े वर्ग की आय बढ़ाने में मदद मिल सकती है। सरकार ने न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन (लगभग 46 रुपये प्रति किलोग्राम) और साथ ही 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया है।

# हिरासत में लिए गए विधायक रेवन्ना

बेंगलुरु, एजेंसी

सेक्स वीडियो मामला



- महिला के अपहरण के आरोप में मैसुरु में मामला दर्ज

अपहरण के एक मामले में यहां की एक अदालत ने कर्नाटक जद (एस) के विधायक एचडी. रेवन्ना की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसके बाद शनिवार को विशेष जांच दल के अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पूर्व मंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के बेटे रेवन्ना और उनके विश्वासपात्र सतीश बबन्ना के खिलाफ एक महिला के अपहरण के आरोप में गुरुवार रात मैसूरु में मामला दर्ज किया गया था। मामला महिला के बेटे की शिकायत पर दर्ज किया गया था, जिसने यह भी आरोप लगाया था कि रेवन्ना के बेटे और हासन लोकसभा सीट से भाजपा-जद(एस) उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना ने उसकी मां का यौन शोषण किया था। मामले में बबन्ना को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। रेवन्ना को यहां देवेगौड़ा के आवास से हिरासत में लिया गया।

कर्नाटक में सेक्स वीडियो कांड विवाद को लेकर एसआईटी ने जदएस विधायक एचडी रेवन्ना और उनके पुत्र प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। सीबीआई द्वारा हासन के सांसद प्रज्ज्वल के खिलाफ 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी करने की संभावना है।

### राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखकर जद-एस के नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना के उत्पीड़न का शिकार हुईं पीड़िताओं को हरसंभव मदद देने को कहा है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष ने सिद्धरमैया को लिखे पत्र में कर्नाटक से सांसद प्रज्वल रेवन्ना के कृत्यों की निंदा की और उनके ऊपर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हाथ होने का आरोप लगाया।

## लवली, चौहान समेत दिल्ली कांग्रेस के कई नेता भाजपा में

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व विधायक नसीब सिंह, नीरज बसोया ने भी ली सदस्यता

दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक नीरज बसोया तथा नसीब सिंह सहित कुछ अन्य नेताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में कांग्रेस के सभी पूर्व नेताओं ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ विपक्षी पार्टी के गठबंधन की आलोचना की।

लवली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत भाजपा नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उन्होंने उन्हें और उनके सहयोगियों को ऐसे समय पार्टी में शामिल होने का अवसर दिया जब वे खोया हुआ महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी मौजूदा लोकसभा चुनाव में बड़े बहुमत के साथ सत्ता बरकरार रखेंगे। लवली ने हाल ही में आम आदमी पार्टी के साथ पार्टी के गठबंधन का विरोध करते हुए दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

## पुंछ में सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला

जम्मू, एजेंसी



- गोलीबारी में पांच जवान घायल, दो की हालत गंभीर

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार को आतंकवादियों ने वायु सेना के एक वाहन सहित सुरक्षाबलों के काफिले पर गोलीबारी की, जिसमें पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

अधिकारियों के मुताबिक यह हमला शाम को शशिधर के पास हुआ जब सुरक्षाबलों के वाहन जिले के सुरनकोट इलाके में सनाई टॉप की ओर बढ़ रहे थे।

इस हमले में पांच जवान घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि सेना और पुलिस के अतिरिक्त जवानों को इलाके में भेजा गया है और आतंकवादियों का पता लगाने तथा उन्हें मार गिराने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया गया है।




# जीआईसी में सेवानिवृत्त शिक्षकों की फिर से ली जाएंगी सेवाएं

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

- राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर करने का फार्मूला
- शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त पढ़ाने पर भी जोर

**अमृत विचार** : राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए अब माध्यमिक शिक्षा विभाग सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवा लेगा। इन शिक्षकों की तैनाती की प्रक्रिया जुलाई माह में पूरी होगी।

विभाग की ओर से ऐसे शिक्षकों को एक निर्धारित मानदेय भी दिया जाएगा। इस संबंध में विभाग की ओर से उच्च स्तरीय बैठक भी की जा चुकी है। जिसमें राजकीय कॉलेजों से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों की सेवा लिए जाने का निर्णय हुआ है। औपचारिक घोषणा आचार संहिता समाप्त होते ही की जाएगी। इस बारे में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जब तक आयोग की ओर से नए शिक्षकों की भर्ती नहीं हो जाती है तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवा जारी रहेगी। बता दें कि 2024 के परीक्षा परिणाम राजकीय कॉलेजों से एक भी टॉपर न आने का मुद्दा अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया था।

### मुख्यमंत्री योगी भी बता चुके हैं विकल्प

बीते वर्ष अक्टूबर माह में आयोग की ओर से चयनित प्रधानाचार्यों को नियुक्त पत्र देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने भी माध्यमिक शिक्षा विभाग को सुझाव देते हुए कहा था कि जब तक नए शिक्षकों की नियुक्ति न हो जाए, तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवाएं ली जाएं और उन्हें एक निश्चित मानदेय दिया जाए।

> राजकीय कॉलेजों में सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवाएं ली जाएंगी। पूरी प्रक्रिया जुलाई माह में पूरी होगी। इसके साथ ही कॉलेजों में एक घंटा अतिरिक्त भी पढ़ाने के लिए निर्देश दिए गए हैं ताकि शैक्षिक सत्र 2024-25 की परीक्षा में परिणाम बेहतर आए।
> -**डॉ. महेन्द्र देव**, निदेशक माध्यमिक शिक्षा।

## एक नजर

### एअर इंडिया विमान में रख सकते हैं 15 किग्रा सामान

**नई दिल्ली।** घाटे में चल रही एअर इंडिया ने घरेलू उड़ानों पर न्यूनतम किराए वाली श्रेणी में एक यात्री के लिए केबिन में रखने के लिए सामान का न्यूनतम वजन 20 किग्रा से घटाकर 15 किग्रा कर दिया है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने कहा कि सभी के लिए एक आकार का नजरिया अब आदर्श नहीं है। कंफर्ट और कंफर्ट प्लस श्रेणियों के तहत 2 मई से निशुल्क केबिन बैगेज सुविधा को 20 किग्रा और 25 किग्रा से घटाकर 15 किग्रा कर दिया है। इससे पहले घरेलू उड़ानों में यात्रियों को 25 किलोग्राम केबिन सामान बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के ले जाने की अनुमति थी।

### यौन उत्पीड़न मामले में पुलिस ने शुरू की जांच

**कोलकाता।** प. बंगाल के राज्यपाल सीवी. आनंद बोस के खिलाफ महिला कर्मचारी द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप की जांच के लिए गठित कोलकाता पुलिस की जांच टीम अगले कुछ दिनों में गवाहों से बात करेगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को कहा कि जांचकर्ता पहले ही राजभवन से सीसीटीवी फुटेज साझा करने का अनुरोध कर चुके हैं। कहा कि हमने एक जांच दल का गठन किया है जो इस मामले में अगले कुछ दिनों में कुछ संभावित गवाहों से बात करेगा।

## मोदी शहंशाह हैं, जनता से उन्हें मतलब नहीं : प्रियंका

लखानी (गुजरात), एजेंसी



- राहुल गांधी के लिए मोदी के शहजादा तंज पर किया पलटवार

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने अपने भाई राहुल गांधी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'शहजादा' तंज पर शनिवार को पलटवार करते हुए उन्हें (मोदी को) 'शहंशाह' बताया, जो महल में रहते हैं और जनता से कटे हुए हैं। कांग्रेस महासचिव अपनी पार्टी की उम्मीदवार गेनीबेन ठाकोर के प्रचार के लिए गुजरात के बनासकांठा लोकसभा क्षेत्र के लखानी में एक रैली को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने मोदी पर सत्ता के लिए गुजरात के लोगों का इस्तेमाल करने और फिर उन्हें भूल जाने का भी आरोप लगाया। प्रियंका ने कहा कि वह मेरे भाई को शहजादा कहते हैं। मैं उन्हें बताना चाहती हूं कि यह शहजादे आपकी समस्याएं सुनने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4,000 किलोमीटर तक चले, किसानों और मजदूरों से मिले तथा उनसे पूछा कि हम उनकी समस्याओं का कैसे समाधान कर सकते हैं।

## अब पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी का चुनाव लड़ने से इनकार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पुरी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता मोहंती ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है और पार्टी से वित्तीय मदद न मिलने का आरोप लगाते हुए पार्टी को टिकट लौटा दिया। कांग्रेस के पूर्व सांसद ब्रजमोहन मोहंती की बेटी सुचरिता ने शुक्रवार को कांग्रेस महासचिव केसी. वेणुगोपाल को एक ईमेल भेजा, जिसमें उन्होंने दावा किया कि उनका प्रचार अभियान बुरी तरह प्रभावित हुआ है क्योंकि पार्टी ने वित्तीय मदद देने से इनकार कर दिया है। आरोप लगाया कि कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी अजॉय कुमार ने उनसे अपने दम पर चुनाव लड़ने को कहा है।

हेराफेरी | व्यापारी खरीदते गेहूं, धान, मक्का समेत अन्य शुल्क के उत्पाद, दर्शाते शुल्क मुक्त

# चोकर और राजमा के नाम करोड़ों का मंडी शुल्क चोरी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- चोकर, राजमा, फल, सब्जी आदि कृषि उत्पाद में नहीं लगता मंडी शुल्क और जीएसटी



**अमृत विचार** : प्रदेश में मंडी के लाइसेंसधारी व्यापारियों द्वारा जमा किया जा रहा मंडी शुल्क, विकास सेस व जीएसटी में बड़ा अंतर है। इस तरह से करीब 300 करोड़ रुपये मंडी शुल्क और विकास सेस चोरी होने की आशंका है। मंडी परिषद ने व्यापारियों के मंडी और जीएसटी के आंकड़ों का मिलान कराने के लिए राज्य कर विभाग को पत्र लिखा है। कई मामले मंडी अधिकारियों ने पकड़े हैं, जिनमें व्यापारियों ने गेहूं, मक्का, धान आदि शुल्क आधारित कृषि उत्पाद खरीदे, जबकि कागजी प्रक्रिया में चोकर, राजमा समेत कई तरह के शुल्क मुक्त उत्पाद दिखाए। इस हेराफेरी में ऐसे भी कुछ कृषि उत्पाद शामिल बताए गए, जो मंडी और विकास शुल्क से मुक्त हैं पर जीएसटी लागू है। इसका भी व्यापारी फायदा उठाकर खरीद में ऐसे उत्पाद दिखाकर मंडी और विकास शुल्क बचाकर सिर्फ जीएसटी भर रहे हैं। इसी तरह जीएसटी भी बचा रहे हैं।

मंडी परिषद हर वर्ष करोड़ों रुपये मंडी और विकास शुल्क चोरी होने की संभावना जताकर राज्य कर विभाग से व्यापारियों के जीएसटी संबंधित आंकड़े मांग रहा है।

### फल, सब्जी, गल्ला समेत 81 उत्पाद पर शुल्क

फल, सब्जी व गल्ला समेत 81 कृषि उत्पाद पर कुल डेढ़ प्रतिशत मंडी व विकास शुल्क लागू है। इनमें आलू, प्याज, टमाटर, नीबू, लहसुन, अदरक को छोड़कर बाकी सब्जी व फल शुल्क मुक्त हैं। जीएसटी से भी सभी सब्जी व फल मुक्त हैं। इसी तरह धान, चावल, ज्वार, बाजारा, मक्का, गेहूं, उड़द, जौ, जई, मूंग, चना, मटर, अरहर, मसूर, मूंगफली, तिल, सोयाबीन, अलसी, लाही-सरसों आदि पर मंडी व विकास शुल्क देय है। इनमें शामिल दलन और तिलहन में जीएसटी लागू है।

> व्यापारियों द्वारा भरे जा रहे मंडी शुल्क और जीएसटी में अंतर से बड़े पैमाने पर शुल्क बचाने की आशंका है। राज्य कर विभाग को आंकड़ों का मिलान करने के लिए लिखा है। - **चंदन कुमार पटेल**, उपनिदेशक, मुख्यालय मंडी परिषद



## आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स
बनाम
चेन्नई सुपरकिंग्स
दोपहर 3:30 बजे

लखनऊ सुपर जाइंटस
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 11 | 17 |
| टी नटराजन (हैदराबाद) | 10 | 15 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 10 | 14 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 10 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

# एलएसजी को घर में केकेआर देगी कड़ी टक्कर

लखनऊ, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग में प्लेऑफ की ओर बढ़ रही लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीमें रविवार को जब एक-दूसरे के सामने मैदान में होंगी तो उनका इरादा जीत के साथ अंतिम चार में अपनी जगह का दावा मजबूत करने पर होगा।

मुंबई इंडियंस को उसके घरेलू मैदान पर कम स्कोर वाले मैच में 24 रन से मात देने के बाद केकेआर का नाम 14 अंक हो गए है और टीम प्लेऑफ क्वालीफिकेशन के बेहद करीब है। ऐसे में लोकेश राहुल की अगुवाई में एलएसजी पर दबाव होगा कि वह श्रेयस अय्यर की टीम के खतरे से बचने का रास्ता खोजे। एलएसजी के 10 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ 12 अंक है और यह टीम केकेआर से सिर्फ एक पायदान नीचे तीसरे नंबर पर है। चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद (12 अंक) जबकि चेन्नई सुपरकिंग्स (10 अंक) और दिल्ली कैपिटल (10 अंक) भी मजबूती के साथ शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है। एलएसजी को यहां एकाना स्टेडियम में अपने पिछले मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 145 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। केकेआर की टीम को इस सत्र में तीन हार का सामना करना पड़ा है। टीम ने इन तीनों हार के बाद मजबूत वापसी की है। मुंबई के खिलाफ पिछले मैच में टीम ने 57 रन तक पांच विकेट गंवा दिये थे लेकिन वेंकटेश अय्यर (70) और मनीष पांडे (42) ने 83 रन की अच्छी साझेदारी करके टीम को बचाया। इसके बाद गेंदबाजों ने लगातार अंतराल पर विकेट चटकाते हुए मुंबई की टीम को 18.5 ओवर में आउट कर 24 रन की यादगार जीत दर्ज की।



## सीएसके के खिलाफ पंजाब की निगाह लगातार दूसरी जीत पर


**धर्मशाला।** गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को लगातार दूसरी बार आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश जीत की लय हासिल करने पर लगी होगी। तीन दिन पहले ही पंजाब किंग्स ने चेपक पर सीएसके को सात विकेट से हराया था। घरेलू टीम की यह पिछले तीन मैच में दूसरी हार थी जिससे टीम मुश्किल में है। सीएसके 10 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है और पांच बार की चैंपियन उम्मीद करेगी कि स्थान बदलने से उसका भाग्य भी बदल जायेगा क्योंकि नॉकआउट चरण में अपना स्थान पक्का करने क लिए महज चार मैच बचे हैं। सीएसके हरप्रीत बरार और राहुल चाहर की स्पिन जोड़ी के खिलाफ मध्य के ओवरों में तेजी नहीं दिखा सकी जिससे उसने सात विकेट पर 162 रन का स्कोर बनाया था। उनकी बल्लेबाजी भी कप्तान रूतुराज गायकवड़ और शिवम दुबे पर निर्भर होती जा रही है तथा जैसे ही इनमें से एक विफल होता है, वैसे ही टीम के अनिरंतर बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ जाता है। गायकवाड़ ने सत्र का पांचवां 50 से ज्यादा रन का स्कोर बनाया जबकि अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे एक बार फिर शुरूआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे।

# हार्दिक का दवाब स्वाभाविक : फिंच

मुंबई, एजेंसी

आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और टीवी कमेंटेटर एरोन फिंच ने कहा कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन अब तक उसकी गरिमा के अनुरुप नहीं रहा है और ऐसे में कप्तान हार्दिक पांड्या के चेहरे पर दबाव परिलक्षित होना स्वाभाविक है।

स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव से बातचीत में फिंच ने शुक्रवार को केकेआर के खिलाफ मुंबई की हार पर कहा वानखेड़े स्टेडियम में ओस गिरने के कारण आप उनसे 170 रनों का पीछा करने की उम्मीद कर सकते है। यह आम तौर पर बल्लेबाजी के लिए एक खूबसूरत जगह है। हालांकि मुंबई का प्रदर्शन थोड़ा चौकाने वाला था। टीम के लगातार निराशाजनक प्रदर्शन से कप्तान हार्दिक का तनाव में आना स्वाभाविक है और वह भी तब,



जब कप्तान का खुद का प्रदर्शन भी अच्छा न हो। मैं खुद उस स्थिति में रहा हूं जहां आप व्यक्तिगत रूप से जो कुछ भी करने की कोशिश कर रहे हैं मगर वह दिखता नहीं है और जब टीम उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है, तो यह वास्तव में बहुत ही कठिन हो जाता है। टीम के प्रदर्शन के लिए कप्तान की भूमिका ऐसे समय में काफी चुनौतीपूर्ण हो जाती है।

## पीठ में जकड़न के कारण इम्पैक्ट सब के तौर पर खेले रोहित

**मुंबई।** लेग स्पिनर पीयूष चावला ने कहा कि भारतीय कप्तान और मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को पीठ में थोड़ी जकड़न के कारण केकेआर के खिलाफ बतौर 'इम्पैक्ट सब' खेलने के लिए बाध्य होना पड़ा था।



इम्पैक्ट सब के तौर पर खेलने उतरे रोहित 12 गेंद में महज 11 रन ही जोड़ सके। इस मैच में मुंबई इंडियंस को केकेआर से 24 रन की हार का सामना करना पड़ा। इससे पांच बार की चैंपियन टीम इस साल के आईपीएल से लगभग बाहर हो गयी है। चावला ने वानखेडे स्टेडियम में मैच के बाद कहा उन्हें पीठ में थोड़ी जकड़न थी इसलिए ऐहतियातन यह फैसला किया गया।

## खेल डायरी

### ब्रिटेन दौरे पर विभिन्न टीम से भिड़ेगी तमिलनाडु की युवा टीम

**चेन्नई।** तमिलनाडु के युवा खिलाड़ियों की टीम ब्रिटेन दौरे के दौरान विभिन्न टीमों के खिलाफ सीमित ओवरों के मैच के अलावा कई दिन चलने वाले मुकाबले भी खेलेगी। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) ने शनिवार को टीम के श्रृंखला के लिए रवाना होने की घोषणा की। टीएनसीए ने कहा कि यह दौरा आधिकारिक रूप से सोमवार से शुरू होगा। टीम के कोच पूर्व भारतीय गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी हैं जबकि एक अन्य पूर्व भारतीय खिलाड़ी रोबिन सिंह सलाहकार और तनवीर जब्बार बल्लेबाजी कोच हैं। राज्य के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन और प्रदोष रंजन पॉल टीम के मशहूर चेहरे हैं। इस दौरे पर नाटिंघम, मैनचेस्टर और लंदन में सात वनडे और चार कई दिवसीय मैच खेले जाएंगे।

### यूरोप दौरे के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम घोषित

**नई दिल्ली।** आगामी 20 से 29 मई के बीच बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा करने वाले भारतीय जूनियर हॉकी टीम की घोषणा शनिवार को यहां कर दी गई। भारतीय जूनियर अपना पहला मैच 20 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेंगे जबकि उनका अगला मुकाबला 22 मई को ब्रेडा, नीदरलैंड में बेल्जियम से ही होगा। भारतीय टीम 23 मई को ब्रेडा में नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी और उसके बाद 28 मई को जर्मनी में जर्मनी के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके बाद वे 29 मई को दौरे के अपने अंतिम मैच में एक बार फिर जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटेंगे। भारतीय टीम का नेतृत्व डिफेंडर रोहित करेंगे जबकि शारदानंद तिवारी उपकप्तान होंगे।

### हरिद्वार की मनीषा ने बनाई भारतीय हॉकी टीम में जगह

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार से वंदना कटारिया के बाद श्यामपुर की मनीषा चौहान ने भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह बनाई है। टीम में घोषणा के बाद मनीषा चौहान के परिवार को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। मनीषा चौहान के पिता सेना से रिटायर हैं और मनीषा चौहान ने हाल ही में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन किया था जिसके बाद मनीषा चौहान को राष्ट्रीय टीम में जगह दी गई। जल्द ही भारतीय महिला हॉकी टीम एफ आई एच प्रो लीग खेलने बेल्जियम और इंग्लैंड जाएगी। मनीषा का जन्म सन 1999 में हरिद्वार के श्यामपुर में हुआ।

### ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए ज्योति और शैली करेंगी मशक्कत

**नई दिल्ली।** भारतीय बाधा दौड़ खिलाड़ी ज्योति याराजी और लॉन्ग जंपर शैली सिंह पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए यूरोप में कई प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी। ज्योति मई से जून के बीच पूरे यूरोप में छह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी, जबकि लॉन्ग जंप खिलाड़ी शैली चार यूरोपीय एथलेटिक्स स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगी। उनके प्रस्तावों को भारतीय खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने मंजूरी दे दी।

## प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के बाद लय में आई बेंगलुरु की टीम, सिराज, विशाक और दयाल ने लिए दो-दो विकेट

# आरसीबी ने गुजरात को 147 पर किया ढेर






विकेट लेने के बाद जश्न मनाते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी। ● एजेंसी

बेंगलुरु, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के गेंदबाजों ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 52वें मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गुजरात टाइटंस की टीम को 19.3 ओवर में 147 के स्कोर पर समेट दिया।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर गुजरात टाइटंस को बल्लेबाजी का न्योता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने छठे ओवर तक 19 के स्कोर पर अपने तीन शीर्ष बल्लेबाजों को गवां दिया था। ऋद्धिमान साहा (1), शुभमन गिल (2) और साई सुदर्शन (6) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद शाहरुख खान और डेविड मिलर ने पारी को संभाला और चौथे विकेट लिए 61 रन जोड़े।

शाहरुख खान ने 24 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए सर्वाधिक (37), राहुल तेवतिया ने 21 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (35) तथा डेविड मिलर ने 20 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से (30) रनों की पारी खेली। इसके बाद राशिद खान (18), विजय शंकर (10) मानव सुथर (1) और मोहित शर्मा (शून्य) पर आउट हुये। बेंगलुरु के गेंदबाजों ने गुजरात की पूरी टीम को 19.3 ओवर में 147 रन पर समेट दिया। बेंगलुरु को जीत के लिए 148 रन बनाने होंगे। आरसीबी की ओर से मोहम्मद सिराज, यश दयाल और विजयकुमार वैशाख ने दो-दो विकेट लिये। कर्ण शर्मा और कमरून ग्रीन को एक-एक विकेट मिला।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| कोलकाता | 10 | 7 | 3 | 14 | +1.098 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.356 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |



गुजरात को सस्ते में समेटने के बाद अपने प्रशंसकों का अभिवादन करते विराट। ● एजेंसी

### गुजरात 147/10

19.3 ओवर, अतिरिक्त : 7

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रिधिमान साहा का कार्तिक बो सिराज | 1 | 7 | 0/0 |
| शुभमन गिल का विशाक बो सिराज | 2 | 7 | 0/0 |
| साइ सुदर्शन का कोहली बो ग्रीन | 6 | 14 | 0/0 |
| एम शाहरूख खान रन आउट | 37 | 24 | 5/1 |
| डेविड मिलर का मैक्सवेल बो शर्मा | 30 | 20 | 3/2 |
| राहुल तेवतिया का विशाक बो दयाल | 35 | 21 | 5/1 |
| राशिद खान बो दयाल | 18 | 14 | 2/1 |
| विजय शंकर का सिराज बो विशाक | 10 | 7 | 2/0 |
| मानव सुतार का स्वप्निल बो विशाक | 1 | 2 | 0/0 |
| मोहित शर्मा रन आउट | 0 | 1 | 0/0 |
| नूर अहमद रन आउट | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्वप्निल 1-0-1-0, सिराज 4-0-29-2, दयाल 4-0-21-2, ग्रीन 4-0-28-1, विशाक 3.3-0-23-2, शर्मा 3-0-42-1

## इंग्लैंड की महिला टीम चयन के लिए इस्तेमाल कर रही कृत्रिम मेधा : कोच

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड महिला टीम के मुख्य कोच जॉन लुईस ने खुलासा किया कि वे अंतिम एकादश का चयन करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक मुकाबलों को संबंध है तो उन्हें इस तकनीक ने महत्वपूर्ण फीडबैक मुहैया कराया है और उन्हें एशेज श्रृंखला जीतने में भी मदद की।



लुईस ने कहा कि उन्हें इस तकनीक के बारे में तब पता चला था जब वह मार्च 2023 में भारत में महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरुआती चरण में यूपी वारियर्स की कोचिंग कर रहे थे। ईएसपीएन क्रिकइंफो की खबर के अनुसार इंग्लैंड रग्बी यूनियन के कोच स्टीव बोर्थविक ने भी कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल किया था। इंग्लैंड के मुख्य कोच लुईस ने कहा कि एआई प्रणाली से उन्हें पिछले साल महिलाओं की एशेज के दौरान फॉर्म में चल रही खिलाड़ियों में से एक का चयन करने का फैसला करने में मदद मिली। हमने इस तकनीक का इस्तेमाल पिछले साल एशेज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था जो काफी सफल रहा। पिछले साल एक खिलाड़ी का चयन करना था, हमने ऑस्ट्रेलियाई टीम की मजबूती देखी और फिर उसी के अनुसार अपनी टीम को मजबूती दी, अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुनी। यह कारगर रहा, हमारे लिए फायदेमंद रहा।

## एथलीटों को प्रतिबंधित दवाओं पर जागरूक कर रहे हैं पूर्व मुक्केबाज अखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज और झज्जर पुलिस में सहायक आयुक्त अखिल कुमार ने झज्जर के जवाहरलाल बाग स्टेडियम में बातचीत में उभरते हुए खिलाड़ियों को सलाह दी कि नशीली दवाओं के खतरे से बचें।

बीजिंग ओलंपिक 2008 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाले 43 वर्षीय अखिल ने 2006 में राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक था। उन्होंने 100 से ज्यादा खिलाड़ियों से बातचीत की जिसमें मुक्केबाज भी शामिल थे। अखिल ने कहा, बतौर खिलाड़ी और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के पैनल के सदस्य होने के नाते मैं इसके खतरे को समझता हूं। मैंने उन्हें सलाह दी कि इससे कैसे दूर रहें। नियमित रूप से होने वाले मेडिकल चेक-अप के दौरान भी उन्हें डॉक्टर को बताना चाहिए कि वे एथलीट हैं ताकि वे उन्हें प्रतिबंधित दवाई नहीं लिखें।

## आई-लीग के चार खिलाड़ी विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में

नई दिल्ली, एजेंसी



● फीफा विश्व कप और एएफसी एशियाई कप के लिए संभावित सूची में शामिल

कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालिफिकेशन के दूसरे चरण के मैचों के लिए भारतीय कोच इगोर स्टिमक द्वारा शनिवार को घोषित 26 सदस्यीय संभावित सूची में आई-लीग के चार खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

मिजोरम के 23 वर्षीय फॉरवर्ड डेविड लालहलानसांगा ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग की आई-लीग जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम इससे शीर्ष स्तर की आईएसएल में जगह बनाने में सफल रही। रीयल कश्मीर के डिफेंडर हम्माद और इंटर काशी के मिडफील्डर एडमंड लालरिंडिका के साथ आइजोल के फॉरवर्ड लालरिंजुआला लालबियाकनिया को भी जगह मिली है। एआईएफएफ ने कहा कि मोहन बागान और मुंबई सिटी एफसी की टीमें एएफसी कप फाइनल में भिड़ेंगी ऐसे में इन दोनों टीमों से राष्ट्रीय टीम के लिए चुने जाने वाले संभावितों के नाम की घोषणा दूसरी सूची में होगी। भारत 10 मई को भुवनेश्वर में प्रशिक्षण शिविर शुरू करेगा। टीम ग्रुप ए के आखिरी दो मैचों में 6 जून को कोलकाता में कुवैत के खिलाफ खेलने के बाद 11 को दोहा में कतर का सामना करेगी।

### एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी

## भारतीय मुक्केबाजों ने पक्के किए रिकॉर्ड 43 पदक

अस्ताना (कजाखस्तान), एजेंसी

आकाश गोरखा, विश्वनाथ सुरेश, निखिल और प्रीत मलिक ने शनिवार को यहां अंडर-22 पुरुष फाइनल में प्रवेश किया जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के विभिन्न वर्गों में अभूतपूर्व 43 पदक पक्के किये। सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन आकाश ने 60 किग्रा वर्ग में दबदबा बनाते हुए सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के इलाशोव सयात पर 5-0 से जीत हासिल की।

मौजूदा युवा विश्व चैम्पियन विश्वनाथ (48 किग्रा) ने रिव्यू के बाद फिलीपींस के बारिकुआत्रो ब्रायन पर 5-2 से जीत दर्ज की। निखिल (57 किग्रा) और प्रीत (67 किग्रा) ने



भी क्रमशः मंगोलिया के दोर्जनायम्बु गानबोल्ड और किर्गिस्तान के अल्माज ओरोजबेकोव को 5-2 के समान अंतर से मात दी। लेकिन एम जादूमणि सिंह (51 किग्रा), अजय (63.5 किग्रा), अंकुश (71 किग्रा), ध्रुव (80 किग्रा), जुगनू (86 किग्रा) और युवराज (92 किग्रा) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य प्रीति (54 किग्रा) सहित नौ महिला मुक्केबाज सेमीफाइनल खेलेंगी। अंडर-22 फाइनल मंगलवार को खेले जाएंगे।

## टी-20 विश्व कप में इंपैक्ट प्लेयर नहीं होने से रणनीतिक रूप सोचना पड़ेगा : स्टार्क

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि अगले महीने अमेरिका में टी-20 विश्व कप शुरू होने पर इंडियन प्रीमियर लीग के इम्पैक्ट प्लेयर नियम नहीं होने से कप्तानों को अधिक रणनीति के साथ सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा।



इम्पैक्ट प्लेयर नियम के तहत टीमों के पास मैच के दौरान एक खिलाड़ी को बदलने की आजादी होती है। इसे पिछले साल लागू किया गया था। जिसके बाद टीमें आसानी से 200 रन के आस-पास स्कोर कर रही हैं। इस गेंदबाज ने कहा, इम्पैक्ट प्लेयर नियम से चीजें काफी हद तक बदल जाती हैं। टीम को एक बल्लेबाज या गेंदबाज अधिक रखने की आजादी मिलती है और इससे बल्लेबाजी में अधिक गहराई आती है। इससे टीम के पास आठवें या नौवें क्रम तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी मौजूद रहते है। स्टार्क ने कहा कि टी-20 विश्व कप में ये नियम नहीं होगा ऐसे में इसका असर स्कोर पर दिखेगा। आपको किसी अतिरिक्त खिलाड़ी के बिना टीम का संतुलन बनाना होगा।

## बॉलीवुड हलचल

## वेट्टैयन में नजर आयेगी अमिताभ रजनीकांत की सुपरहिट जोड़ी


**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की सुपरहिट जोड़ी फिल्म वेट्टैयन में नजर आएगी। टीजे ग्नानवेल द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म वेट्टैयन लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाई जा रह है। फिल्म वेट्टैयन के मेकर्स लाइका प्रोडक्शनस ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। पहली ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत साथ में पोज करते दिखाई दे रहे हैं, तो दूसरी फोटो में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन एक-दूसरे से गले मिलते दिख रहे हैं। तीसरी फोटो में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत बातें करते दिखाई दे रहे हैं, साथ ही प्रोडक्शन हाउस ने एक कैप्शन भी लिखा है, द टाइट्नस ऑफ इंडियन



सिनेमा सुपरस्टार रजनीकांत और शंहशाह अमिताभ बच्चन मुंबई में वेट्टैयन के सेट पर। अमिताभ बच्चन और रजनीकांत ने अंतिम बार वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म हम में काम किया था। इससे पहले दोनों कलाकार फिल्म अंधा कानून (1983) और गिरफ्तार (1985) में स्क्रीन शेयर कर चुके हैं।

## फरवरी में शुरू होगी डॉन 3 की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 की शूटिंग फरवरी 2025 में शुरू हो सकती है। फरहान अख्तर अपनी सुपरहिट फिल्म डॉन का तीसरा पार्ट लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म वर्ष 2006 में प्रदर्शित फिल्म डॉन की फ्रेंचाइजी है। पहली डॉन में शाहरुख के साथ प्रियंका चोपड़ा नजर आई थीं। इसके बाद वर्ष 2011 में प्रदर्शित डॉन के सीक्वल में भी शाहरूख खान और प्रियंका



चोपड़ा की जोड़ी नजर आई। अब डॉन 3 आ रही है, जिसमें रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी की अहम भूमिका है। कहा जा रहा है कि डॉन 3 की शूटिंग अगले साल फरवरी महीने में शुरू होगी। रणवीर सिंह इस फिल्म की शूटिंग से पहले अपनी अपकमिंग फिल्म राक्षस की शूटिंग पूरी करेंगे। फरहान अख्तर डॉन 3 की लोकेशन के सिलसिले में लंदन में हैं।

## जुलाई-अगस्त में अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे शाहरुख

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान जुलाई-अगस्त में अपनी अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे। शाहरुख खान ने पिछले साल पठान और जवान और डंकी जैसी कामयाब फिल्मों में काम किया था। शाहरूख खान ने बताया कि वह जुलाई या अगस्त से अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। शाहरुख खान ने कहा मुझे महसूस हुआ कि मैं थोड़ा आराम कर सकता हूं। तीन फिल्में पठान, जवान और डंकी कर चुका हूं, इसमें काफी मेहनत लगती है। ऐसे में मैंने सोचा कि अब मैं थोड़ा आराम कर सकता हूं। मैंने अपनी आइपीएल टीम से भी कहा था कि मैं सभी मैचों में आऊंगा। मेरी शूटिंग अब अगस्त में है या जुलाई में है ऐसे में मैं इन दिनों एकदम फ्री हूं और अपनी आइपीएल टीम को सपोर्ट करने के लिए हर मैच के दौरान मौजूद रह सकता हूं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# पीएम की हरगांव में रैली आज, डायवर्ट रहेगा सीतापुर-लखनऊ रूट

## सिर्फ प्रधानमंत्री की रैली में जाने वाले वाहन ही निकलेंगे, रोडवेज बसों समेत अन्य वाहन लहरपुर होकर सीतापुर जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** यदि आप सीतापुर या लखनऊ जाने का प्लान कर रहे हैं तो रूट डायवर्जन समझ लें अन्यथा आज यानी रविवार को जाम में फंस जाएंगे। दरअसल, पड़ोसी जनपद सीतापुर के कस्बा हरगांव में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली है। इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को एडवाईजरी जारी की है। रविवार को सुबह पांच बजे से शाम छह बजे तक लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर आम वाहनों का संचालन बंद रहेगा। सिर्फ जनसभा में शामिल होने जाने वाले कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के वाहन ही जा सकेंगे। सीतापुर और लखनऊ रूट पर जाने वाले लहरपुर की ओर से जाएंगे।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में लखीमपुर खीरी की दो सीटों खीरी और धौरहरा के अलावा सीतापुर, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फरुर्खाबाद, इटावा, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच की सीटों पर 15 मई को मतदान होगा। धौरहरा संसदीय सीट का एक बड़ा हिस्सा सीतापुर जिले में आता है। धौरहरा सीट से भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सांसद रेखा वर्मा और खीरी सीट से केंद्रीय गृह राज्यमंत्री सांसद अजय मिश्र टेनी चुनाव मैदान में हैं। रविवार को सीतापुर जिले के थाना व कस्बा हरगांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा है। जनसभा में खीरी और धौरहरा संसदीय क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग विभिन्न वाहनों से शामिल होने हरगांव जाएंगे। इस कारण ट्रैफिक पुलिस ने लखीमपुर-सीतापुर मार्ग पर रूट डायवर्जन लागू किया है। इस मार्ग पर सिर्फ जनसभा में शामिल होने वाले लोगों के छोटे-बड़े वाहन ही आ-जा सकेंगे। टीएसआई हरमीत सिंह ने बताया कि एलआरपी चौराहा से हरगांव सीतापुर की ओर बड़े वाहनों ट्रक, ट्रैंकर, डीसीएम व अन्य कामर्शियल वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इन वाहनों को एलआरपी चौराहे से हरगांव, सीतापुर, लखनऊ की ओर जाना है। वह राजापुर चौराहे से खीरी कस्बा होकर लहरपुर होते हुए जाएंगे। यातायात व्यवस्था संबंधी किसी भी सहायता के लिए यातायात पुलिस का कंट्रोल रूम मोबाइल नंबर 9454844045 जारी किया गया है।

### आज बढ़ सकती हैं रोडवेज बस के यात्रियों की मुश्किलें

**लखीमपुर खीरी।** प्रधानमंत्री की रैली को लेकर लखीमपुर सीतापुर हाइवे बंद रहेगा। बड़े वाहनों को इसकी बजाय खीरी के रास्ते लहरपुर होकर सीतापुर निकाला जाएगा। ऐसे में गोला और लखीमपुर से लखनऊ, कानपुर जाने वाली रोडवेज बसों को भी इसी रास्ते संचालित किया जाएगा। इससे यात्रियों की परेशानी बढ़ना तय है। लखनऊ जाने वाली बसों का किलोमीटर बढ़ने को लेकर रोडवेज प्रशासन किराए को लेकर असमंजस में हैं। जिम्मेदार एक दिन किलोमीटर बढ़ने पर किराया बढ़ाने के मूड में नहीं हैं। वहीं इस संबंध में उच्चाधिकारियों के आदेश का भी इंतजार है। एआरएम गोला महेश चंद्र कमल ने बताया कि पीएम मोदी की रैली देखते हुए रोडवेज बसों का संचालन लखीमपुर से खीरी और फिर लहरपुर के रास्ते सीतापुर और लखनऊ जाएंगी। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनी सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री की जनसभा में खीरी और धौरहरा क्षेत्र से 466 बसें, 5000 चार पहिया वाहनों के साथ ही करीब 75 हजार लोग रैली में शामिल होंगे। इसकी सारी व्यवस्था पूरी कर ली गई है।

### ब्राह्मण धर्मशाला में मनेगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के महामंत्री कुमुदेश शंकर शुक्ला ने बताया कि भगवान परशुराम का जन्मोत्सव 10 मई मनाया जाएगा। इसके लिए बेहजम रोड शिव कॉलोनी स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि 10 मई की सुबह नौ बजे सुंदरकांड का पाठ होगा और दोपहर 12 बजे आरती व पूजन होगा। इसके बाद 12 :30 बजे नवनिर्मित कमरों का लोकार्पण और एक बजे से भंडारा होगा। महामंत्री कुमुदेश शंकर शुक्ला ने समस्त ब्राह्मणों से कार्यक्रम कें आने का आह्वान किया है।

## सार-संक्षेप

### बसपा प्रत्याशी ने मुस्लिम मतदाताओं के बीच रखा एजेंडा



खीरी टाउन में मतदाताओं के साथ बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा।

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** खीरी लोकसभा के बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा ने शनिवार को मुस्लिम बाहुल्य खीरी टाउन समेत अन्य गांवों का दौरा किया। उन्होंने मुस्लिम मतदाताओं से संपर्क कर अपना चुनावी एजेंडा सामने रखा। लोगों से जनसंपर्क कर विकास करने का वादा किया। बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा शनिवार को अपने परंपरागत वोटो को साधने के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में स्थित मस्जिदों और मदरसो पर जाकर उनसे संपर्क कर वोट देने की अपील कर रहे हैं। साथ ही गरीब से गरीब मतदाताओं के बीच में बैठकर अपना एजेंडा भी उनके सामने रख रहे हैं। मुस्लिम धर्म गुरुओं के पास भी पहुंच कर उनसे हक में दुआएं करने के साथ अपना एजेंडा भी बता रहे हैं। अंशय कालरा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें दलित, मुस्लिम, सिख के साथ ही हर समुदाय का सहयोग मिल रहा है। सभी लोग उनके साथ जुड़े है। उन्होंने मस्जिद के पेश इमाम व अन्य मुस्लिम धर्म गुरुओं से भी अपने हक में वोट और सपोर्ट करने की अपील की। उनका काफिला खीरी कस्बे में सबसे पहले काफिला सुबहान बेग मस्जिद पहुंचा। उसके बाद कई अन्य मस्जिदों से होते हुए वह रहमालीपीर मस्जिद में पहुंचा।

### तमंचा सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**भीरा, अमृत विचार :** थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने बताया कि एसआई संदीप यादव ने गांव रामपुरवा के निकट रमेश कुमार निवासी रामपुरवा को तमंचा व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक मामले में फरार चल रहे गांव सिकल टांडा निवासी बलवंत सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

### उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार रहेगा चुनावी मुद्दा

**संवाददाता, रजागंज। अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर जनता काफी उत्साह में हैं। सांसद चुनने का मौका पांच साल बाद ही मिलता हैं। क्षेत्र में मुद्दों की भरमार हैं। युवाओं के अपने अलग मुद्दे, एजेंडे हैं। लोगों का उच्च शिक्षा, नौकरी, रोजगार युवाओं का अहम् मुद्दा हैं। इसलिए जनता ध्यान में रखकर वोट करें। कुर्मी युवा महासंघ के जिला उपाध्यक्ष पटेल अतुल वर्मा का कहना है कि क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को उठाने के लिए राजकीय डिग्री कॉलेज, आईटीआई, फार्मेसी मेडिकल जैसे कॉलेजों का निर्माण कराया जा सकें। जिससे युवाओं को रोजगार परक शिक्षा मिल सके और वह अपना भविष्य बेहतर बना सकें। इसके साथ ही उनको नौकरी मिलने का रास्ता भी मिल सकें। क्षेत्र में उद्योग धन्धे लगाए जाएं। जिससे युवाओं को स्थाई रोजगार मिल सकें। किसानों का भी ध्यान रखा जाए, जिससे हर क्षेत्र में विकास किया जाये।

### सीएचसी अधीक्षक ने विद्यालयों में टीकाकरण का किया निरीक्षण



विद्यालय का निरीक्षण करने के बाद बच्चों व स्टाफ के साथ मौजूद सीएचसी अधीक्षक।

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय धोबिन पुरवा एवं कंपोजिट विद्यालय बड़ागांव पहुंचे सीएचसी अधीक्षक डॉ. भारत सिंह ने टीकाकरण कार्य का निरीक्षण किया। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि टीकाकरण टीम अपने कार्य में व्यस्त दिखाई दी। दोनों विद्यालयों का निरीक्षण भी किया। विद्यालय में साफ– सफाई एवं बच्चों के पेयजल की व्यवस्था देखी। निरीक्षण टीम में अधीक्षक डॉक्टर भारत सिंह के साथ पर्यवेक्षक ओमप्रकाश एवं पवन कुमार आदि रहे।

### बनने के साथ उखड़ने लगी सड़क, वीडियो वायरल

**निघासन, अमृत विचार :** क्षेत्र के सलीमाबाद में बन रही सड़क निर्माण में भारी अनियमतिता बरतने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। किसी ग्रामीण ने उखड़ती सड़क का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीडब्ल्यूडी विभाग ने बल्लीपुर से छेदुईपतिया गांव से करीब 3 किलोमीटर रोड पर निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें बालू की जगह मिट्टी डालकर काम किया जा रहा है। वहीं मुर्गहा गांव से बल्लीपुर छेदुईपतिया संपर्क मार्ग तक डामर रोड निर्माण का कार्य किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि तीन दिन पहले इस सड़क को बनाकर कार्य पूर्ण दिखा दिया गया है। यह सड़क मानकविहीन बनाई गई है, जो हाथों से ही उखड़ रही है। इसकी परत मिट्टी में चिपकाई गई है। जिससे हाथ लगाते ही परत उखड़ती है। जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है।

## एक नजर

### आठ को लखीमपुर आएंगे गृहमंत्री अमित शाह

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में खीरी संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी एवं केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के पक्ष में मतदान करने के लिए गृहमंत्री अमित शाह आठ मई को राजकीय इंटर कॉलेज में जनसभा करेंगे। जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि जनसभा को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

### बंदी की लखनऊ में उपचार के दौरान मौत

**लखीमपुर-खीरी, अमृत विचार :** अवैध शराब के मामले में जिला जेल में निरुद्ध थाना पलिया कलां के गांव बसंतापुर निवासी विनोद (46) की उपचार के दौरान केजीएमयू लखनऊ में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जेलर हरबंस पांडेय ने बताया कि थाना पलिया पुलिस ने गांव बसंतापुर निवासी विनोद को अवैध शराब मामले में गिरफ्तार कर 29 अप्रैल को जिला कारागार भेजा था। वह शराब का आदी थी। शराब न मिलने के कारण उसकी शनिवार को हालत बिगड़ गई। पहले बंदी को जेल अस्पताल से जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से रेफर होने पर उसे लखनऊ के केजीएमयू में भर्ती कराया गया, जहां शाम करीब साढ़े छह बजे उसकी मौत हो गई।

### साईं मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से शुरू

**पलिया कलां, अमृत विचार :** पलिया खुर्द गांव के निकट बने साईं मंदिर में इस बार भी पांच दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम रविवार से शुरू हो गया। साईं सेवा समिति के अध्यक्ष आनंद कुमार गुप्ता मुक्कू ने बताया कि 3 मई से 7 मई तक चलने वाले इस वार्षिक कार्यक्रम के दौरान साईं मंदिर परिसर में साईं भजन संध्या, हवन, आरती, भंडारे आदि के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# एसडीएम दफ्तर के बाहर सीएचसी अधीक्षक को पीटा, चार पर रिपोर्ट

**आरोपी वकील ने भी साथियों संग कोतवाली जाकर दी तहरीर, पुलिस कर रही जांच**

**सीएचसी अधीक्षक ने एसडीएम ऑफिस में घुसकर खुद को बचाया**

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ (खीरी),

**अमृत विचार:** उप जिलाधिकारी से मिलने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ तहसील गए सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार से एसडीएम दफ्तर के सामने ही कुछ लोगों ने गाली गलौज करते हुये हाथापाई की। हमलावरों ने बचाने आए ब्लाक कम्यूनिटी प्रोसेस मैनेजर (बीसीपीएम) योगेश कुमार की भी पिटाई कर दी। किसी तरह डॉ. गणेश कुमार और बीसीपीएम ने एसडीएम कार्यालय में घुसकर खुद का बचाव किया। कोतवाली पुलिस ने डॉ. गणेश की तहरीर पर दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उधर, शाम को आरोपी वकील मनोज श्रीवास्वत ने अपने साथियों के साथ कोतवाली पहुंचकर सीएचसी अधीक्षक पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह शनिवार को विभागीय कार्य के दस्तावेज लेकर स्वास्थ्य कर्मी योगेश कुमार के साथ तहसील में एसडीएम के पास गये थे। एसडीएम की अनुपस्थित में वह गेट पर पानी लेने चले गये। इसी दौरान मनोज श्रीवास्तव गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर वह उनके और योगेश के साथ भी गाली गलौज करते रहे। जिसकी सूचना देने वह और योगेश एसडीएम के स्टोनों के पास गये जहां पर फिर अभद्रता करने लगे। एसडीएम के अर्दली मुबारक ने डॉ गणेश से एसडीएम कार्यालय में जाने को कहा। तभी मनोज श्रीवास्तव और मनुज बाजपेई सहित अन्य लोग डॉ गणेश और योगेश के साथ मारपीट करने लगे। डॉ गणेश ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। दोनों लोगों को पुलिस अभिरक्षा में कोतवाली लाई जहां डॉ. गणेश ने वकील मनोज श्रीवास्तव, मनुज वाजपेयी और दो अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मनोज श्रीवास्तव, मनुज वाजपेयी और दो अज्ञात के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**आरोपियों ने पूर्व में भी दी थी धमकी :** सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार ने बताया कि 19 अप्रैल को जब विभागीय कार्य से तहसील गये थे। तब भी वकीलों ने गाली गलौज की थी और धमकी दी थी। शिकायत करने के बावजूद भी ठोस कार्रवाई न होने से आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए। अब उनकी जान का खतरा बन गया है। उन्होंने लिखित शिकायत सीओ, कोतवाली पुलिस और मुख्य चिकित्साधिकारी से कर चुके हैं। जिसमें पहले भी जानलेवा हमले की आशंका जताई थी।

**वकील ने आरोपों को निराधार बताया :** वकील मनोज श्रीवास्तव का कहना है कि डॉ. गणेश का आरोप गलत और निराधार है। उन्होंने किसी से भी कोई मारपीट नहीं की, जिस समय की घटना दिखाई जा रही है उस समय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी की सभा चल रही थी।



सीएचसी अधीक्षक पर हमले के विरोध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रदर्शन करतीं आशा बहुएं, संगिनी और स्टाफ।



तहरीर देकर बाहर आते वकील मनोज श्रीवास्तव।

### सीएचसी अधीक्षक के समर्थन में उतरे स्वास्थ्य कर्मी

सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश कुमार और बीसीपीएम योगेश कुमार पर अधिवक्ता और उनके सहयोगियों द्वारा मारपीट और धमकी प्रकरण में आशा बहुएं, आशा संगिनी, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विरोध प्रदर्शन कर उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भेज कर कार्रवाई की मांग की है। सीएचसी में विरोध प्रदर्शन कर रहे स्वास्थ्य कर्मचारियों का कहना है कि जब उनके अधिकारी सुरक्षित नहीं है तो वह लोग सुरक्षित कहां से होंगे। अगर आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार, डॉ शंकरदयाल गोस्वामी, डॉ अशोक बिहारी, दीपक मिश्रा, सचिन कुमार सहित तमाम आशा बहुएं और संगिनी मौजूद रहीं।

### वकीलों का सीएचसी अधीक्षक पर मारपीट करने का आरोप

तहसील के वकीलों ने सीएचसी अधीक्षक पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। वकील मनोज श्रीवास्तव का कहना है कि उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश को लेकर उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी है। मनोज श्रीवास्वत का कहना है कि शनिवार को वह तहसील में अपने तख्त पर वकील रचित पाठक के साथ बैठे एक मुकदमें में विचार विमर्श कर रहे थे तहसील में ही केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी की सभा की तैयारी चल रही थी। उसी समय डॉ. गणेश अपने दो तीन साथियों के साथ वहां पहुंचे और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। वकील तहरीर लेकर कोतवाली गए तो कोतवाल इंद्रजीत सिंह ने उन्हें टरकाने की कोशिश की। वकीलों का आक्रोश देख कोतवाल ने तहरीर तो ले ली, पर कहा कि कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों से बात करनी होगी। जिसे लेकर वकील गुस्से में आ गए कहा कि कार्यवाही न हुई तो आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। मनोज श्रीवास्तव के साथ संदीप अवस्थी, अशोक शुक्ला सहित कई वकील मौजूद रहे।

### वकीलों के साथ बैठक कर रहे थे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री

खास बात यह है कि जिस समय सीएचसी अधीक्षक और बीसीपीएम के साथ मारपीट की गई। उस समय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं सांसद अजय मिश्र टेनी तहसील परिसर में बार संघ सभागार में वकीलों के साथ बैठक कर रहे थे। हैरानी की बात यह है कि गृह राज्य मंत्री के आने के कारण तहसील परिसर में पर्याप्त पुलिस बल भी मौजूद था।

### ... और बंद मिले सीसीटीवी कैमरे

इसे सुरक्षा में चूक ही कहेंगे, क्योंकि घटना की हकीकत जानने के लिए पुलिस ने जब एसडीएम कक्ष और तहसील परिसर में सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो वे बंद मिले। बहरहाल, तहसील में एसडीएम चैंबर हो, यह अधिकारियों के कार्यालय सीसीटीवी कैमरे काम नहीं कर रहे हैं।

# घनश्याम हत्याकांड: हत्यारोपी पत्नी का चालान, प्रेमी नहीं आया हाथ

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना धौरहरा पुलिस ने गांव रानीपुरवा निवासी घनश्याम हत्याकांड में हिरासत में ली गई हत्यारोपी पत्नी का चालान कर दिया है, जबकि उसके के प्रेमी को पांचवे दिन भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

गांव रानीपुरवा मजरा हौकना मटेरा निवासी घनश्याम (45) ने 30 अप्रैल की रात अपनी पत्नी संगीता को उसके प्रेमी अर्जुन के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया था। इस पर पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर घनश्याम की गला दबाकर हत्या कर दी थी। अगले दिन चारपाई पर उसका शव पड़ा मिला था। पुलिस ने पत्नी संगीता देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने सच्चाई बता दी थी। तब से पुलिस उसके प्रेमी अर्जुन को तलाश रही थी, लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं आया। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी संगीता देवी का चालान कर दिया है।

# सात अंतर्जनपदीय बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता, मोहम्मदी

**▸▸ दो बाइक, पेचकस, चाबी, तमंचा और चाकू आदि बरामद**

**अमृत विचार :** थाना मोहम्मदी पुलिस ने शनिवार की रात अंतर्जनपदीय सात बदमाशों को लूट की योजना बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाशों शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, कानपुर के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो बाइक, तमंचा, चाकू व नकबजनी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण आदि भी बरामद किए हैं। सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार की रात एसआई बाबूराम टीम के साथ गश्त पर थे। मुखबिर की सूचना पर एसआई ने टीपीआरएस चौराहा से तुरकाटा रोड पर आम के बाग की घेराबंदी कर अंतर्जनपदीय शातिर बदमाशों अब्दुल गफ्फार निवासी जूही नेहरिया थाना वारा देवी, कानपुर नगर, सरफराज उर्फ कल्लू निवासी मोहल्ला नई बस्ती कस्बा व थाना मोहम्मदी, पवन पटेल निवासी मजीदपुर थाना पुवायां जिला शाहजहांपुर, प्रियांशु, सूरज कुमार भारती निवासी गौस गंज थाना कासिमपुर जिला हरदोई, रहीश निवासी मल्लावां पठान टोला चुंगी नं0 2 कोतवाली सदर हरदोई व दीपक वर्मा निवासी यशोदा नगर थाना नौबस्ता कानपुर नगर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश नगर के एक गोदाम को निशाना बनाने की फिराक में थे। आरोपियों के पास से एक तमंचा, एक जिंदा व एक मिस कारतूस, एक चाकू, आलानकब, दो बाइक, चाबी, पेचकस, प्लास आदि उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों का चालान भेजा है। सीओ ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश पवन पटेल के खिलाफ पुवायां में जानलेवा हमला, सूरज के खिलाफ हरदोई के कासिमपुर थाने में आर्म्स एक्ट, उन्नाव के थाना गंगाघाट पर गफ्फार के खिलाफ आर्म्स एक्ट और हरीश के खिलाफ गाजियाबाद के थाना विजयनगर पर चोरी का मामला दर्ज है।

# जिला अस्पताल : मरीजों के बैठने तक का नहीं इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**▸▸ हावी अव्यवस्थाओं से रोगी व तीमारदार होते हैं परेशान**

**▸▸ ओपीडी परिसर में मात्र तीन सीटर पड़ी हैं दस बेंचे**

**अमृत विचार:** योगी सरकार चिकित्सीय सुविधा के नाम पर भले ही करोड़ों रूपये खर्च कर रही हो, लेकिन जिला अस्पताल में मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए बैठने तक की व्यवस्था नहीं है। ओपीडी कक्ष में गिनती मात्र दस बेंचे पड़ी हैं, जो मरीजों के लिए ही नाकाफी है। ऐसे में बीमारी से परेशान मरीज और तीमारदार जमीन पर बैठकर अपनी बारी आने का इंतजार करने के लिए मजबूर हैं।

मोतीपुर में करीब सौ करोड़ की लागत मातृ एवं शिशु कल्याण अस्पताल यानि एमसीएच विंग है। हालांकि इसमें अभी जिला अस्पताल चल रहा है। करोड़ों की लागत से बने अस्पताल में मरीजों से लेकर तीमारदारों के लिए बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के दोव किए जा रहे थे, लेकिन हकीकत यह है कि एमसीएच पहुंचने पर मरीजों की मुश्किलें और बढ़ जाती है। ओपीडी के बाहर न तो मरीजों को बैठने के लिए कुर्सियां मिलती है और न ही उनके तीमारदारों को। ऐसे में डॉक्टर के इंतजार में मजबूरन मरीजों और उनके परिजनों को फर्श पर बैठकर अपनी बारी आने तक इंतजार करना पड़ता है। उधर, दो सौ बेड के एमसीएच विंग में जिला अस्पताल शिफ्ट होने के बाद लखीमपुर के ही नहीं, बल्कि सीतापुर जिले की लहरपुर और हरगांव तहसील के सीमावर्ती गांवों के तमाम मरीज इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचते हैं। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक हर रोज जिला अस्पताल में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के 1000 से 1200 मरीज पंजीकरण कराते हैं।





पर्चा काउंटर पर पंजीकरण के लिए मौजूद मरीज व तीमारदार।

### पर्चा काउंटर से लेकर ओपीडी के बाहर खड़े रहते हैं लोग

जिला अस्पताल में मरीज रजिस्ट्रेशन खिड़की से लेकर फिजिशियन, मानसिक रोग, अस्थि रोग, सर्जरी विशेषज्ञों से लेकर शिशु रोग, स्किन रोग, नेत्र रोग, दंत विभाग आदि ओपीडी से लेकर जांच केंद्र के सामने मरीज या फिर उनके तीमारदारों को खड़ा ही रहना पड़ता है।

### नाकाफी हैं अस्पताल में पड़ी गिनती की बेंचे

जिला अस्पताल में गिनती की तीन सीटर बेंचे पड़ी हैं। जबकि 1000 से 1200 मरीजों रोजाना अस्पताल में दवा लेने के लिए पंजीकरण कराते हैं। वहीं 700 से 800 मरीज पुराने पर्चे पर दवा लेने के लिए आते हैं। अस्पताल आने वाले मरीजों की तादाद को देखते हुए यह व्यवस्था नाकाफी है। अस्पताल परिसर में कहीं पर भी मरीज और उनके परिजनों के लिए बैठने का इंतजाम नहीं है। मजबूरन मरीज अपने तीमारदारों के साथ परेशान होकर जमीन पर बैठते हैं।

### 30 से 40 मरीजों के बैठने का इंतजाम

जिला अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर पर नौ कमरे हैं। इन सभी में डॉक्टर बैठते हैं, जिनको दिखाने के लिए रोजाना सात से आठ सौ मरीज पहुंचते हैं। नौ डॉक्टरों के ओपीडी कक्ष के सामने मात्र 30 से 40 मरीजों के ही बैठने के इंतजाम हैं। ऐसे में अधिकतर मरीज परेशान होकर फर्श पर बैठने के लिए मजबूर होते है।

### बुजुर्गों को होती है सबसे ज्यादा परेशानी

जिरियाट्रिक फिजिशियन के पास साठ साल से अधिक उम्र के मरीज पहुंचते हैं। अस्वस्थ होने के कारण इनका पांच से दस मिनट तक खड़ा रहना मुश्किल होता है। डॉक्टर के राउंड पर होने से बुजुर्ग मरीज एक से डेढ़ घंटे तक इंतजार करने के लिए मजबूर हो जाते हैं। ऐसे में इनका जमीन पर बैठना मजबूरी बन जाता है।



अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रयास निरंतर जारी है। बेंच बनवाई जा रही है। इनके साथ जल्द ही नई बेंच डलवाई जाएंगी, जिससे मरीजों को जमीन पर न बैठना पड़े।
–डॉ. आरके कोली, सीएमएस जिला अस्पताल

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

# छात्राओं ने पहले मतदान फिर जलपान का दिया संदेश

## लोकसभा चुनावः शत प्रतिशत मतदान के लिए छात्राओं ने किया जागरूक, नुक्कड़ नाटक से लेकर शहर में निकाली जागरूकता रैली

कार्यालय संवाददाता लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले की खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट पर 13 मई को मतदान होगा। इसमें अब सिर्फ आठ दिन ही शेष हैं। लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए जिला प्रशासन एड़ी चोटी का जोर लगाए है।

साल 2019 के लोकसभा चुनाव में 64.22 फीसद वोट पड़े थे। इस बार इससे अधिक मतदान कराने के लिए जिलेवासियों को विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है।

जिला प्रशासन इस क्रम में शनिवार को विभिन्न स्कूल और कॉलेज की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से लेकर जागरूकता रैली निकालकर शहरवासियों को लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने पहले मतदान फिर जलपान करने का संदेश देकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।



मतदाता जागरूकता रैली निकालते स्कूली बच्चे।

### नवभारत पब्लिक स्कूल के बच्चों ने निकाली रैली

लोकंतत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए नवभारत पब्लिक स्कूल महेवागंज के छात्रों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। प्रबंधक स्वर्ण सिंह कंबोज व प्रधानाचार्य रामनरेश मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें करीब 1400 बच्चे शामिल हुए। बच्चों ने लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। रैली में जरनैल सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर जसप्रीत सिंह व कोऑर्डिनेटर राकेश वर्मा, निधि दीक्षित मौजूद रहीं।

### छात्राओं को मतदान कराने का प्राचार्य ने दिलाया संकल्प

भगवानदीन आर्य कन्या महाविद्यालय में शनिवार प्राचार्य प्रोफेसर वीणा गोपाल मिश्रा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली। इससे पहले प प्राचार्य ने छात्राओं का मतदान करने और अपने आस पास रहने वालों का भी वोट डलवाने का संकल्प दिलाया। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति के निर्देश पर महाविद्यालय प्रशासन ने मिश्राना वार्ड को गोद लेकर लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने 13 मई को शत प्रतिशत मतदान कराकर संसदीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद शहर में रैली निकाली। प्रोफेसर गीता शुक्ला, सुशीला देवी, डॉ. रेखा पांडे, डॉ. सुरचना त्रिवेदी, अर्चना सिंह, डॉ. क्षमा तिवारी, डॉ. प्रियंका सिंह, सविता शुक्ला व पूजा शुक्ला शामिल रहीं।



आर्य कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को मतदान का संकल्प दिलाती प्राचार्य।

### छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर वोट डालने की अपील की

गुरुनानक विधक सभा कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएं लोकतंत्र के महापर्व में सभी वोटरों की भागादारी सुनिश्चित करने के लिए नुक्कड नाटक कर जागरूक कर रही हैं। शनिवार को छात्राओं ने डीआईओएस कार्यालय पहुंचकर नुक्कड नाटक पेश कर लोगों से वोट डालने की अपील की। छात्राओं ने 13 मई को सारे काम छोड़कर पहले वोट डालने का नारा दिया। लोकतंत्र के महापर्व में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए छात्राओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों की डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने सराहना की। स्टेनो उमाकांत मिश्रा, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।



### रैली निकालकर पहले मतदान का दिया संदेश

राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं और शिक्षिकाओं ने शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली, जिसे प्रधानाचार्य डॉ. शालिनी दुबे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शहर के प्रमुख मार्गों से से निकली रैली में शामिल छात्राओं ने राहगीरों को पहले मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मतदाता जागरूकता की नोडल रंजना वर्मा, पूनम शर्मा, शशि तिवारी, निखत परवीन, दीपिका वर्मा, रितु वर्मा आदि शामिल हुई।




### जर्जर सड़क को लेकर वोट न डालने का एलान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : जिले के ब्लाक बिजुआ और तहसील गोला क्षेत्र में कहीं बिजली-पानी तो कही जर्जर सड़क को लेकर वोट न डालने का ऐलान कर दिया गया है। बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में बहिष्कार करने का ऐलान करते हुए बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन किया है। वहीं, गोला क्षेत्र में क्षेत्र की सड़कों के निर्माण की मांग को लेकर मतदाता रोड नहींतो वोट नहीं पर अड़े हैं। तहसीलदार ने चंद लोगों के साथ बैठक कर उनको समझाकर मतदान करने की सहमत ली है। उधर, गोला के मोहल्ला मुन्नूगंज में पुराने रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण से परेशान होकर मोहल्ला मुन्नूगंज वासियों ने इस बार लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के समक्ष सुगम रास्ते की मांग रखी है। अन्यथा इस बार वोट न डालने का ऐलान किया है।

'कोई भी मतदाता न छूटे'

**अनुलग्नक- 47**

**प्रारूप C-1 से 8 तथा C A, प्रारूप C-1**

**आपराधिक प्रकरणी के सम्बंध में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और औसे बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यार्थी का नाम और पता **मुकेश कुमार, नि0- ग्राम रानी नगर कालोनी, पोस्ट बसही थाना- सम्पूर्णनगर, जिला-खीरी,** राजनीतिक दल का नाम **राष्ट्रीय विकल्प पार्टी**
**(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय लिखें)**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम: 28 **खीरी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024**

मैं **मुकेश कुमार** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ।

A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र0 सं0 | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओ) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यायालय श्रीमान ACJM-5 महोदय खीरी | अपराध संख्या 246/2014 सरकार V/s मुकेश कुमार | वाद विचाराधी न हाजिरी | U/S504/506IPC गाली-गलौज करना व धमकी |
| 2 | विवेचना प्रचलित | अपराध संख्या 03/2024 सरकार V/s बृजराज आदि | विवेचना जारी | U/S 147, 336, 353 IPC पथराव करना व सरकारी काम में बाधा डालना |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र0 सं0 | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|

# कोटेदार ने बाजार में बेच दिया राशन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** तमाम प्रयासों के बाद भी सरकारी कोटे की दुकानों पर कालाबाजारी रुकने का नाम नहीं ले रही है। विकासखंड बेहजम के गांव अमघट में कोटेदार ने वितरण करने की बजाय 33.98 क्विंटल गेहूं, 62.23 क्विंटल चावल व 63 किलोग्राम चीनी बाजार में बेच दी। मितौली पूर्ति निरीक्षक ने दुकान का औचक निरीक्षण किया तो खुलासा हुआ। डीएम की अनुमति के बाद थाना नीमगांव पुलिस ने पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर आरोपी कोटेदार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

**पूर्ति निरीक्षक के औचक निरीक्षण में हुआ खुलासा**

मितौली के पूर्ति निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि उन्होंने 27 अप्रैल 24 को विकास खंड बेहजम की ग्राम पंचायत अमघट स्थित सरकारी कोटे की दुकान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान बंद पाई गई। कोटेदार रामनरेश को बुलाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण में भारी मात्रा में गड़बड़ी पकड़ी गई। एमडीएम के संबंध में प्राथमिक विद्यालय कौरैया तालुकेदार की सहायक अध्यापक इंचार्ज शिल्पा शर्मा से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि कोटेदार ने माह जनवरी से मार्च तक सत्र 2023-2024 के लिए 01.07 क्विंटल चावल व 02.61 क्विंटल गेहूं नहीं दिया है।

पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि जनकल्याणकारी योजना के अन्तर्गत सस्ते दर पर उपलब्ध कराये जानें वाले खाद्यान्न हेतु गेहूं 33.98 क्विंटल, चावल 62.23 क्विंटल व चीनी 0.63 क्विंटल का दुरुपयोग करते हुए कालाबाजारी की गई है। उन्होंने जांच रिपोर्ट डीएम को सौंपी थी। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अनुमति मिलने के बाद कोटेदार के खिलाफ थाना नीमगांव पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने कोटेदार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

### रोड नहीं तो वोट नहीं पर अड़े मतदाता

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : गोला क्षेत्र में क्षेत्र की सड़कों के निर्माण की मांग को लेकर मतदाता रोड नहीं तो वोट नहीं पर अड़े हैं। हालांकि तहसीलदार ने मझिगवां के सचिवालय में कुछ लोगों के साथ बैठक कर भरोसा दिया है कि लोकसभा चुनाव के बाद वह मंडी समिति से सड़क का निर्माण करा देंगे, जिस पर अधिकांश लोग राजी नहीं हुए। जबकि तहसीलदार का कहना है कि लोगों ने मतदान के लिए सहमति जताई है। दरअसल, सामूहिक पंचायत में ग्राम मूड़ा विष्णु, मझिगवां, बेलवा, मुगलाखेड़ा, भरतपुर समेत कई अन्य गांव के लोगों ने क्षेत्र के संपर्क मार्गों की प्रमुख समस्या को लेकर कहा था कि मझिगवां से बैदाखेड़ा तक पांच किलोमीटर का मार्ग और मूड़ा विष्णु से घरथनिया, अजान रोड तक संपर्क मार्ग एक किलोमीटर सड़क का निर्माण भी नहीं कराया गया।

# डीआरएम पहुंचे गोला स्टेशन सौंदर्यीकरण का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने शनिवार को मुख्य परियोजना प्रबंधक राघवेंद्र कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के गोला स्टेशन पर हो रहे निर्माण एवं स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के तहत कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत कराए जा रहे विकास कार्य का मानचित्र के साथ रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाओं के आधुनिकीकरण व अपग्रेडेशन कार्य का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से

**निर्धारित समय पर काम पूरा करने के दिए निर्देश**

सवाल जवाब कर पुनर्विकास कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म व यात्री प्रतीक्षालय का जायजा लेकर कार्य निर्धारित समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बता दें कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गोला गोकर्णनाथ स्टेशन का छह करोड़ पैंसठ लाख की लागत से सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। उप मुख्य इंजीनियर, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, सहायक विद्युत इंजीनियर आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम **उदय भान भारती उर्फ उदय भान पुत्र लक्ष्मन प्रसाद निवासी केशव नगर ग्रांट पश्चिमी तहसील मनकापुर** का हूं। मेरे उपरोक्त दोनों नाम है। अतः मुझे दोनों नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **आमीना पत्नी स्व0 मो0 रफीक, निवासी- ग्राम ओदरहना महेवागंज, थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी** मेरा पुत्र मो0 आलम पुत्र स्व0 मो0 रफीक मेरी देखरेख करते है तथा खाना कपड़ा की व्यवस्था करते है मै अपने पुत्र के व्यवहार से काफी खुश है। मैं अपने पुत्र को अपनी चल अचल सम्पत्ति में हिस्सेदार व हकदार मानती है तथा मेरी सम्पूर्ण सम्पत्ति में मेरा पुत्र मो0 आलम हकदार रहेगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **मौसिम खान पुत्र मुस्तकीम खान, निवासी- 271 फिरोज गाँधी नगर, जिला रायबरेली** ,मेरे सभी सरकारी अभिलेखों (आधार कार्ड आदि) में मेरा नाम मौसिम खान (MOUSIM KHAN) दर्ज है जबकि मेरे अंकपत्र व प्रमाण पत्र में मेरा नाम त्रुटिवश मोसिम खान (MOSIM KHAN) अंकित हो गया है। अत: मैने अपना नाम समस्त प्रपत्र में मौसिम खान (MOUSIM KHAN) ही रखना चाहता है। अतः मुझे आज की तारीख से (MOUSIM KHAN) मौसिम खान के ही नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जायें।

**सूचना**

सूच्य हो कि एलआईसी की पालिसी संख्या 213420263 भूपेंद्र कुमार मिश्रा के नाम है अन्य अभिलेखों में बीमाधारक का नाम अरविंद कुमार मिश्रा है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।- **अरविंद कुमार मिश्रा पुत्र रामचंदर मिश्रा, निवासी बाल्हाराई पोस्ट-नगवा जिला गोंडा**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **आमीना पत्नी स्व0 मो0 रफीक, निवासी- ग्राम ओदरहना महेवागंज, थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी** मेरा पुत्र मो0 आजम उर्फ अब्दुल रहमान पुत्र स्व0 मो0 रफीक मेरी देखरेख करते है तथा खाना कपड़ा की व्यवस्था करते है मै अपने पुत्र के व्यवहार से काफी खुश है। मैं अपने पुत्र को अपनी चल अचल सम्पत्ति में हिस्सेदार व हकदार मानती है तथा मेरी सम्पूर्ण सम्पत्ति में मेरा पुत्र मो0 आजम उर्फ अब्दुल रहमान हकदार रहेगा।

**सूचना**

मैं शिव शंकर पुत्र छोटेलाल निवासी भरसना तहसील डलमऊ जनपद रायबरेली का निवासी हूं। मैं अपने पुत्र रमेश कुमार के गलत आचरण, चाल चलन व व्यवहार के कारण मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरा नाम सिद्दीकी मो . आदिल कमरूल हसन था । जिसे परिवर्तित करके अब मो . आदिल सिद्दीकी कर दिया गया है । अतः अब मुझे मो . आदिल सिद्दीकी के नाम से जाना , पहचाना व समझा जाए । मो . आदिल सिद्दीकी पुत्र कमरूल हसन सिद्दीकी निवासी ग्राम - जलालपुर धई थाना - गदागंज प. व तहसील - डलमऊ रायबरेली

### खो-खो प्रतियोगिता में गुरुकुल एकेडमी की जीत

संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार : नगर की दुधवा रोड पर स्थित प्रमुख शिक्षण संस्था गुरुकुल एकेडमी में शनिवार को एसोसिएशन ऑफ इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने कई विद्यालयों के छात्रों की खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की। खो-खो प्रतियोगिता में अंडर- 14, अंडर 17 व अंडर-19 वर्ग की टीमों ने प्रतिभाग किया। पहली प्रतियोगिता गुरुकुल एकेडमी व विवेकानंद एकेडमी भीरा के बीच हुई। गुरुकुल टीम ने 16 अंकों की बढ़त बनाकर मैच अपने नाम किया, जबकि अंडर 17 की टीम में गुरुकुल टीम ने जीत हासिल किया। अंडर-14 में गुरुकुल एकेडमी ने 12 अंकों की बढ़त से जीती। जीके. सिटी मांटेसरी बरेली टीम इसमें रनर अप रही। जिमी, रिषभ, नमन शेखर, दीपांजल, धीरेन्द्र, आदर्श, संस्कार, अविराज, कश्मीर, शिवम्, प्रभात, अभिमन्यु, अमान अली व निहाल ने अंडर-17 के लिए प्रतिभाग किया, जबकि अंशदीप, अयांश, मनराज, जकीउर्रहमान, एकम सिंह, निहाल आदि अंडर-14 में शामिल रहे।

# सिर्फ दो कुंडलों की बरामदगी.. और पांच घटनाओं का खुलासा

टीएन अवस्थी, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** मोहम्मदी पुलिस ने शुक्रवार को अंतरजनपदीय चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लूट चोरी की पांच घटनाओं का खुलासा कर एक जोड़ी कुंडल और 10,050 रुपये की नगदी बरामद होने का दावा किया था, लेकिन लोग पुलिस के इस खुलासे पर हैरानी जता रहे हैं। उनका कहना है कि जनवरी से लेकर अब तक पांच चोरी की घटनाएं हुईं, जिनमें एक महिला से कुंडल लूटे जाने और एक युवक की जेब से एक लाख रुपये की नगदी चोरी की भी घटना शामिल है।

चोर एक घर से जेवरों के साथ 95 हजार रुपये की नगदी भी चोरी कर ले गए थे, लेकिन पुलिस बरामदगी के नाम पर सिर्फ एक जोड़ी कुंडल और 10,050 हजार रुपये बरामद कर चुकी है।

**शाबास मोहम्मदी पुलिस**

**पांचों वारदातों में 1,95000 की नगदी और दो लाख से अधिक के गहने हुए थे चोरी**

**खुलासे में मंदिरों में हुई चोरी की दो घटनाएं भी शामिल**

पुलिस का कहना है कि जेल भेजे गए बदमाश इकरार व विनोद ने 16 अप्रैल 24 को गोला रोड पर सिंह ढाबे के पास एक व्यक्ति की जेब काटकर एक लाख रुपये निकाले थे। उसके बाद उसी दिन गदमापुर पुलिया के पास सविता देवी के कुंडल नोच कर बाइक से भाग निकले थे। बदमाशों के पास बरामद कुंडल इसी महिला के थे। इससे पहले दोनों बदमाशों ने अपने साथी साबिर, शिशुपाल, करमुल्ला उर्फ राजू उर्फ राजेश के साथ मिलकर ग्राम शंकरपुर राजा के एक घर में चोरी की थी। दो दिन पहले पलिया में बने शिव मंदिर व शाहपुर राजा मे बने हनुमान मंदिर के दान पात्र से चोरी की थी, लेकिन बरामदगी में सिर्फ एक जोड़ी कुंडल मिलने से लोग पुलिस के खुलासे पर सवाल उठा रहे हैं।

> गिरफ्तार बदमाशों ने पांचों घटनाएं कबूली हैं। जेवर बेचने के बाद मिले रुपये और नगदी आपस में बांटकर खर्च करने की बात बताई है। अभी इस मामले का एक आरोपी भागा है, उसको पुलिस तलाश कर रही है। **-अरुण कुमार सिंह, सीओ मोहम्मदी**

**इन घटनाओं का हुआ खुलासा**

**केस : एक**

16 जनवरी 24 की रात चोर गांव शंकरपुर राजा निवासी राजपाल सिंह के घर घुस गए थे। चोर यहां से 95000 रुपये की नगदी, सोने की दो जंजीर, पांच अंगूठी, एक जोड़ी झुमकी और चार जोड़ी पायल चोरी कर ले गए थे।

**केस : दो**

16 अप्रैल 24 को थाना मैगलगंज के गांव भगौतीपुर निवासी गल्ला व्यापारी महेश प्रसाद शाहजहांपुर से गेहूं बेचकर एक लाख रुपये लेकर घर जा रहा था। सिंह ढाबे के निकट बाइक सवार दो बदमाश नगदी लूटकर भाग निकले थे।

**केस : तीन**

16 अप्रैल 24 को ही कोतवाली मोहम्मदी के गांव गदमापुर निवासी सविता देवी पैदल घर जा रही थी। दोपहर एक बजे के करीब बाइक से आए दो बदमाश उसके कान के कुंडल नोच कर भाग निकले थे। पुलिस ने धमकाकर कुंडल ले जाने की रिपोर्ट दर्ज की थी।

**केस : चार**

30 अप्रैल 24 की रात चोरों ने गांव राजापुर बेनी में स्थित शिव मंदिर का ताला तोड़ दिया था और उसमें रखे दानपात्र का ताला तोड़कर नगदी चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने गांव के ही विशोक कुमार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की थी।

**केस : पांच**

30 अप्रैल 24 की रात में चोरों ने गांव शाहपुर राजा स्थित हनुमान मंदिर ताला तोड़ दिया था। कुल्हाड़ी से अन्य कमरों के दरवाजे क्षतिग्रस्त कर दिए थे। दानपात्र से 200 रुपये की नगदी चोरी कर ले गए थे।

### बच्चों ने स्विमिंग सूट पहनकर किड्स पूल में लिया आनंद



लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी में शहर के लखनऊ पब्लिक स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्विमिंग सूट पहनकर किड्स पूल में भरपूर आनंद लिया। पूल में सभी बच्चों गर्मी से राहत पाकर खुश नजर आए। अपने बच्चों को किड्स पूल में जल मे खेलते हुए देखकर अभिभावक भी प्रसन्न दिखे। पिछले वर्ष विद्यालय परिसर में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए नवनिर्मित किड्स पूल का उद्घाटन विद्यालय संस्थापक एवं महाप्रबंधक डॉ. एसपी सिंह ने किया था, ताकि बड़े बच्चों की भांति नन्हे-मुन्ने बच्चे भी स्विमिंग का भरपूर आनंद ले सकें। प्राइमरी विंग की इंचार्ज नेहा मेहरोत्रा ने सभी सुरक्षा मानकों एवं शिक्षिकाओं की देखरेख में बच्चों की स्विमिंग संपन्न कराई। उन्हें स्विमिंग की आवश्यक बातें भी बतायी। इस दौरान प्रधानाचार्य विजय सचदेवा भी मौजूद रहे।

# एएमओ की टीम ने आढ़तों पर मारा छापा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** राइस मिलों और आढ़तियों के यहां धान का स्टाक चेक करने के लिए शनिवार को एएमओ के नेतृत्व में टीम गोला पहुंची। टीम ने आढ़तों पर पहुंच कर स्टाक चेक किया। एक आढ़ती के यहां रिकार्ड पूरा न होने पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

किसानों का रुख मंडी के सेन्टरों की तरफ नहीं है। अब वह अपनी रोड के राइस मिलों पर गेहूं बेच रहे हैं। वहां उन्हें तुरंत नकद भुगतान भी मिल रहा है। इससे गेहूं खरीद केंद्रों पर सन्नाटा पसरा है। सेंटर इंचार्ज हाथ पर हाथ धरे बैठे किसानों का इंतजार कर रहे हैं, पर वहां कोई गेहूं बेचने नहीं जा रहा है। स्टॉक की जांच के लिए समिति गठित कर दी गई। अगर वहां 5000 क्विंटल से ज्यादा गेहूं का स्टॉक मिला तो कार्रवाई की जाएगी। एक अप्रैल से गेहूं खरीद केंद्र शुरू किए गए थे। गोला तहसील में 35 गेहूं खरीद केंद्र स्थापित हैं। जिसमें कृषि उत्पादन मंडी समिति में ही विभिन्न एजेंसियों के 23 गेहूं खरीद केंद्र खोले गए थे। धान मिलों पर गेहूं की खरीद शुरू होने के बाद वहां किसानों की भीड़ लगने लगी। किसान अपने नजदीकी राइस मिल पर पहुंचकर अपनी फसल बेचकर नगद दाम ले रहे हैं। शनिवार को एएमओ सुभाष चंद्रा, मण्डी सचिव तथा एमआई के साथ आढ़तियों के यहां छापा मारा। अलीगंज रोड पर शिव ट्रेडिंग, मां वैष्णो ट्रेडिंग कंपनी, किसान सेवा केन्द्र, मूंडा सरावन, अरविंद इन्टर प्राइजेज, गोगावा चौराहा, विजुआ रोड़ पर छापा मारा। शिव ट्रेंडिंग पर स्टाक के कोई कागजात न होने पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

# लखीमपुर डिपो तक रोडवेज बसों के न लाने पर केस

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** एलआरपी चौराहा से शहर में स्थित बस अड्डे तक बसों को न लाना रोडवेज कर्मचारियों को महंगा पड़ गया है। गोला गोकर्णनाथ के रहने वाले एक दैनिक यात्री की दाखिल की गई शिकायत पर सुनवाई करने के बाद सीजेएम ने गोला कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिए हैं।

गोला गोकर्णनाथ निवासी प्रमोद कुमार पांडेय ने कोर्ट को अर्जी देकर बताया था कि वह प्राइवेट नौकरी करती है। उसका प्रतिदिन लखीमपुर आना-जाना रहता है।

**मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने यात्री की दाखिल की गई शिकायत पर दिया आदेश**

> जिन्होंने वाद दायर कराया है। उन्होंने गोला डिपो को व्यक्तिगत रूप से लिया है, जबकि उन्हें अन्य डिपो को भी इसमें शामिल कराना चाहिए था। फिलहाल मामले की जांच होगी और सभी सवालों के जवाब भी दिए जाएंगे। **-महेश चंद्र कमल, एआरएम गोला डिपो**

गोला डिपो से लखीमपुर डिपो की दूरी 39 किलोमीटर है। गोला से लखीमपुर आने वाले यात्री 54 रुपये किराया देते हैं। इसके बाद भी चालक और परिचालक बसों को लखीमपुर डिपो तक नहीं ले जाते। एलआरपी चौराहा से लखनऊ और गोला के लिए चली जाती हैं। इससे यात्रियों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ती हैं। साथ ही अतिरिक्त किराया भी वहन करना पड़ता है। इन बसों की लखीमपुर डिपो में आमद भी दर्ज नहीं है। आरोप है कि यह सब घोटाला काफी लंबे समय से गोला डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक की सांठगांठ से हो रहा है। कोर्ट ने इसे गंभीरता से लिया है और गोला कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए हैं।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

**APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES**

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

**Last Date of Receiving Application :** 20th May, 2024
**Application Submission Address :** To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
**Visit University Website :** www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# साहिबान संभलकर, जान ले सकते हैं गड्ढे

## गांव की सड़कों से बदतर है जिले का स्टेट हाईवे, बीते रविवार सड़क का गड्ढ़ा लील गया 10 बेकसूरों की जान

बृजेंद्र प्रताप सिंह, सफीपुर



क्षतिग्रस्त उन्नाव-हरदोई हाईवे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीते कई वर्षों से उन्नाव-हरदोई स्टेट हाईवे पर सिर्फ और सिर्फ गड्ढे नजर आते हैं। इस स्टेट हाईवे से दिन पर जहां कई-कई बार स्थानीय विधायकों को आवागमन होता है। वहीं वीआईपी व वीवीआईपी सहित आलाधिकारी भी गुजरते रहते हैं। इसके बावजूद पीडब्ल्यूडी कुंभकर्णी नींद में सोया है, जबकि गड्ढ़े मार्ग दुर्घटना का कारण बनकर लोगों की जिंदगी छीनते रहते हैं। उन्नाव-हरदोई मार्ग की जिले में कुल लंबाई लगभग 65 किलोमीटर है। कहने को तो कागजों पर इस सड़क को राज्यमार्ग (स्टेट हाईवे) का दर्जा प्राप्त है, लेकिन इसकी हालत सामान्य सड़कों से अधिक बदहाल है।

**पांच दिन पूर्व हुए हादसे में गई हैं कई जान:** वाहनों की रफ्तार के साथ सड़क के गड्ढों को बीते रविवार हुई मार्ग दुर्घटना की वजह मानी जा रही है। इस सड़क पर दोनों ओर से एक-एक वाहन ही निकल सकता है। राज्यमार्ग होने के बाद भी सड़क पर जगह-जगह गड्ढे.ही गड्ढ़े दिखाई देते हैं। यही नहीं मात्र 65 किलोमीटर लंबी सड़क पर अलग-अलग स्थानों पर चार संकरी पुलिया हैं, जिन पर एक बार में एक ही वाहन निकल पाता है। गड्ढ़े को ही से तहसील मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर दूर जमालुद्दीनपुर गांव में हुई मार्ग दुर्घटना होने का बड़ा कारण बताया जा रहा है, जिसमें 10 से अधिक घायल काल के गाल में समा चुके हैं।

### परिवहन मंत्री है जिले के प्रभारी मंत्री

- परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह इस जिले के प्रभारी हैं। इसके बावजूद वह सड़क को दुर्दशा से निजात नहीं दिला सके हैं, जिससे इस रूट पर चलने वाली परिवहन विभाग की कई बसे अन्य रास्तों खासकर कन्नौज होकर गंतव्य की ओर निकल जाती हैं। हालांकि सांसद-विधायक विकास का ढिंढोरा पीटते रहते हैं, जबकि यह सड़क जिले के विकास को आईना दिखा रही है।

### क्या कहते हैं दैनिक यात्री



तहसील क्षेत्र से प्रतिदिन जिला मुख्यालय आवागमन करने वाले वीरेंद्र कुमार मिश्रा सफर करते समय भयभीत रहने का दावा करते हैं। उन्होंने कहा कि इस स्टेट हाईवे से क्षेत्र के कुछ गांवों को जोड़ने वाली सड़कें ही नहीं खड़ंजा मार्ग भी बेहतर सफर का एहसास कराते हैं। साथ ही जोड़ा की सदर व बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र की तुलना में सफीपुर क्षेत्र अंतर्गत अधिक गड्ढे हैं।



भारत विकास परिषद के महासचिव हरपाल सिंह ने कहा कि यह सड़क जनप्रतिनिधियों की शासन-सत्ता में हैसियत उजागर करती है। वह बताते हैं कि डर की वजह से वह इस रोड पर आवागमन करने से बचते हैं। सफर करना जरूरी होने पर परिवार के लोग फोन पर कुशलता की जानकारी प्राप्त करते रहते हैं। अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेना चाहिए।

### बोले जिम्मेदार

लोक निर्माण विभाग खंड-एक के एक्सईएन सुबोध कुमार ने बताया कि मार्ग की मरम्मत का प्रस्ताव शासन भेजा जा चुका है। चुनाव के कारण स्वीकृति नहीं मिली है। बजट मिलते ही मरम्मत शुरू कराई जाएगी।

### चुनाव के समय कई बार हो चुका है फोर लेन बनाने का वादा

- लोकसभा व विधानसभा चुनाव के समय प्राय: इस हाईवे को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कराने का सब्जबाग दिखाया जाता है, लेकिन चुनाव समाप्त होने के साथ यह मुद्दा ठंढ़े बस्ते में चला जाता है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यह सिलसिला एक दशक से जारी है। मौजूदा भाजपा प्रत्याशी भी कई बार केंद्र सरकार में पैरवी कर राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा दिलाने का वादा कर चुके हैं।

# सर्राफ के पास फर्जी क्राइम ब्रांच से आया फोन

**फतेहपुर।** चौक बाजार में उस समय हड़कंप मच गया जब सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पप्पन रस्तोगी के पास शुक्रवार शाम एक फोन आया। बताया जा रहा है कि कॉल करने वाले शख्स ने अपने आप को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए कहने लगा कि आपका बेटा शिखर है उसने दो लड़के के साथ मिलकर एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है।

सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष और ज्वैलर्स पप्पन रस्तोगी सदर कोतवाली के मसवानी में रहते हैं। चौक बाजार में उनकी ज्वैलर्स की दुकान है। उन्होंने बताया शुक्रवार शाम उनके फोन पर किसी शख्स ने व्हाट्सएप कॉल किया और अपने आप को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए कहने लगा की आपके बेटे ने दो लड़कों के साथ मिलकर एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि पहले तो उन्हें कुछ घबराहट महसूस हुई लेकिन फिर उस व्यक्ति को खूब खरीखोटी सुनाना शुरू किया तो उसने तुरंत फोन काट दिया।

# ट्रेनिंग में गैरहाजिर रहे कर्मियों का वेतन रोकने के आदेश

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- शनिवार को मतदान कार्मियों को दिया गया प्रशिक्षण
- प्रशिक्षण देने के साथ कक्षों में परीक्षा भी कराई गई

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर पूरनदास नगर में सुबह 9 से अपराह्न 1 बजे तक व अपराह्न 2 से शाम 6 बजे तक दो पालियों में कराया गया। दो पालियों में 1576 पीठासीन प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान अधिकारियों को

निर्वाचन प्रक्रिया व ईवीएम संचालन का प्रशिक्षण सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग इंजीनियर जयसिंह व ज़िला प्रशिक्षण अधिकारी रामबहल ने एलईडी व प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया। इसके बाद 30 कक्षों में तैनात तीन-तीन मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईवीएम का प्रायोगिक प्रशिक्षण देने के साथ कक्षों में परीक्षा भी कराई गई।

प्रशिक्षण के दौरान सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने कार्मिकों को बताया कि बूथों पर आवश्यक सुविधाएं बेहतर की जा रही हैं ताकि मतदान कार्मिकों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। शनिवार शाम 4 बजे से प्रेक्षक बाबू ए व डीएम/ज़िला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने सभी ज़ोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट व प्रशिक्षण ले रहे कार्मिकों को मतदान के संबंध में कई बिंदुओं पर विस्तृत जानकारियां दीं। प्रेक्षक ने कहा कि सभी कार्मिक अच्छी तरह से प्रशिक्षण लें और निर्वाचन को पूर्ण सुचिता से सकुशल संपन्न कराएं। सभी को संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी होनी चाहिए। निर्वाचन के दौरान सभी कार्मिक आपसी समन्वय से कार्य करें। अनुपस्थित रहे 34 कार्मिकों के विरुद्ध वेतन रोकने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान ज़िला विकास अधिकारी संजय कुमार पांडेय, डीओ पीआरडी व डीसी मनरेगा आदि उपस्थित रहे। एलईडी संचालन दिलीप कुमार जेई एमआई ने कराया।

# पूरे देश की पूंजी केवल दो प्रतिशत पूंजीपतियों के कब्जे में: अन्नू टंडन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



जनमानस से समर्थन मांगतीं सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अन्नू टंडन ने सदर विधानसभा क्षेत्र में रैली आयोजित कर विपक्षियों को अपना जनसमर्थन दिखाया। इस दौरान अलग-अलग स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं में उन्होंने भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया। कहा कि गरीब, किसान व नौजवान सहित सभी इस सरकार की मनमानी से क्षुब्ध हैं। इसलिए अब इस सरकार का जाना तय है।

उन्होंने आरोप लगाया कि गलत आर्थिक नीतियों से हाल के वर्षों में आर्थिक विषमता बढ़ी है। गरीब और अधिक ग़रीब होते जा रहे हैं, जबकि अमीर इससे उलट अधिक अमीर हुए हैं। देश की पूंजी मात्र दो फीसदी पूंजीपतियों के कब्जे में पहुंच चुकी है। इससे जीवन के लिए अनिवार्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं। 80 करोड़ आबादी को मुफ्त राशन उपलब्ध कराना उपलब्धि नहीं कहा जा सकता है। सपा प्रत्याशी ने अब्बासपुर रैली की शुरुआत करते हुए दोस्तीनगर, थाना, बौनामऊ, रऊकरना, बंदाखेड़ा, बिधनू, पावा, परियर, बरौला, बसधना, हाजीपुर, अगेहरा, सिकंदरपुर, सरोसी, करोवन, मगरवारा, सहजनी, मरहला चौराहा, धोबिन पुलिया, शुक्लागंज आदि इलाकों को समर्थकों के बड़े हुजूम के साथ दौरा किया। इस दौरान कई स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं भी हुईं। रैली में पूर्व विधायक रामकुमार, जिलाध्यक्ष राजेश यादव, डा. अभिनव कुमार, धर्मेंद्र यादव, मंटू निषाद, शुभ रहे।

# एक्सप्रेस-वे सहित अन्य हादसों में आठ घायल

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों में हुए सड़क हादसों में आठ लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

शीतलगंज गांव निवासी जितेंद्र (26) पुत्र सुबेदार शनिवार को ई-रिक्शा से बांगरमऊ आ रहा था। तभी संडीला मार्ग स्थित तहसील गेट के पास ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें जितेंद्र गंभीर घायल हो गया। उसे सीएचसी लाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं, कोतवाली क्षेत्र में हुए एक अन्य हादसे में दिनेश शर्मा पुत्र विनोद कुमार निवासी गांव गौरा, उज्जवल पुत्र आनंद गुप्ता निवासी संडीला रोड, मंजीत पुत्र गंगा चरन निवासी गांव केसरी पुरवा व संदीप पुत्र बाबूलाल निवासी गांव ईसेपुर भी गंभीर घायल हो गए। इनका सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इसके अलावा दिल्ली के स्वरूप नगर इंद्रप्रस्थ कालोनी ब्लॉक बी गली नं-17 निवासी रामकिशोर (57) पत्नी मीना (50), छोटे भाई रामप्रताप (45) के साथ कार से रायबरेली गए थे। लौटते समय शनिवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बहलोलपुर गांव सामने कार आगे जा रहे ट्रक में पीछे घुस गई। इसमें कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे लोग घायल हो गए। यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने फंसे तीनों को बाहर निकाला।

# मां के दर्शन कर प्रचार किया शुरू

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



मतदाताओं को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी व सांसद साक्षी महराज ने प्रचार अभियान की शुरुआत शहर के कल्याणी मोहल्ले से की। साथ ही कल्याणी माता मंदिर पहुंचकर मातारानी व शनिदेव महाराज के सामने मत्था टेका। इसके बाद वह भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के जनसंपर्क पर रवाना हुए।

प्रचार अभियान के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि सपा, बसपा व कांग्रेस के शासनकाल में भ्रष्टाचार का बोलबाला था। संबंधित सभी दल संप्रदाय विशेष के लिए तुष्टिकरण पर अमल कराने को सभी सीमाएं तोड़ देते हैं। जनकल्याण की योजनाओं का बजट लूट-खसोट की भेंट चढ़ता था। नरेंद्र मोदी के पीएम बनने के बाद से भ्रष्टाचारी एक-एक कर जेल जा रहे हैं। भाजपा सरकार ने सबका साथ-सबका विकास और

- भाजपा सरकार ने सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास मंत्र दिया

सबका विश्वास मूल मंत्र को साकार करते हुए बिना भेदभाव पात्रों को लाभांवित कराया है। दावा किया कि जहां माताओं-बहनों को सामर्थ्यवान बनाया गया है। वहीं दुनिया में भारत की अहमियत भी बढ़ी है। उन्होंने अचलगंज, सोभाखेड़ा, कोरारी खुर्द, अमरसस व कोरारी कला आदि गांवों का भ्रमण किया। अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में सदर विधायक सदर पंकज गुप्ता, भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ल, पालिकाध्यक्ष के प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू, सुशील तिवारी गुड्डा, ब्रजेश पांडेय आशुतोष शुक्ला, ब्लाक प्रमुख बिछिया नीरज गुप्ता, समीर शुक्ला, सिद्धार्थ दीक्षित व कृष्णा वर्मा आदि शामिल रहे।

# रकम न मिलने पर युवक ने दी आत्महत्या की धमकी

संवाददाता गंजमुरादाबाद

**अमृत विचार।** बांगरमऊ अंतर्गत गंजमुरादाबाद कस्बे के मनी ट्रेडिंग के चर्चित घोटाले में एक करोड़ से भी अधिक पैसा गवां चुके एक युवक द्वारा आत्महत्या कर लेने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। वायरल वीडियो को लेकर नगर में सनसनी मच गयी है। हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पुलिस वायरल वीडियो की जांच कर रही है।

बता दें गंजमुरादाबाद कस्बा निवासी राजू उर्फ अनवारुद्दीन और उसके परिवार के लोगों द्वारा बांगरमऊ और मल्लावां क्षेत्र के व्यापारियों से निवेश के नाम पर 15 से 20 फीसदी ब्याज का झांसा देकर करोडों रुपए वसूले जा चुके हैं। व्यापारियों को पैसा वापस न करना पड़े, इसलिए करीब एक हफ्ता पूर्व राजू द्वारा अपने कंधे में गोली मारकर कर जेवर और रुपयों की लूट की अफवाह उड़ा दी गई थी। पुलिस ने घटना का खुलासा भी किया है। शुक्रवार की शाम से एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक 1 करोड़ 88 लाख रुपए कथित अवैध धंधेबाज के पारिवारिक सदस्य काशान को अधिक ब्याज पर देने की बात कह रहा है। वीडियो में युवक यह भी बता रहा है कि उसने यह रुपए व्यापारियों से इकट्ठा करके दिया है। युवक का कहना है कि अब अवैध धंधेबाज काशान पैसा वापस करने से इंकार कर रहा है। जबकि सभी व्यापारी उससे पैसा वापस करने का दबाव बना रहे हैं। इसीलिए वीडियो में दिख रहा युवक आत्महत्या करने की बात कह रहा है।

# राजीव नगर खंती से नहीं हटी झुग्गियां

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पीछे बसी राजीव नगर खंती। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगाघाट रेलवे स्टेशन का अमृत स्टेशन योजना के तहत कायाकल्प कराया जा रहा है। जिसे देखते हुये एनआर के सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य लाइन ने 26 अप्रैल को बस्ती में नोटिस जारी कर अपने झुग्गी झोपड़ी को हटाने के लिये 3 मई तक के निर्देश दिये थे। समय सीमा पूरी होने के बाद भी बस्ती में रहने वाले लोगों ने अपने अतिक्रमण नहीं हटवाये।

कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित गंगाघाट स्टेशन के पीछे लगभग चार दशकों से राजीव नगर बस्ती बसी हुई है। राजीव नगर बस्ती के अलावा ट्रैक के किनारे कई कच्चे पक्के मकान बने हुये हैं। इधर गंगा घाट रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कराया जा रहा है। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन का विस्तारीकरण होना है और राजीव नगर खंती की ओर बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाना है। जिसे देखते हुये रेलवे ने

- सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने 3 मई तक स्वतः अतिक्रमण हटाने के दिये थे निर्देश

खंती की ओर जमीन भी चिन्हित कराई है। जिस पर 26 अप्रैल को उत्तर रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य के वरिष्ठ खंड अभियंता ने राजीव नगर बस्ती में रहने वाले लोगों को नोटिस जारी की। नोटिस में लिखा था कि रेलवे स्टेशन यार्ड व स्टेशन के सामने की रेल भूमि पर अवैध हुआ अनाधिकृत झुग्गी, झोपड़ियां द्वारा किए गए अनधिकृत कब्जे को कब्जेदार स्वयं हटा ले, अन्यथा 3 मई के बाद रेलवे प्रशासन सभी अनधिकृत निर्माण को कभी भी बिना पूर्व सूचना दिए हटवा दिया जायेगा। 4 मई हो गई लेकिन किसी ने भी अपने अतिक्रमण नहीं हटाये। क्षेत्रीय लोगों की मानें तो वह होने वाले लोकसभा चुनाव के चलते बस्ती पर अतिक्रमण न हटाये जाने की बात कहकर डटे हुए हैं।

# आग की चपेट में आकर 20 बीघा फसल राख

**फतेहपुर।** थाना चांदपुर के दपसौरा में आग लगने से 20 बीघा फसल जलकर नष्ट हो गई। बताया जा रहा है कि दोपहर में कल्लू प्रजापति अपने खेत की मेड़ में घास-फूस हटाने के लिए आग लगाकर घर आ गया था।

इस दौरान कल्लू के बगल में शीलू सिंह की पांच बीघा गेहूं की फसल में आग लग गई। पास ही जननायक सिंह के खेत में अरहर की आठ बीघा, चक्रधर सिंह की तीन बीघा गेहूं और तीन बीघा अरहर की फसल जलकर नष्ट हो गई। ग्रामीणों ने नलकूप के पानी से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक फसल राख हो चुकी थी। सूचना के बावजूद दमकल कर्मी चार घंटे बाद मौके पर पहुंचे। लेखपाल अभिषेक ने बताया कि नुकसान का सर्वे कर लिया गया है। आपदा राहत राशि दिलाने के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# विदेश में नौकरी का झांसा देकर 2.85 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर



**अमृत विचार।** विदेश में नौकरी का झांसा देकर महाराजगंज जनपद के दो लोगों ने लाखों की ठगी कर ली। साले और बहनोई को झांसे में लेकर ठगों ने 2.85 लाख रुपये की ठगी की है। जानकारी मिली है कि आरोपी ने इनके अलावा भी छह लोगों को ठगी का शिकार बनाया है।

हथगाम थाने के वार्ड नंबर दो निवासी दिलशाद ने फर्जी वीजा देकर विदेश भेजने वाले एजेंट महाराजगंज जिला छिंदुरिया थाने के अमतहा खास निवासी अरविंद चौरसिया और उसके सहयोगी बलराम सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी, गबन का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि भाई शाहबाज व बहनोई नौशाद को नौकरी वीजा पर विदेश भेजने का झांसा दिया था। दोनों ने एक लाख 85 हजार और एक लाख रुपये हथगाम स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा से निकालकर दिए थे। शहबाज और नौशाद को दिल्ली एयरपोर्ट से सात मार्च 2024 को दुबई भेजा गया था वहां पर पहुंचने पर जनाकरी हुई कि उनका वीजा नौकरी का नहीं बल्कि टूरिस्ट का है। वहां से उन्होंने अरविंद व बलराम सिंह को फोन मिलाया तो उन लोगों ने फोन बंद कर लिया। दोनों से संपर्क न होने पर 22 मार्च को भाई और बहनोई वापस लौट आए। खोजबीन में पता लगा कि ठगों ने छह और लोगों से भी विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी की है। मामले में हथगाम पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

**अव्यवस्था** शौचालयों के बंद रहने से खुले में शौच जाने को मजबूर ग्रामीण

# लाखों खर्च, फिर भी सामुदायिक शौचालयों में ताला

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव




सामुदायिक शौचालय सरांय जोगा में निर्माण के बाद से लगा ताला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गावों को खुले में शौच से मुक्त करने के लिये ग्राम पंचायतों में लाखों की लागत से सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कार्य कराया गया है। लेकिन, विभागीय उदासीनता के चलते इन शौचालयों में कहीं ताला लटक रहा है तो कहीं संसाधनों का अभाव है। कई शौचालय तो अराजकतत्वों का अड्डा भी बने हुए हैं। ऐसे में इसका लाभ न मिलने से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ब्लाक क्षेत्र के गांव सोहरामऊ, सरांयजोगा, मोहारी, रायपुर, जैतीपुर आदि में सामुदायिक शौचालयों की स्थिति बेहद खराब हो चली है। किसी शौचालय में नल तो किसी में टोंटी गायब है तो कहीं की फर्श टूटी हुई है। यहां तक कुछ में तो दरवाजे तक नहीं हैं। विभागीय उदासीनता के चलते लाखों खर्च के बाद भी ग्रामीण खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। ज्यादातर में निर्माण के बाद से ताला लगा है। क्षेत्र के गांव सरांय जोगा में वर्षो से सामुदायिक शौचलय में ताला लगा है। ग्रामीण सूरज के अनुसार उन्होंने शौचालय खुलते नहीं देखा। ग्राम पंचायत अधिकारी रमाकांत पांडेय ने बताया कि एक साल से इस शौचालय को पैसा नहीं दिया गया। जल्द ही किसी समूह को हैंडओवर कर इसे शुरू करेंगे।

### कभी खुलता तो कभी नहीं खुलता है

क्षेत्र के गांव सोहरामऊ में बने सामुदायिक शौचालय में भी अक्सर ताला लटका रहता है। खुले में शौच जा रहे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीण मयंक के अनुसार शौचालय में अक्सर ताला लटका रहता है।

# 2150 ली. डीजल व 235 ली. पेट्रोल बरामद

**फतेहपुर।** खागा के अमांव हाईवे पर रेस्टोरेंट के अंदर 2150 लीटर डीजल और 235 लीटर पेट्रोल का अवैध तरीके से भंडारण के मामले में पुलिस ने पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पूर्ति विभाग और पुलिस ष्की संयुक्त टीम ने एक मई को कोतवाली क्षेत्र के अमांव हाईवे किनारे स्थित खाटू श्याम ढाबा एंड फैमिली रेस्टोरेंट में छापामारी की थी। जांच के दौरान ढाबा के अंदर एक कमरे से 2150 लीटर डीजल और 235 लीटर पेट्रोल मिला था। बरामदगी स्थल से तीन लोगों को पकड़ा गया था।जिलाधिकारी से अनुमति मिलने के बाद शुक्रवार की रात को पुलिस ने पूर्ति निरीक्षक भाष्कर मिश्र की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# नमामि गंगे घाट की बिजली चालू

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



बालूघाट मोड़ के पास मरम्मत कार्य करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक माह पहले बालूघाट मोड़ के पास रखे ट्रांसफार्मर में आग लग जाने के कारण नवीन पुल और नमामि गंगे घाट के अलावा उससे जुड़े क्षेत्र की बिजली बंद चल रही है। शिकायत पर एक्सईएन ने संज्ञान में लिया और जेई को भेजकर नई किबल डलवाकर आपूर्ति चालू कराई गई। जिससे रात के समय नवीन पुल जगमग हो गया।

बालूघाट मोड़ पर रखे ट्रांसफार्मर के आस पास कूड़े में आग लगने के कारण एलटी लाइन धू धू कर जल गई थी। एलटी लाइन जलने के कारण नवीनपुल, नमामि गंगेघाट, पार्क व पुल के पास बसी बस्ती में बिजली आपूति बंद चल रही थी। एक माह से बिजली न आने पर राहगीरों और क्षेत्रीय लोगों ने इसकी शिकायत की। जिस पर एक्सईएन ने संज्ञान में लिया और शनिवार को दही चौकी सबस्टेशन के मीटर जेई मनोज मिश्रा के नेतृत्व में बिजली कर्मी पहुंचे। जहां बिजली कर्मियों ने फीडर चार को बंद कराया और नई केबिल डालने का काम किया। कार्य के दौरान पश्चिमी क्षेत्र की चार घंटे तक बिजली गुल रही। शाम करीब सात बजे के बाद कार्य पूरा हुआ। जिसके बाद आपूर्ति चालू हो सकी। वहीं नई केबिल पड़ने से नवीन पुल की लाइटें भी रात के समय जलने से पुल जगमग हो गया।

## एक नजर

### अनुसूचित वर्ग सम्मेलन का किया गया आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** सीतापुर रोड स्थित एक गेस्ट हाउस बदौली में शनिवार अनुसूचित वर्ग सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें सवायजपुर, शाहाबाद, हरदोई, सांडी वगोपामऊ विधानसभा के अनुसूचित वर्ग के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में कारागार राजयमंत्री सुरेश राही ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में योजनाओं का सबसे अधिक लाभ अनुसूचित वर्ग के लोगों को मिला है, सरकार अनुसूचित वर्ग के विकास हेतु पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष महिपाल गौतम ने किया।

### सीएसएन में प्रवेश शुरू

**हरदोई, अमृत विचार।** नगर के लखनऊ चुंगी स्थित सीएसएन पीजी कालेज में सत्र 2024-25 में बीए, बीबीए, बीकाम प्रथम सेमेस्टर तथा एमए प्रथम सेमेस्टर ( हिंदी, संस्कृत, भूगोल, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान विषय में) 25 अप्रैल से ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। बीए, बीबीए, बीकाम में प्रवेश प्रथम आवक -प्रथम पावक के आधार पर तथा एमए के सभी विषयों में प्रवेश जून माह के अंतिम सप्ताह में होने वाली प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो . के के सिंह ने बताया कि इच्छुक छात्र -छात्राएं कालेज की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई है।

### बीडीसी सदस्य ने लगाया मारपीट का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुहागपुर निवासी बीडीसी सदस्य ने विपक्षी पर साथियों सहित घेरकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम सुहागपुर निवासी सोनू लाल पुत्र रावेंद्र कुमार ने बताया वह शुक्रवार की शाम को कस्बे से बाजार कर वापस गांव जा रहा था। बेझा चौराहे पर फिरोजपुर खुर्द के रामू यादव ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर उसे रोक लिया और जातिसूचक गाली गलौज किया। गाली देने से मना करने पर विपक्षियों ने उसे लात घूंसे और डंडे से मारा पीटा। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# बसपा के कैडर वोटर में दिख रहा संविधान बचाने का जज्बा

रामप्रकाश राठौर, शाहाबाद

**अमृत विचार।** मजहब और धर्म की राजनीति के बीच अब संविधान बचाने की आवाज भी जोर-जोर से उठने लगी है। वजह कुछ भी हो लेकिन संविधान बचाने की यह आवाज बसपा के परंपरागत वोटरों में तेजी के साथ गूंज रही है और बहुजन समाज पार्टी का कैडर वोट हर हाल में संविधान बचाने और अपना आरक्षण बरकरार रखने के प्रयास में है।

संविधान बचाने का यह जज्बा बसपा के लिए जहां नुकसानदेह है वहीं सपा को लाभ पहुंचा सकता है। जहां-जहां बसपा के प्रत्याशी कमजोर स्थिति में हैं, वहां-वहां का कैडर वोट भाजपा के खिलाफ मजबूत प्रत्याशी के पक्ष में जाने की उम्मीदें लगाई जा रही है। मजहब और धर्म की सियासत करने वाले तथा जाति की आग पर स्वार्थ की खीर पकाने वाले नेताओं के लिए अब संविधान बचाने की आवाज खुद उनके के लिए जहरीली साबित होती दिख रही है। राजधानी लखनऊ से सटी हरदोई संसदीय सीट पर इस बार बहुत ही रोचक मुकाबला होता दिखाई दे रहा है। पिछले दो लोकसभा चुनाव में भाजपा ने लगातार अपना परचम फहराया है। हिंदू लहर में लहरायी हरदोई संसदीय सीट पर पर 1996 के बाद 2014 में कमल खिलता नजर आया। इससे पहले सपा की ऊषा वर्मा का विजयरथ ही दौड़ता नजर आया। हालांकि इस सीट पर 90 के दशक से कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया था। उसके बाद से आज तक कांग्रेस ठीक-ठाक प्रदर्शन तक नहीं कर पायी।



**चुनावी संग्राम**

▸▸ मतदाताओं के रुख से भाजपा प्रत्याशी को हो सकता है नुकसान

उसके बाद सपा, बसपा, भाजपा की तिकड़ी ही चुनाव में दिखती रही। इस सीट पर हाथी की मस्त चाल ने सपा भाजपा के समीकरणों को बिगाड़ा है, लेकिन खुद जीत का स्वाद नहीं चख सकी है। इस सीट के पिछले कुछ चुनावी आंकड़ों पर नजर डालें तो 1952 में गठित 31 लोकसभा हरदोई संसदीय सीट पर कभी कांग्रेस का डंका बजा करता था, लेकिन 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से चुनाव मैदान में उतरे जयप्रकाश रावत ने कांग्रेस की ऐसी लुटिया डुबोयी जो आज तक ऊपर नहीं आ सकी। इसके बाद यहां सपा और भाजपा के प्रत्याशी ही जीतते रहे। बसपा कई बार अच्छे वोट हासिल करने में कामयाब रही लेकिन कभी जीत का स्वाद नहीं चखी।

इस बार 2024के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर अपने सिटिंग सांसद जयप्रकाश रावत को चुनावी मैदान में उतारा है वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी ने एक बार फिर ऊषा वर्मा पर भरोसा जताते हुए चुनावी मैदान में उतारा है। बीएसपी ने अपने एमएलसी भीमराव अम्बेडकर को प्रत्याशी घोषित किया है। बसपा का प्रत्याशी इस बार 'बाहरी' है लेकिन पार्टी के वोट कैडर में कुछ बदलाव के उत्साह में दिख रहा है।

जिससे भाजपा का सीधा नुक़सान होता दिखाई दे रहा है। वहीं संविधान बचाने की गूंज, बेरोजगारी, महंगाई, आवारा गोवंश जैसे मुद्दों की गूंज भी सुनाई दे रही है। इस बार के चुनाव में हिंदू मुस्लिम, राममंदिर,मोदी लहर भी चलती दिखाई नहीं दे रही है। इसके अलावा बीएसपी के कोर वोटरों ने संविधान समाप्त किए जाने की बात भी घर करती दिखाई दे रही है। ऐसे में आरक्षण बचाने के लिए यह मतदाता इंडी गठबंधन की ओर भी जाने की बात करता दिखाई दे रहा है। ऐसे में इस सब का फायदा इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी ऊषा वर्मा को मिलता दिखाई दे रहा है। इस आधार पर यह कहना ग़लत नहीं होगा कि इस बार इस सीट पर सपा भाजपा में कांटे की टक्कर होती दिखाईं दे रही है।

### भाजपा कई बार जीती लेकिन हैट्रिक से है दूर

1991 से चुनावी समर में उतरी भाजपा ने 1991व 1996 का चुनाव लगातार जीता, लेकिन 1998 के चुनाव में सपा की ऊषा वर्मा ने भाजपा के विजयध्वज को उखाड़ कर साइकिल का परचम लहरा दिया। उसके बाद भाजपा की स्थिति दिनों-दिन कमजोर होती चली गयी। सन 2014 के चुनाव में मोदी लहर में लहरायी सीट पर भाजपा के कमल की पंखुड़ियों खिल पायी। इसके बाद 2019 के चुनाव में भी कमल खिला। इसमें यह भी गौरतलब है कि भाजपा इस सीट पर हैट्रिक नहीं लगा सकी है ।ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि इस बार सपा अपना इतिहास दोहरायेगी या भाजपा हैट्रिक लगाकर इस मिथक को तोड़कर नया इतिहास कामय करेगी।

## दलित विरोधी है इंडी गठबंधन : नितिन

**हरदोई, अमृत विचार।** आबकारी एवं मद्यनिषेध मंत्री नितिन अग्रवाल ने इंडी गठबन्धन को पिछड़ा व दलित विरोधी करार दिया। कहा कि गठबन्धन की मंशा सरकार बनने पर इन वर्गों के आरक्षण को एक वर्ग विशेष के मध्य में विभाजित करने की है, यदि इनकी सरकार बनी तो तुष्टीकरण की नीति के तहत आरक्षण के हक को भी छीन लेंगे। श्री अग्रवाल शनिवार को बावन ब्लाक के ग्राम-बरखेरा व शहर के खत्री धर्मशाला में जनसभाओं को सम्बोधित कर रहे थे। कहा कि जिस दिन से भाजपा ने देश व प्रदेश की सत्ता सम्भाली सरकारी की प्राथमिकता पिछड़ों, दलितों व वंचितों को उनका हक दिलाने की रही। वहीं ब्लाक कछौना में नुक्कड़ सभा में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके ने लोगों को संबोधित किया।

# हम सब ने ठाना है मतदान का रिकार्ड बनाना है

## पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए किया जागरूक

हरदोई

**अमृत विचार।** जिले के प्रख्यात अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जनपद हरदोई के ब्लॉक कोथावां में कई ग्रामसभा आंट- सांट, नेवादा लोचन, गिरधरपुर आदि जगह मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को मतदान देने के लिए शपथ दिलाई तथा 13 मई को मत देने के लिए लोगों को स्लोगन के साथ सभी से अपील भी किया।



मतदाताओं को शपथ दिलाते पर्वतारोही अभिनीत मौर्य। अमृत विचार

ग्रामसभा आंट- सांट के ग्राम गड़खरी में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान में लोगों को अपने मत के अधिकार को प्रयोग करने के लिए सभी से आग्रह किया। इस अवसर पर कोटेदार जयपाल, सतेंद्र व दीपांशू शर्मा सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। ग्रामसभा गिरधरपुर में अभिनीत मौर्य ने आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान चलाया, जहां ग्राम प्रधान दर्शन लाल मौर्य व आशा बहू सीमा मौर्य,पंचायत सहायक रावेंद्र मौर्य व राम नरेश, दीपक, लेखराम, हिरदेश सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने शपथ ग्रहण की। पर्वतारोही अभिनीत ने लोगों को जाति,धर्म व समुदाय से ऊपर उठकर वोट करने की शपथ दिलाई जिससे लोकतंत्र को मजबूत किया जा सके। साथ ही ग्राम पंचायत नेवादा लोचन में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान में बैंक मित्र अनिल मौर्य, श्याम सुंदर, अमित, भगौती प्रसाद सहित कई महिलाएं भी कार्यक्रम में शामिल हुई और 13 मई को होने वाले चुनाव में शत प्रतिशत मतदान स्वयं करेंगी व अन्य को भी मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य करेंगी ऐसी सभी ने शपथ ग्रहण की। पर्वतारोही अभिनीत ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी लो्गों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हो । इस अभियान के लिए लोगों पर्वतारोही अभिनीत मौर्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी।

### गांवों में प्रधान जगायेंगे जागरूकता की अलख

**हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की स्वीप गतिविधियों के तहत शनिवार को रसखान प्रेक्षागृह में ग्राम प्रधानों के साथ शहर घर दस्तक, शत प्रतिशत मतदान की थीम के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने प्रधानों से संवाद करते हुए कहा कि प्रधान समाज के बड़े हिस्से को प्रभावित करता है। सभी लोग अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। गांव स्तर पर मतदाताओं के साथ संवाद करें। इतना भारी मतदान करें कि समाचारों की सुर्खियां बन जाये। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने कहा कि 13 मई को होने वाले मतदान में स्वयं मतदान करें तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। कम मतदान के पुराने इतिहास को बदलने में अपना सहयोग करें। उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर ने कहा कि हरदोई को मतदान में फिसड्डी जनपदों की श्रेणी से बाहर निकालना है।



कमीशनिंग कार्य देखते जिलाधिकारी एमपी सिंह। अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने देखा कमीशनिंग का कार्य

**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने शनिवार को मंडी परिसर में चल रहे ईवीएम व वीवीपैट की कमीशनिंग के कार्य का निरीक्षण किया। कहा कि कमीशनिंग के कार्य में विशेष सावधानी रखी जाये। तकनीकी समस्या के लिए तत्काल बेल के इंजीनियर से सहयोग लें। सिम्बल अपलोडिंग इन्ही इंजीनियरों द्वारा की जाएगी। मशीन कमीशनिंग के उपरांत एआरओ को दिखा लिया जाये। कमीशनिंग के बाद बीयू व सीयू को स्विच ऑफ़ कर दिया जाये। अधिकृत लोगों को ही हॉल में प्रवेश दिया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आधी आबादी भाजपा के साथ : कांता कर्दम

हरदोई

**अमृत विचार।** शनिवार को बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल में भाजपा महिला मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कांता कर्दम तथा भाजपा महिला मोर्चा अवध क्षेत्र अध्यक्ष गोदावरी मिश्र एवं लोकसभा प्रभारी दिनेश दुबे का फूल माला पहनाकर जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन एवं स्कूल प्रबंधक कीर्ति सिंह ने स्वागत किया।





सम्मेलन में कांता कर्दम का स्वागत करती महिलाएं। अमृत विचार

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद कांता कर्दम ने कहा कि विगत 10 वर्षों में देश की महिलाओं के सशक्तिकरण में भाजपा ने अनेक निर्णय लिए, जिसकी गारंटी पीएम नरेंद्र मोदी ने ली और उस गारंटी का परिणाम है। आज देश की आधी आबादी भाजपा के साथ है। इस मौके पर सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा प्रभारी राजेश अग्निहोत्री, 31 लोकसभा संयोजक प्रीतेश दीक्षित, जिला महामंत्री ओम वर्मा, महिला मोर्चा क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मी राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, सह मीडिया प्रभारी परेश गुप्ता, महिला मोर्चा महामंत्री रीना गुप्ता, नगर अध्यक्ष मधुबाला, मीडिया प्रभारी कविता, अनुराधा मिश्र, सुहाना जैन समेत बड़ी संख्या में महिला शक्ति मौजूद रही।

# निजी स्कूल के शिक्षक की पत्नी ने की आत्महत्या

हरदोई

**अमृत विचार।** निजी स्कूल के शिक्षक की पत्नी ने किराए के कमरें में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्कूल से वापस लौटने पर शिक्षक ने पत्नी का शव फंदे से लटका देखा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बिहार के रतिया ज़िला फतेहाबाद निवासी संजय कुमार शाहजहांपुर रोड के निजी स्कूल में शिक्षक है। संजय की शादी आठ साल पहले संध्या के साथ हुई थी। उसके पांच साल का बेटा अधर्व है। संजय अपनी पत्नी संध्या (30) और बेटे अधर्व के साथ शहर की आवास विकास कालोनी के ब्लाक-ए/168 में किराए पर रहता है। शनिवार की सुबह वह स्कूल गया हुआ था। उसी बीच संध्या ने कमरे के अंदर दुपट्टे से फांसी लगा ली। पुलिस का कहना है कि पति संजय कुमार की तहरीर पर शव को कब्ज़े में लेकर जांच की जा लही है। फिलहाल मायके की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



सत्संग को संबोधित करते देवेंद्र मोहन। अमृत विचार

### आध्यात्म का पहला नियम है शुद्ध आहार व विचार

**मल्लावां, हरदोई,अमृत विचार।** सत्संगी वही होता है जो व्याभिचार और अहंकार को त्याग दे। विनम्रता ही सत्संगी का सबसे बड़ा गुण है उसकी पहचान है। आध्यात्मिक गुरु देवेंद्र मोहन भैया ने विशाल संगत से जोर देकर कहा कि अपने जीवन से अहंकार और व्यभिचार का संपूर्ण त्याग कर दें। देवेंद्र मोहन भैया ने कहा कि संत-महापुरूष प्रेम के मार्ग पर चलते हुए मुक्ति का मार्ग सुझाते हैं। अगर सत्संगी को गुरु प्रेमभाव से ना जोड़े तो यह मायावी दुनिया छोड़ने के लिए कोई कभी राजी नहीं होगा। संत कृपाल सिंह जी महाराज को याद करते हुए भैया ने कहा कि जब उनके पास कोई व्यक्ति अपने पाप-कर्म का दु :खड़ा रोता तो वह कहते कि मुझसे मिलने से पहले जो कर्म तुमने किए उसकी जिम्मेदारी तो मैं ले लूंगा, लेकिन गुरु की शरण में आने के बाद पहले वाली गलतियां दोहराई तो रास्ता मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि जीवन में संयम और परिवर्तनशील होना बहुत जरूरी है। इसी के सहारे हम अपने जीवन से त्रुटियों को धीरे-धीरे समाप्त करते हैं।

### अब तक 20 पर गुंडा एक्ट व तीन हुए जिला बदर

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस सख्त दिख रही है। अब तक 190 पर मिनी गुंडा और 20 पर गुंडा एक्ट की कार्यवाही के साथ दो हजार से आधिक लोगों को पाबंद किया जा चुका है। लोक सभा चुनाव को लेकर पुलिस की तैयारियां जोरों से चल रही है। अपराधियों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक केशव गोस्वामी के निर्देश पर कोतवाल निर्भय सिंह सख्त कार्यवाही कर रहे। ताकि चुनाव शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके। कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि अचार सहिंता लगने के बाद से अब तक 2033 लोगों पर धारा 107/116 और 40 लोगों को शांति की 151 के साथ 20 अभियुक्तों पर गुंडा एक्ट तथा 190 अभियुक्तों पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही की जा चुकी है। तीन अपराधियों को जिला बदर किया चुका है। मुंशी उत्तम कुमार ने बताया कि 1045 शस्त्र लाइसेंस धारकों में 812 शस्त्र जमा कराए जा चुके है। वहीं अभी कार्यवाही जारी है।

### पिहानी में हुआ जलसा खत्म-ए-बुखारी

**हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी कस्बे के मोहल्ला अंसार गंज नगर में जामिया उम्मुल मोमिनीन आयशा सिद्दीका में जलसा खत्म-ए-बुखारी हुआ। मौलाना हाशिम की सदारत में हुए जलसे का आगाज़ तिलावते कुरान-ए-पाक से काशिफ साकिबी ने किया। नाते पाक का नज़राना फहीम पिहानवी अपनी खूबसूरत आवाज़ में पेश किया। इस दौरान 15 तालिब इल्म बच्चों ने आलिमत की डिग्री हासिल की। मेहमान-ए-खुसूसी के तौर पर मौलाना स्वालेह आज़मी उस्ताद हदीस जामिया अरबिया बांदा ने बुखारी शरीफ की अहमियत पर रोशनी डालते हुए कहा कि ये किताब बड़ी मोतबर और कुरआन के बाद इसी को दर्जा दिया गया है। मौलाना ने आखरी हदीस पर गुफ्तुगू करते हुए कहा कि अल्लाह कयामत में आमाल का हिसाब-किताब करेगा। मौलाना ने कहा उस रोज़ मीज़ान कायम करेगा,जिस में तीन तरह के लोग पेश किए जाएंगे, एक वो जो अल्लाह को सिरे से मानते ही नहीं, उनके लिए कोई मीज़ान नही दूसरे वो जो अल्लाह के पैगंबर व सहाबा और वली हैं वो बिना हिसाब किताब के जन्नत में जाएंगे और तीसरे वो जिनके लिए मीज़ान कायम होगा, वो हैं जो गुनाह और नेकियां दिनों लेकर आएंगे मौलाना ने कहा कि हमें बहुत डरने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि आज का नौजवान तबका सारा वक्त मोबाइल में बर्बाद कर देता है,उसे दीन से कोई मतलब नहीं, कहा कि अल्लाह सब की हिफाज़त करे। इस मौके पर मौलाना इस्माईल,निजामुद्दीन मुन्ना, अब्दुलबारी, मोहम्मद आसिफ, मास्टर शमीम, शोएब, सूफी,अब्दुल कदीर कुरैशी,मौलाना रज़ीउद्दीन, मौलाना ममनून,मौलाना यूनुस, हाफ़िज़ ग्यासुद्दीन, के अलावा आदि लोग मौजूद रहे मौलाना स्वालेह की दुआ के साथ जलसे का समापन हुआ ।आखिर में मदरसे के नाज़िम मौलाना आसिम साकिबी ने आए हुए मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

### रामकली क्रिकेट अकादमी ने जीता मैच

**हरदोई, अमृत विचार।** स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम शनिवार को हरदोई हेरिटेज कप का सातवां मैच कांसेप्ट ग्रुप बनाम रामकली क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। मैच में टॉस कांसेप्ट ग्रुप के कप्तान सूरज दीक्षित ने जीता तथा पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रामकली क्रिकेट अकादमी ने 40 ओवर में 7 विकेट खोकर 259 रनों का स्कोर खड़ा किया । रामकली क्रिकेट अकादमी की तरफ से सौरभ सिंह 72 रन, प्रिंस त्रिपाठी 62, जानसन ने 38 रनो का योगदान किया। कांसेप्ट ग्रुप की तरफ शिष्ट द्विवेदी 3 विकेट, सूरज दीक्षित 2 विकेट, सत्यम मिश्रा 1 विकेट तथा 1 खिलाडी रन आउट हुआ। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कांसेप्ट ग्रुप की टीम 31 ओवर में सभी विकेट खोकर 149 रन ही बना सकी। कांसेप्ट इलेवन की तरफ से कृष्णा ने 44 रन, विवेक पाल 25 रन, अम्बुज पाण्डेय ने 20 रनों का योगदान किया। रामकली क्रिकेट अकादमी की तरफ से प्रिंस त्रिपाठी ने 6 विकेट, रजत श्रीवास्तव ने 2 विकेट, सौरभ सिंह 1 विकेट लिया तथा 1 खिलाड़ी रन आउट हुआ। इस प्रकार इस मैच में रामकली क्रिकेट अकादमी ने 110 रन से जीत दर्ज की। मैच में मैन ऑफ द मैच रामकली क्रिकेट अकादमी के प्रिंस त्रिपाठी को मिला ।इस प्रतियोगिता का आठवां मैच सोमवार को सुबह 8 बजे से खेला जाएगा।

# मतदान कार्मिकों पर मधुमक्खियों का हमला

हरदोई

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान एका-एक मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। दरअसल वही महाविद्यालय परिसर में खड़े एक पेड़ में मधुमक्खियों का छत्ता लगा हुआ है,किसी ने उसी के साथ छेड़छाड़ कर दी, उसी के चलते मधुमक्खियां गुस्सा गई और हमला कर दिया। उस दौरान वहां कार्मिको में भगदड़ मच गई।

कई कर्मिक उनका शिकार हुए,तो कई ने इधर-उधर कपड़ा-लत्ता और बोरा बटोर कर ओढ़ कर मधुमक्खियों से पीछा छुड़ाया। बताया गया है



खुद को दुपट्टे से ढक कर मधुमक्खियों से बचने का प्रयास करता पुलिसकर्मी। अमृत विचार

कि महाराणा प्रताप स्नाकोत्तर महाविद्यालय में लोकसभा चुनाव में लगे कार्मिको का प्रशिक्षण चल रहा है। शनिवार को दूसरी पाली का प्रशिक्षण खत्म होने के बाद कार्मिक वहां से बाहर निकल रहे थे,उसी बीच किसी शरारती ने वहीं पेड़ में लगे छत्ते से छेड़छाड़ कर दी,इतना होते ही मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। उनसे बचने के लिए कार्मिको में भगदड़ मच गई। वहां तैनात पुलिस के जवान भी भाग खड़े हुए। कई कार्मिक मधुमक्खियों का शिकार हुए,तो वहीं कुछ कार्मिको ने गमछा,दुपट्टा और इधर-उधर से कपड़ा-लत्ता ही नहीं बोरा ओढ़ कर अपना बचाव किया। कार्मिकों का कहना है कि प्रशिक्षण स्थल की अगर पहले ही पड़ताल कर ली जाती तो शायद ऐसा कुछ होने से रोका जा सकता था।

# इस साल भी वो फीस अदा कर नहीं सका, इस साल भी . . .

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** बीती रात नगर के एक मैरिज हाल में एक आल इण्डिया मुशायरे की महफिल सजाई गई। जिसमें हिंदुस्तान के नामचीन शायरों ने शिरकत की। इमरान उल्ला खां की ओर से आयोजित मुशायरे की सदारत एडवोटेक रिजवान उल्ला खान ने जबकि निजामत हिंदुस्तान के मशहूर नाजिम नदीम फारूक ने की।

मुशायरे में अवध बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष एस एम रहमान फैजी ने मेहमान-ए खुसूसी के तौर पर शिरकत की। कानपुर के मकनपुर से आए शायर आसिम मकनपुरी ने नात शरीफ और राजधानी लखनऊ से आई कवयित्री पूनम मिश्रा ने सरस्वती वंदना से मुशायरे की शुरुआत की। फैज हैदर वारसी ने पढ़ा - "है कसम मुल्क में दंगे नहीं होने देंगे, मेरे भारत तेरे टुकड़े नहीं होने देंगे। सहारनपुर से आए मशहूर शायर बिलाल सहारनपुरी ने कलाम पेश करते हुए पढ़ा -इस साल भी वो फीस अदा कर नहीं सका, इस साल भी गरीब के बच्चे नहीं पढ़े। शायर शाहबाज तालिब ने पढ़ा -हर दुख पहले आ जाता है खुशखबरी देर से आती है, हम उस कस्बे में रहते हैं जहां चिट्ठी देर से आती है।" लखनऊ से आए शायर शाहिद कमाल ने अपना कलाम पढ़ते हुए कहा -होना अगर यही है तो फिर बेहिसाब हो, वो कौन है जो मेरी तरह से खराब हो।



मुशायरे में कलाम पढ़ते फ़ैज़ हैदर वारसी। अमृत विचार

बाराबंकी से आए शायर फैज खुमार ने पढ़ा -किसी से मुहब्बत किए जा रहा हूं, मैं खुद से बगावत किए जा रहा हूं। नदीम फरुक ने रिश्तों के हवाले से शेर पढ़ते हुए कहा - नागवारी है तुझे मान बाप के अंदाज पर, सब समझ हो जायेगा औलाद हो जाने के बाद"। इसके अलावा सलमान जफर पिहानवी,जमील असगर मुंबई, आसिम मकनपुरी, पूनम मिश्रा लखनऊ, इजहार शाहाबादी, सुलतान शहाबादी ने भी अपनी गजलें पेश की। लगभग 3 बजे समाप्त हुए मुशायरे में आसिम जाफरी, अनीस खान वारसी, नजम जिलानी, अकरम आजाद, एडवोकेट तैय्यब, सैफ अली वारसी, ताहिर खान सहित सैकड़ों की संख्या में लोग आखिर तक मौजूद रहे।

### दवा लेने जा रही युवती की ट्रेन से कटकर मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** घर से दवाई लेने के लिए निकली युवती रास्तें में रेलवे ट्रैक पार कर रही थी,उसी बीच अचानक ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। कछौना कोतवाली के झब्बू खेड़ा निवासी सुरेंद्र मुम्बई में नौकरी करता है। गांव में उसकी 25 वर्षीय पत्नी पिंकी अपने चार वर्षीय बेटे आर्यन केसाथ रहती थी। शनिवार की पिंकी दवाई लेने के लिए बालामऊ जा रही थी,उसी बीच डम्मर खेड़ा के पास रेलवे ट्रैक पार करने लगी,उसी बीच उधर से निकली ट्रेन की चपेट में आने से उसकी वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। उसके पिता हरीराम निवासी पराना खेड़ा मजरा नरेंद्रपुर कोतवाली सण्डीला ने बताया कि करीब पांच साल पहले उसकी शादी हुई थी,उसके बड़े बेटे की साल भर पहले ही मौत हो चुकी थी। फिलहाल हरीराम ने किसी तरह के आरोप से इंकार किया है।

## एक नजर

### कार से बचने के लिए बाइक सवार गिरा, महिला घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मियांपुर गांव के पास हाईवे पर कार से बचने के लिए एक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे बाइक पर सवार महिला गंभीर रूप से जख्मी हुई है। जख्मी महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हूसेपुर निवासी रामवीर अपनी ससुराल हरदोई से पत्नी सोनम के साथ बाइक से गांव लौट रहा था। मियांपुर गांव के पास वह जैसे ही पहुंचा एक तेज रफ्तार कार से बचने के लिए रामवीर की बाइक असंतुलित हो गई और पलट गई जिससे सोनम के सिर में काफी चोटें आईं हैं। सोनम को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### किशोरी को बहाने से भगा ले गए रिश्तेदार, मुकदमा दर्ज

**हरदोई, अमृत विचार।** लुधियाना पंजाब में रह रही किशोरी अपने गांव आई थी। जहां से उसके रिश्तेदार बहाने से उसे भगा ले गए। परिजनों की शिकायत पर जब पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो किशोरी की मां ने एसपी से गुहार लगाई। जिसके बाद बेनीगंज पुलिस ने रिश्तेदार मां-बेटे और पति-पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी। बेनीगंज कोतवाली के एक गांव की महिला ने दी तहरीर में कहा कि वह पति और बच्चों के साथ लुधियाना पंजाब में रह रही थी। वहीं उसके रिश्तेदार विमलेश निवासी पेटियारी थाना कासिमपुर और उसी थाने के दमगढ़ा निवासी महेश भी रहकर काम करता था। उन लोगों का उसके यहां आना-जाना था। महिला का कहना है कि वह गांव वापस आ गई। 22 अप्रैल को खाना खाने के बाद सो गई। उसी बीच विमलेश उसकी 15 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले गया। इस काम में विमलेश की मां राजकुमारी, महेश और महेश की पत्नी सुनीता ने साथ दिया। एसपी के आदेश पर विमलेश, उसकी मां राजकुमारी, महेश और महेश की पत्नी सुनीता के खिलाफ केस दर्ज किया गया। जिसकी जांच एसआई रामशंकर पाण्डेय को सौंपी गई है।

### बेटी को ढाल बनाकर मुकदमा दर्ज कराने पर केस

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना बांसी पुलिस द्वारा नाबालिक लड़की को ढाल बनाकर मुकदमे बाजी कर रहे माता-पिता के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अन्य कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने आरोपी ग्राम मुड़िला मिश्र के निवासी हैदर अली व पत्नी रोशन तारा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे मल्लावां में जनसभा, तैयारियां पूरी

हरदोई

**अमृत विचार।** मल्लावां में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। सीएम के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारी पूरी कर ली है। शनिवार को मल्लावां में ब्रीफिंग के साथ-साथ रिहर्सल हुआ। सीएम के आगमन को लेकर 3 सीओ और 18 थानेदारों की डयूटी लगा दी गयी है। इसके अलावा सैकड़ो पुलिसकर्मियों को भी सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। इसके साथ ही चुनाव प्रचार का दौर शुरू हो चुका है। मिश्रिख लोकसभा सीट पर होने वाले चुनाव की सबसे पहली जनसभा 5 मई को मुख्यमंत्री योगी की होनी है। जनसभा मल्लावां में होगी। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मल्लावां में ही हेलीपैड बनाया गया है। हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद सीएम चुनाव सभा को संबोधित करेंगे। वहीं कार्यक्रम से एक दिन पूर्व ही पुलिस टीम ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था के मानकों की जांच शुरू कर दी है।

शनिवार की दोपहर एसपी केशवचन्द गोस्वामी और एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने जनसभा स्थल पर पहुचकर तैयारियों का जायजा लिया। ब्रीफिंग के साथ साथ रिहर्सल भी हुआ। इस मौके पर सीओ हरियावां संतोष कुमार सिंह, सीओ शाहबाद अनुज मिश्रा, सीओ बिलग्राम के अलावा, एलआईयू इंस्पेक्टर शिरीष शर्मा, एसआईयू इंस्पेक्टर अमित चौधरी, थानाध्यक्ष मल्लावां, बिलग्राम, माधौगंज, अतरौली, हरपालपुर, पिहानी, टड़ियावां, बेनीगंज, मझिला, पचदेवरा, कासिमपुर, बघौली, कछौना, लोनार, बेहटागोकुल, सवायजपुर, सुरसा और सर्विलांस प्रभारी मौजूद रहे। एडिशनल एसपी ने बताया कि सीएम योगी की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की डयूटी लगा दी गयी है। वहीं सीएम के आगमन को लेकर सुरक्षा में लगभग 500 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। खुफिया विभाग भी पूरी तरह से अलर्ट है।



मुख्यमंत्री के जनसभा स्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारी व सुरक्षा कर्मी। अमृत विचार



मुख्यमंत्री जनसभा की तैयारियों के क्रम में हाइवे पर गोवंश पकड़ते कर्मचारी।

### छुट्टा गौवंश को पकड़कर भेजा जा रहा गौशाला

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** नगर में 6 मई को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा संबोधित करने के लिए आ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। अंबेडकर पार्क में जनसभा को लेकर जहां तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं वहीं हेलीपैड से जनसभा स्थल तक हाइवे पर एक भी छुट्टा गोवंश न दिखे इसके लिए गोवंशों को पकड़ने का अभियान तेज कर दिया गया है। नगर पालिका परिषद पूरी तरह से मुस्तैद है। नवीन मंडी स्थल में हेलीपैड की तैयारी की जा रही है। नवीन मंडी स्थल से अंबेडकर पार्क तक के रास्ते पर साफ सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को हाईवे पर टहलते छुट्टा गोवंशों को पकड़ने का अभियान नगर पालिका परिषद द्वारा चलाया गया। बड़ी संख्या में छुट्टा गोवंशों को पकड़ कर सफीपुर गौशाला भेजा जा रहा है।

### प्रेमिका के गांव पहुंचकर युवक ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** धोबिया आश्रम के पास एक बाग़ में युवक का शव गमछे से फांसी पर लटका हुआ देखा गया। उसके बारे में बताया गया है कि उसकी प्रेमिका धोबिया गांव में रहती है, उसी के बुलाने पर वहां तक पहुंचा था। पुलिस ने युवक का मोबाइल फोन कब्जे में लिया है। पिहानी कोयवाली के धोबिया आश्रम के पास बाग में युवक का शव गमछे से फांसी पर लटका मिला। युवक की शिनाख्त सवायजपुर कोतवाली के रम्पुरा खम्हरिया निवासी विशुन दयाल के पुत्र पेशकार (22) के रूप में हुई। पेशकार हरिद्वार में काम करता था। 24 अप्रैल को वह गांव आया था। पिता विशुन दयाल ने बताया कि बेटे का प्रेम प्रसंग पिहानी कोतवाली के धोबिया गांव की रहने वाली युवती से था, इस बारे में उसे दूसरे लोगों से पता चला था। पेशकार को उसी की प्रेमिका ने फोनकर बुलाया था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, साथ मोबाइल बरामद जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस की तस्करों से हुई मुठभेड़, दो गिरफ्तार

## 9 किलो डोडा, बाइक, तमंचे व कारतूस बराबद, एसआई और कांस्टेबल को लगी गोली

बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** कन्नौज बार्डर पर पुलिस और नशा तस्करों के बीच तकरीबन एक घंटे तक मुठभेड़ हुई। आमने-सामने गोली चलने में एक नशा तस्कर पैर में गोली लगने से ज़ख्मी हो गया, वहीं दूसरी तरफ एसआई और कांस्टेबल का भी ज़ख्मी होना बताया गया है। बिलग्राम पुलिस के साथ एसओजी/स्वाट और सर्विलांस टीम के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान नशा तस्करों के कब्ज़े से 9 किलो डोडा,एक बाइक,दो तमंचे,कारतूस व खोखे बरामद किए है।

एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने बताया कि बिलग्राम पुलिस शुक्रवार की रात हरदोई-कन्नौज रोड पर् परसोला बार्डर पर चेकिंग कर रही थी,उसी बीच कन्नौज की तरफ से बाइक आती हुई दिखाई दी,रात के करीब 12:54 बजे बैरियर पर पहुंची बाइक पर सवार दो युवक पुलिस को देखते ही छिबरामऊ की तरफ भागने लगे। जिस पर एसएचओ बिलग्राम नारायण कुमार कुशवाहा,एसओजी/स्वाट टीम प्रभारी ब्रजेश कुमार मिश्रा और सर्विलांस टीम प्रभारी आशीष सिंह के नेतृत्व में उनकी टीमों ने घेराबंदी की,जिस पर बाइक सवारों ने एक खण्हर नुमआ मकान की आड़ लेते हुए गोली चला दी,इधर से बचाव में पुलिस टीम को भी फायरिंग करनी पड़ी। जिसके चलते बाइक सवार सुरेंद्र पुत्र शिवचरण निवासी दरियापुर राजदेवे थाना नखास ज़िला संभल बाएं पैर में गोली लगने से ज़ख्मी हो कर गिर पड़ा,जिसे पुलिस टीम ने पकड़ लिया,जबकि दूसरे बाइक सवार नरेश उर्फ आज़ाद पुत्र मुनीराम निवासी मराहट थाना शिवला कला ज़िला बिजनौर को भी गिरफ्तार कर लिया।। एसपी श्री गोस्वामी के मुताबिक उन दोनों के पास से 9 किलो डोडा, दो तमंचें, तीन कारतूस, दो खोखे और एक बाइक बरामद की गई। रात 12:54 से 1:54 तक घंटे चली मुठभेड़ में एसआई निशुन्दु तिवारी और कांस्टेबिल नितिन भी ज़ख्मी हुए,जिन्हे इलाज के लिए बिलग्राम सीएचसी ले जाया गया।



घायल पुलिसकर्मी का हालचाल लेते एसपी केसी गोस्वामी। अमृत विचार

### अन्तर्जनपदीय गिरोह बना कर करते तस्करी

पुलिस से हुई मुठभेड़ में पकड़े गए शातिर सुरेंद्र और नरेश दोनों नशा तस्करी के अन्तर्जनपदीय गिरोह के सदस्य है। कई ज़िलों की पुलिस को काफी अरसे से उनकी तलाश में थी। डोडा की तस्करी के लिए दोनों बाइक जा रहे थे। पुलिस ने उन दोनों से पूछताछ कर अपनी अगली रणनीति की तैयारी शुरु कर दी है।

### कई जिलों में दर्ज मामले

पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने बताया कि मुठभेड़ में पकड़े गए अभियुक्त सुरेंद्र के खिलाफ बदायू, शाहजहांपुर, बिजनौर, संभल, रामपुर और अमरोहा ज़िले के कई थानों में 10 और नरेश के खिलाफ फ़िरोज़ाबाद ज़िले के पचोखरा और टूण्डला थानों में पांच मामले दर्ज है। सभी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# सीएचसी में 15 दिनों से नहीं टीबी की दवा, मरीज परेशान

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद पर टीबी रोगियों के लिए पिछले 15 दिन से दवाएं नहीं हैं। लू और तपिश में प्रतिदिन अस्पताल आकर मरीज वापस लौट रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद में टीबी वार्ड में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं, लेकिन यहां पर मरीजों के लिए पिछले 15 दिन से दवाएं उपलब्ध नहीं है। यहां आने वाले मरीजों को दवाओं के लिए बैरंग वापस लौटना पड़ता है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे एक मरीज अनीश ने बताया वह काफी दिनों से अस्पताल के चक्कर लगा रहा है और उसे टीबी की दवाएं नहीं मिल पाई। एक दिन की दवा वह प्राइवेट मेडिकल स्टोर से लेकर आया है। उसने बताया कि अगर टीबी रोग की दवा एक दिन के लिए छूट जाती है तो मरीजों की दिक्कतें बढ़ जाती हैं। कटरा निवासी एक मरीज के पिता ने बताया कि वह 15 दिन से अस्पताल के चक्कर लगा रहा है, लेकिन अस्पताल में टीबी रोग की कोई दवाई नहीं है। जिससे परेशानी हो रही है। कुल मिलाकर जनपद मुख्यालय पर भी टीबी की दवाएं उपलब्ध न होने की खबरें समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही हैं इससे यह पता चलता है कि स्वास्थ्य विभाग के पास टीबी रोग की दवाएं उपलब्ध ही नहीं है।

> ऊपर से ही अस्पताल को दवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं जिस वजह से मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उच्च अधिकारियों को दवा की अनुपलब्धता के बारे में अवगत करा दिया गया है। जल्द ही स्टॉक में टीबी की दवाएं आ जायेगी।
>
> -बीके मिश्रा, फार्मासिस्ट

# बहन की ससुराल आए भाई की छत से गिरकर हुई मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** मां-बाप और भाइयों के न रहने के बाद हापुड़ में जॉब कर रहा युवक अपनी इकलौती बहन के घर आया हुआ था। वहीं छत पर सो रहा था,उसी बीच वह नीचे गिर कर ज़ख्मी हो गया। उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,लेकिन उसी बीच उसकी मौत हो गई।

बताया जाता है कि सीतापुर ज़िले के कचूरा थाना महोली निवासी 28 वर्षीय संदीप अपने पांच भाइयों में छोटा था और इकलौती बहन सरिता कोतवाली शहर के रद्धेपुरवा में ब्याही है। उसके मां-बाप की पहले ही मौत हो चुकी थी और एक-एक कर चार भाई भी नहीं रहे। हापुड़ में जॉब करने वाला संदीप वहां से जब आता था तो अपनी इकलौती बहन सरिता के ही घर में रुकता था। वह दो दिन पहले ही हापुड़ से आया हुआ था। बताते है कि शुक्रवार की रात को वहीं छत पर सो रहा था,उसी बीच वह छत से नीचे गिर कर ज़ख्मी हो गया। गिरने की आवाज़ सुन कर उसकी बहन की नींद टूट गई। उसका शोर सुन कर आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े। आनन-फानन में संदीप को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उसके शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है।

### बहन के लिए अब नहीं बचे मायके के मायने

रद्धेपुरवा में ब्याही सरिता के मायके में मां-बाप और पांच-पांच भाई थे, लेकिन पहले तो मां-बाप नहीं रहे,उसके बाद एक-एक कर चार भाई भी नहीं रहे। संदीप उसका इकलौता भाई था और उसी से मायके के मायने भी थे, लेकिन अब संदीप भी नहीं रहा। अब तो सरिता के लिए मायके के मायने ही खत्म हो गए। अपने इकलौते बचे भाई की मौत से बदहवास हो चुकी सरिता की आंखों से टपक रहे आंसू थमने का नाम ही नहीं ले रहें हैं।

# विद्युत उपभोक्ता बना सकेंगे अपना बिल

हरदोई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) लगातार अपनी कार्य प्रणाली को अपडेट कर रहा है।

विद्युत विभाग में बीते वर्षों में कई नई तब्दीलियां देखने को मिली हैं। विद्युत विभाग सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय है। लगातार उपभोक्ताओं की शिकायत सोशल मीडिया पर प्राप्त कर उस पर कार्रवाई कर रहा है। साथ ही विद्युत विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर भी जारी किए हुए हैं जिस पर उपभोक्ता अपनी समस्त शिकायतें विद्युत विभाग तक पहुंचा सकते हैं जिसके बाद उपभोक्ताओं की शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेज दी जाती है। निस्तारण के लिए विद्युत विभाग द्वारा समय भी निर्धारित किया हुआ है। हालांकि इन सब के बीच विद्युत उपभोक्ताओं की जो सबसे बड़ी समस्या है वह है बिलिंग की। अधिकांश ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्र में लोगों की बिल्कुल लेकर शिकायत है। लोगों की शिकायत हैं कि उनके घर पर मीटर रीडर बिल निकालने के लिए नहीं पहुंचते हैं और जब पहुंचते हैं तो एक साथ कई महीनो का बिल जनरेट कर देते हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं पर अधिक आर्थिक दबाव पड़ जाता है। कई बार गलत बिलिंग के शिकायत भी उपभोक्ताओं द्वारा की गई साथ ही कई उपभोक्ता द्वारा बिल ना निकाले जाने की शिकायत भी विभाग से की गई है। विभाग ने अब उपभोक्ताओं के सभी शिकायतों का तोड़ निकाल लिया है। विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के एंड्रॉयड और आईओएस पर एक एप को लांच कर दिया है इस ऐप की मदद से उपभोक्ता कई प्रकार की सुविधा का लाभ सकते हैं।



**सहूलियत**

▸▸ यूपीपीसीएल ने एंड्रॉयड और आईओएस के लिए बनाया ऐप

### उपभोक्ताओं को करना होगा यह काम

यदि आपके घर मीटर रीडर बिल निकालने नहीं आ रहा है तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप अपने एंड्राइड या आईफोन में यूपीपीसीएल कंज्यूमर एप को डाउनलोड कर अपना बिल स्वयं जनरेट कर सकते हैं। इसके साथ ही विद्युत उपभोक्ता इस ऐप को अपने मोबाइल में डाउनलोड कर अपना मोबाइल नंबर, ई-मेल और पैन कार्ड नंबर भरकर ऐप में रजिस्टर्ड होना होगा। इस ऐप पर कई अन्य सेवाओं का लाभ भी उपभोक्ता प्राप्त कर सकते हैं। विद्युत उपभोक्ता इस एप के माध्यम से बिल का ऑनलाइन पेमेंट भी कर सकते हैं। ऐसे में विद्युत उपभोक्ताओं की बिल को लेकर अब समस्या समाप्त हो जाएगी और उपभोक्ता अपना बिल स्वयं से बनाकर जमा भी कर

### लाखों उपभोक्ता होंगे लाभान्वित : एसडीओ

एसडीओ केपी सिंह ने बताया कि लगातार बिल से संबंधित शिकायत विभाग को प्राप्त हो रहे थी। विभाग इन शिकायतों के निस्तारण के लगातार प्रयास कर रहा था जिसको लेकर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा यूपीपीसीएल कंज्यूमर ऐप को एंड्रॉयड और आईओएस प्लेटफॉर्म पर लाया गया है, जिससे हर विद्युत उपभोक्ता इस सुविधा का लाभ ले सके।इस एप के माध्यम से हजारों लाखों विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। उपभोक्ता इस एप से बिल बनाकर जमा भी कर सकेंगे साथ ही उपभोक्ताओं की बिल से संबंधित शिकायतें भी लगभग समाप्त हो जायेंगी यह ऐप उपभोक्ताओं को काफी सुविधा देने वाला है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में रुला रही है बिजली आपूर्ति

**हरदोई।** एक और जहां गर्मी बढ़ रही है वहीं दूसरी ओर बदहाल विद्युत आपूर्ति उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आने का कोई समय निर्धारित नहीं है। अधिकांश समय लोकल फाल्ट के चलते खराबी बनी ही रहती है। इन दिनों जिले का तापमान 40 के आसपास पहुंच रहा है। बढ़ रही गर्मी में बिजली की मांग भी बढ़ गई है, लेकिन बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही विद्युत आपूर्ति की समस्या लोगों के सामने बढ़ती जा रही है।

## सार-संक्षेप

### पुलिस ने घेराबंदी कर दो को तमंचें बनाते हुए पकड़ा

**हरदोई, अमृत विचार।** शातिरों ने पुलिस की नज़रो से बचने के लिए असलहे बनाने के लिए झोपड़ी को ठिकाना बना रखा है। हरपालपुर पुलिस ने शनिवार को अलल सुबह झोपड़ी की घेराबंदी कर उसके अंदर तमंचे बना रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्ज़े से बने-अधबने तमंचे, कारतूस और खोखे के अलावा उन्हे बनाने के उपकरण बरामद किए है। एसएचओ हरपालपुर आनंद नारायण त्रिपाठी, एसआई महावीर सिंह और पुष्कर वर्मा के अलावा अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे,उसी बीच पता चला कि कुछ लोग नुर्रापुरवा के खेत में झोपड़ी डाल कर उसमें असलहे बना कर उन्हे बेंचते है। इस पर पुलिस टीम बताए गए ठिकाने पर पहुंची और उसी झोपड़ी की घेराबंदी उसके अंदर से वकील खां पुत्र वसी मोहम्मद व सद्दाम हुसैन पुत्र दिल हसन निवासी जोतपुरवा (ज्योति पुरवा) मजरा ककरा को गिरफ्तार कर उनके कब्ज़े से तीन बने,दो अधबने तमंचें, दो कारतूस, एक खोखा और असलहे बनाने के उपकरण बरामद किए गए है।

### टीबी के मरीज की संदिध हालात में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** एक साल से टीबी का इलाज करा रहे युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उससे पहले उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था,जहां से उसे लखनऊ रिफर कर दिया गया था।लखनऊ ले जाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत की वजह पता चलेगी। शाहाबाद कोतवाली के उधरनपुर निवासी 45 वर्षीय नंदकिशोर पुत्र रामचन्द्र का करीब साल भर से टीबी का इलाज चल रहा था। शुक्रवार को उसकी एका-एक तबियत बिगड़ गई। घरवाले उसे मेडिकल कालेज ले कर पहुंचें,जहां के डाक्टरों ने उसे देखते ही लखनऊ के लिए रिफर कर दिया। एम्बुलेंस-108 की मदद से उसे लखनऊ ले जाया जा रहा था,उसी बीच रास्तें में कोथावां के पास पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। उसके घर वाले कहते रहे कि टीबी से मौत हुई,लेकिन वहां के डाक्टरों ने उसे संदिग्ध मान कर पुलिस को सूचना भेज दी, इसका पता होते ही वहां पहुंची बेनीगंज पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। नंद किशोर के परिवार में उसकी पत्नी प्रीती के अलावा दो बेटे नितिन व प्रियांशु और एक बेटी नित्या है। नंदकिशोर दो ही भाई थे,एक की पहले ही मौत हो चुकी थी। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह का पता चल सकेगा। फिलहाल जांच की जा रही है।

### व्यवस्थाएं बनी पर लागू होने से पहले ही तोड़ गई दम

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** नगर में सवारी वाहनों की भरमार के चलते मुख्य मार्ग भी जाम की समस्या से जूझ रहे हैं। पूरे दिन पुलिस कर्मियों को जाम को खुलवाने में पसीना बहाते देखा जा सकता है। बिलग्राम में ट्रैफिक विभाग के टीएस आई भी नियुक्त हैं। बावजूद इसके जाम से रोज़ लोगों को दो चार होना पड़ता है। बिलग्राम नगर पालिका के द्वारा जाम से निपटने के लिए व्यवस्थाएं जरूर बनाई गई, लेकिन वो अमल में आने से पहले ही दम तोड़ गयीं। नगरपालिका के द्वारा मुख्य चौराहा से सौ से दो सौ मीटर इर्द-गिर्द सवारी गाड़ियों के रुकने तथा सवारी उतारने और बैठाने के लिए मना किया गया था, ताकि मुख्य चौराहे पर कोई जाम न लग सके। इसके लिए बाकायदा हरदोई रोड, कानपुर रोड, तथा सांडी रोड पर तय दूरी पर बस स्टैंड के बोर्ड भी लगवाये गये, परंतु इन बोर्डों को न तो कोई पढ़ता है और न ही इस पर वाहन चालक अमल करते हैं। कोतवाली पुलिस भी कुछ ज्यादा तवज्जों नहीं देती, जिस कारण बस स्टाफ के ये बोर्ड शोपीस बन कर रह गए हैं यही नहीं कोतवाली गेट और मुख्य चौराहे से वाहन चालक सवारियों को उतारते और बैठाते हैं, लेकिन पुलिस तमाशाई बन कर खड़ी रहती है। पता नहीं उन पर किस का दबाव रहता है जिस कारण वो ऐसे वाहनों पर कार्रवाई नहीं कर पाती है। यही कारण है कि आये दिन जाम लगा ही रहता है।

### किशोरी ने घर पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरियावां, हरदोई, अमृत विचार।** किशोरी ने मकान की छत के कुंडे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हरियावां थाने के मदरावां निवासी अनिल कुमार की चार बेटियां है। 13 वर्षीय पुत्री प्रिया उच्च प्राथमिक विद्यालय में आठवीं पास कर चुकी थी। शनिवार को अनिल भैंस चराने गया था और उसकी पत्नी कहीं रिश्तेदारी में गई हुई थी। उसी बीच उसका शव मकान की छत के कुंडे में दुपट्टे से फांसी पर लटका हुआ देखा गया। जबकि छात्रा के घर वालों का कहना है कि वे लोग घर पर नहीं थे, कैसे क्या हुआ,इसका उन्हे कुछ पता चल सका। उसी बीच वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में ले कर वहां पूछताछ शुरु कर दी है। वहीं फील्ड यूनिट भी मामले की जांच कर रही है। एसएचओ हरियावां भावना भारद्वाज का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मौसम** — लगातार बढ़ रहा तापमान, राहत पाने को मौसमी फलों का सेवन कर रहे लोग

# गर्मी में राहत दे रहा तरबूज, खरबूजा व ककड़ी-खीरा

हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में लगातार तापमान बढ़ रहा है। बीते शुक्रवार को 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली पछुआ हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। गर्म हवाओं के चलते जिले का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए जगह-जगह तरबूज व खरबूजा बिक रहा है। हालांकि दौर महंगाई का है, लेकिन मौसमी फल की बिक्री जमकर हो रही है। यह जहां शरीर में पानी की कमी को दूर करता है, वहीं लू से भी बचाव करते हैं।

जिले में लगातार तापमान का बढ़ना जारी है। दोपहर लोग बढ़े तापमान की वजह से सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। बाजारों में ग्राहकों के अभाव में दुकानदार झपकी मारते रहते हैं। इस भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए खरबूजा व तरबूज काफी सहयोग कर रहा है। जगह-जगह तरबूज व खरबूजे की बिक्री हो रही है। एक समय था जब पांच रुपये तरबूज में पूरा परिवार तरोताजा हो जाता था, लेकिन अब यह भी महंगाई से अछूता नहीं रह गया है।

बाजार में 70 रुपये प्रति किलो तरबूज बिक रहा है, वहीं खरबूजा 55 से 60 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिक रहा है। पछुआ हवा शरीर में पानी की कमी को बढ़ाती है। इसकी पूर्ति करने के लिए खरबूजा-तरबूज जैसे मौसमी फल काफी सहायक है। गंगा कटरी के किनारे बसे गांवों में तरबूज व खरबूजे की खेती बहुतायत होती है। आवारा जानवरों से जायद की इस फसल को बचाने के लिए भरी दोपहर में किसानों को गर्म रेत के किनारे डेरा डालना पड़ता है। जिले में गंगा नदी के किनारे बसे गांवों में खरबूजा, तरबूज, ककड़ी व खीरा की पैदावार अच्छी होती है। शाहाबाद क्षेत्र में खीरा बहुतायत पाया जाता है। यह जिले से लेकर दूसरे जिलों तक अपनी पहुंच बनाए हुए है। गर्मी के मौसम में ठंडी तासीर की चीजों की मांग बेहद बढ़ गई है। महंगाई के बावजूद लोग मौसमी फल का आनंद लेने में पीछे नहीं है। नतीजतन गांव से लेकर शहर तक तरबूज-खरबूजा की भरमार है। हालांकि अभी इनके दाम ज्यादा हैं, लेकिन बढ़ रही गर्मी के कारण खपत भी लगातार बढ़ रही है।



बाजार में बिकता तरबूज व खरबूजा। अमृत विचार

### पोल से टकराई बाइक मैकेनिक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** सब कुछ दुरुस्त करने के बाद मैकेनिक बाइक का ट्रायल कर रहा था। तभी बाइक बिजली के पोल से टकरा गई। जिससे बुरी तरह से ज़ख्मी हुए मैकेनिक को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। साण्डी थाने के नीभापुर निवासी रामसनेही का 19 वर्षीय पुत्र सन्देश बाइक मैकेनिक था। उसकी हसनापुर में दुकान थी। शुक्रवार की शाम बाइक सही करने के बाद वह ट्रायल करने के लिए निकला। उसी बीच बाइक बिजली के पोल से टकरा गई, जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। मेडिकल कालेज में उसकी मौत हो गई। मौत होने की खबर सुनते ही सन्देश के घर में कोहराम मच गया। सन्देश दो भाइयों में छोटा था। सवायजपुर कोतवाली के किरतियापुर से उसकी शादी तय हो चुकी थी।

# पुलिया तोड़कर सूखी नहर में गिरा ट्रैक्टर, तीन बच्चों की मौत

## हादसे में पांच बच्चों समेत ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** सदरपुर थाना इलाके में खेतों में गन्ने की बुआई कर वापस जा रहा ट्रैक्टर नहर की पुलिया तोड़ते हुए नीचे गिरने से चीख पुकार मच गई। दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबने से उस पर सवार तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में ट्रैक्टर के हल पर सवार पांच बच्चों समेत ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां ट्रैक्टर चालक की हालत गंभीर बनी हुई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पहाड़ापुर निवासी किसान विश्राम पुत्र जियालाल शनिवार की दोपहर अपने खेतों में ट्रैक्टर की मदद से गन्ने की बुआई के लिए गांव के बच्चों को लेकर गये थे। बताया जाता है कि गन्ने की बुआई के उपरान्त वापस आते समय खेतों में बुआई का काम करवा रहे 8 बच्चे ट्रैक्टर और उसके हल पर सवार होकर घर जाने के लिए बैठ गये। खेतों से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित नहर पुलिया को पार करते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर पुलिया की रेलिंग तोड़ते हुये 10 फीट नीचे सूखी नहर में पलट गया। दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर सवार बच्चों में अंब्रीश (10) पुत्र दुलारे, छोटू (12) पुत्र संजय, अमन (08) संकटा की मौके पर मौत हो गई। हादसे में पहाड़ापुर के ट्रैक्टर चालक विश्राम (65) पुत्र जियालाल, नितिन (11) पुत्र राम दुलारे, आशुतोष (14), अविनाश (10) पुत्रगण चंद्रिका, प्रदीप (08) पुत्र छत्रपाल, रामपुरकलां के शिवा (10) पुत्र सत्रोहन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना ग्रामीणों में जंगल में आग की तरफ फैलते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां ट्रैक्टर चालक की हालत गंभीर बनी हुई है।

### दर्दनाक हादसा

- भाजपा विधायक ने पहुंचकर पीड़ितों के परिवारों से की मुलाकात, बंधाया ढांढ़स


अमन (फाइल फोटो)।


पुलिया तोड़कर नीचे गिरा ट्रैक्टर सहित हल और पड़ा गन्ने का अवशेष।


हादसे के बाद सूखी नहर में पलटा क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर व मौके पर मौजूद सैकड़ों ग्रामीण।

### बाल मजदूरी तो नहीं बनी घटना की वजह!

हादसे के बाद मौजूद ग्रामीणों का दबी जुबान कहना था कि किसान/ ट्रैक्टर चालक विश्राम (घायल) अपने खेतों में गन्ने की बुआई के लिए गांव के छोटे-छोटे बच्चों को अपने साथ कुछ पैसों का लालच देकर लेकर गया होगा। गन्ना बुआई के बाद वापस आते समय किसान विश्राम को बच्चों को ट्रैक्टर और हल पर बैठाकर नहीं लाना चाहिए था। ग्रामीणों का कहना था कि थोड़ी सी लापरवाही के चलते तीन बच्चे मौत के गाल में समा गये और कुछ बच्चे अस्पताल में जिन्दगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे है।


मृतकों के परिवार वालों के बीच पहुंचकर सांत्वना देतीं भाजपा विधायक आशा मौर्या।

### विधायक पहुंचीं पीड़ितों के बीच

हादसे की चीख पुकार और करुणाकंदन देखकर ग्रामीणों के रौंगटे खड़े हो जा रहे थे। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची महमूदाबाद सीट से बीजेपी विधायक आशा मौर्या ने घायलों और मृतक बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर पीड़ितों को ढांढस बंधाया और सांत्वना दिया। विधायक आशा मौर्या ने बताया कि इस हादसे में सरकार और जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवारों के साथ खड़े है।

> ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिरने से हादसे में तीन बच्चों की मौत हुई है जबकि चालक सहित छह लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी बिसवां भेजा गया है, इलाज जारी है। मृतक बच्चों के शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।
>
> **–मुकेश कुमार, उपनिरीक्षक थाना सदरपुर**

### मृतक तीनों बच्चों की पारिवारिक स्थिति

ग्रामीणों ने बताया कि मृतक तीन बच्चों में छोटू के पिता संजय और मां मजदूरी करते है और उसके तीन भाई अब्रेश 14 वर्ष, अनुराग 5 वर्ष, सूरज उम्र 3 वर्ष सहित एक माह की बहन है। इसके साथ ही मृतक अंब्रीश (10) पुत्र दुलारे के परिवार में कौशल कुमार 17 वर्ष, राहुल 13 वर्ष, नितिन उम्र 12 वर्ष घायल शामिल है। मृतक के पिता मजदूरी करते है। हादसे में तीसरा मृतक अमन घर का एकलौता था और उसके पिता भी दो वर्ष पूर्व स्वर्गवासी हो गये थे। मृतक की मां मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करती है। इस दुर्घटना से पहले भी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने की घटनाएं हो चुकी हैं।

## एक नजर

### पति-पत्नी ने मां को पीटा जिला अस्पताल रेफर

**लहरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर में मामूली बात पर पति-पत्नी ने मां को बेरहमी से पीट दिया। जिससे बुजुर्ग महिला की हालत खराब हो गई। जिन्हें नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शुक्रवार देर शाम कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर में मामूली बात पर सोने श्री पत्नी राजेंद्र उम्र लगभग 50 वर्ष को उसके लड़के रमेश और उसकी पत्नी गीता ने बेरहमी से मारा पीटा। जिससे उन्हें गंभीर चोटे आई हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस व एम्बुलेंस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सोने श्री को एंबुलेंस में लादकर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### ई-रिक्शा पलट जाने से युवक घायल

**लहरपुर।** ई-रिक्शा पलट जाने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खानपुर सादात निवासी 32 वर्षीय विजय पुत्र गुरुदीन लालपुर बाजार गया था। जहां से वापस आते समय लालपुर मंडी के निकट अचानक ई-रिक्शा पलट गया। जिससे विजय गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल विजय को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर परिजनों को सूचना देकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### घर में घुसकर महिलाओं को पीटने का आरोप

**रेउसा, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना रेउसा इलाके में शुक्रवार की देर रात दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं को पीटा। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया। रेउसा थानाक्षेत्र के गौहनिया निवासी संजय पत्नी हेमा घर में अकेले थी। आरोप है कि गांव के ही राजू, छोटू रात के 11 बजे करीब घर में घुस आए। अभद्रता की, करने पर जान से मारने की धमकी दी। वहीं शोर-शराबा सुनकर सास-ससुर मौके पर पहुंचे तो हेमा, ससुर पांचू, सास परशुवती आदि की भी पिटाई कर दी। जिससे गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। पीड़ित थाने पहुंचे, लेकिन पीड़ित के मुताबिक रात में पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। सुबह उनका मेडिकल कराया गया।

### अनियंत्रित होकर बाइक पलटने से एक घायल

**रेउसा, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना थानगांव इलाके में बाइक अनियंत्रित होकर बाइक पलट गई। जिसमें बाइक सवार घायल हो गया। जिसे सीएचसी रेउसा पहुंचाया गया। अंबेडकर नगर के थांना जहांगीरगंज के ग्राम नूरुद्दीनपुर निवासी देवेंद्र मिश्र पुत्र जगन्नाथ मिश्र नवभारत फर्टिलाइजर प्राइवेट कंपनी में कार्यरत है। शनिवार को बाइक से थानगांव क्षेत्र में ड्युटी जा रहे थे। खनुवापुर गाँव के पास बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। पड़ोस में लगे ब्लेड तार से जख्मी हो गए। सीएचसी में इलाज किया जा रहा है।

### बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**कमलापुर।** सदर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेहणा पहुंचे सीतापुर लोकसभा सीट से सांसद पद के बसपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह यादव ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी जैसी अव्यवस्थाएं दूर करके कानून का राज अस्थापित कराने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने महेंद्र सिंह यादव का फूलमालर पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर बसपा जिलाध्यक्ष विकास राजवंशी, डॉ. सुधीर राजवंशी, विजय कुमार, शैलेन्द्र कुमार, भगवान दीन, सुशील कुमार, संतराम, विजय भार्गव, कौशल भारती, संजय गौतम, रामजीवन, मनीराम, सुशीला आदि मौजूद रहे।

# नाराज अधिवक्ताओं ने भ्रष्टाचार और तानाशाही के लगाये आरोप

### नाराजगी

- एसडीएम की कार्यशैली पर अनिश्चितकाल तक न्यायालय के कार्यों के बहिष्कार का लिया निर्णय, दी प्रेस विज्ञप्ति

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** तहसील परिसर की चर्चाएं बाजारों में तब तेज हुईं जब महमूदाबाद लायर्स एसोसिएशन ने आयोजित बैठक में एसडीएम प्रशासनिक शिखा शुक्ला पर भ्रष्टाचार व तानाशाही रवैये जैसे आरोप लगाये और इसकी प्रेस विज्ञप्ति भी मीडियाकर्मियों को दी।

दरअसल एसोसिएशन ने एक बैठक आयोजित की, जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उपजिलाधिकारी (प्रशासनिक) शिखा शुक्ला द्वारा न्यायालय में भ्रष्टाचार करते हुए तानाशाही रवैया अपनाते हुए वादों के विधि विरुद्ध निर्णय पारित किए जाते हैं। अधिवक्ताओं के अनुसार इन्हीं वजहों से क्षुब्ध होकर लायर्स एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा न्यायालय के कार्यों का अनिश्चितकाल तक बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है।

### जो हिस्सा विवादित नहीं, उस पर भी जानबूझकर कार्यवाही क्यों की गई: अध्यक्ष

महमूदाबाद लायर्स एसोसिएशन अध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि यहां भ्रष्टाचार व्याप्त है। कोई अधिकारी किसी की बात नहीं सुनना चाहता। अधिकारियों को पैसे की बहुत आवश्यकता है। जो पैसे देगा उसी का काम होगा। जिससे अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। हाल ही में एक अधिवक्ता साथी हरिकरण सिंह यादव की जमीन पर 145 की कार्यवाही की गई थी। ऐसे में इन लोगों द्वारा वकील साथी के जायज हिस्से को भी नीलाम कर दिया गया। जो हिस्सा विवादित नहीं था उस हिस्से पर भी जानबूझकर कार्यवाही क्यों की गई?

### इनके हिसाब से काम न करने पर भ्रष्टाचार के लगाये जाते हैं आरोप: एसडीएम

मामले को लेकर जब एसडीएम से बातचीत का प्रयास किया गया तो उन्होंने इस मामले को लेकर कोई भी टिप्पणी न करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि इनके हिसाब से काम न करो तो भ्रष्टाचार जैसे आरोप लगा दिए जाते हैं।

# मतदाता जागरूकता के लिए निकाली जनजागरण यात्रा


जनजागरण यात्रा में मौजूद धर्माचार्य। अमृत विचार

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार।** शनिवार को कुट्टी सुपौली डंडी बाबा के स्थान पर, द्वितीय कार्यक्रम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तंबौर में किया गया। जिसमें अवध प्रांत के धर्माचार्य प्रमुख विमल मिश्रा, विभाग मंत्री विहिप आदित्य त्रिपाठी, जिला सहसंयोजक बजरंग दल, सीनू मिश्रा बजरंगी, प्रखंड अध्यक्ष विहिप, सतीश मिश्रा बजरंगी, नीरज निगम बजरंगी, सचिन बजरंगी, लवकुश बजरंगी सहित सैकड़ों बजरंग दल कार्यकर्ता एवं ग्रामीण लोग उपस्थित रहे। विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत के संतों और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने एक मई से जागरण यात्रा का शुभारंभ नैमिषारण्य से किया था, जो गांव-गांव तथा शहर-शहर जाकर लोकसभा चुनाव के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का काम रही है।

## सार-संक्षेप

### विधायक व प्रत्याशी ने चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन


कार्यालय के उदघाटन पर पूजा अर्चना करते विधायक व प्रत्याशी। अमृत विचार

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के अंतर्गत रामपुर मथुरा में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार शाम को बीजेपी प्रत्याशी राजेश वर्मा व सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने फीता काट कर कार्यालय का उद्घाटन व विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया। जिसमें क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। राजेश वर्मा ने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज योगी और मोदी सरकार सर्व समाज के उत्थान के लिए अनेकों कदम उठा रही है हमारे सेउता क्षेत्र में घाघरा तटबंध बनाने के लिए बाढ़ कटान रोकने के लिए करोड़ों रुपए देकर बाढ़ कटान से बचाया है तथा रोडों का जाल बिछाने का काम किया है। आप सभी लोग आने वाले 13 में को सभी लोग भाजपा को वोट देकर मोदी के हाथों को मजबूत करें और ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाने का कार्य करें। वहीं विधायक ज्ञान तिवारी ने कहा कि सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, भ्रष्टाचार, भय मुक्त समाज तथा गुंडे माफिया दबंग लोगों से निजात दिलाने का कार्य किया है। जिससे भयमुक्त समाज का निर्माण हुआ है। वहीं जनता ने डेढ़ लाख पार जिताने का वादा किया है। इस अवसर पर चंद्रभूषण शुक्ला, कुलदीप मौर्य प्रधान प्रतिनिध, मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, बबलू सिंह, प्रदीप वर्मा, अशोक मिश्रा, जीत सिंह, मन्नू सिंह, श्री प्रकाश वर्मा, झब्बू प्रधान, रामसेवक वर्मा, केशव राम अवस्थी, विनोद अवस्थी, राम जन्म मौर्य सहित हजारों संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### पीड़ित को न्याय दिलाने में कमी न होने दें अधिवक्ता

**सीतापुर।** अधिवक्ता परिषद की जनपद इकाई ने शनिवार को बार एसोसिएशन सभागार में अधिवक्ता समागम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि अपर महाधिवक्ता उप्र अनिल प्रताप सिंह व मुख्य वक्ता परिषद अवध प्रांत अध्यक्ष ओम प्रकाश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय अवस्थी, महासचिव दिनेश त्रिपाठी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक उमाकान्त मिश्र, विभाग प्रचाकर अभिषेक, प्रान्त पर्यावरण संयोजक विष्णुदत्त दीक्षित, अधिवक्ता परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष हरिकरन लाल वर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, गोविन्द मिश्रा रहें। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेश प्रकाश श्रीवास्तव जबकि संचालन श्रीराम रस्तोगी ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्जवलन के साथ किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अपर महाधिवक्ता अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि लोकतात्रिक व्यवस्था के साथ देश को मजबूत और लोकतन्त्र को अक्षुण्ण बनाये रखने में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाने में अधिवक्ता किसी तरह की कानूनी कार्यवाही में कमी न होने दें। वहीं मुख्य वक्ता ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि अधिवक्ता का राष्ट्र निर्माण में बड़ा योगदान है। इसी के साथ उपस्थित अन्य अधिवक्ताओं ने भी कार्यक्रम को ''राष्ट्र निर्माण में अधिवक्ताओं की भूमिका'' विषय पर सम्बोधित किया। कार्यक्रम के समापन की घोषणा जिलाध्यक्ष सुरेश प्रकाश श्रीवास्तव ने राष्ट्रगान के साथ किया। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी अमरीष वर्मा, शैलेन्द्र सिंह रावत, मृत्युंजय प्रताप सिंह, आलोक कुमार तिवारी, अरविन्द पाण्डेय, जसकरन लाल, अरूण सिंह, वीरेन्द्र कुमार, राजेश कुमार, पंकज अवस्थी, विपुल, मीरा कटियार, मोनिका दीक्षित, नीलम गौड, अमित वर्मा, सूरज राय, अंजुल पाण्डेय, निर्भय जायसवाल, संदीप त्रिपाठी समेत काफी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।


माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते बार अध्यक्ष व अतिथि। अमृत विचार

### बिना सरिया के बनाये जा रहे लिंटर व बीम

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** ग्राम सभा ग्वाहडीह मे आरआरसी सेंटर का निर्माण कार्य लगभग 4 लाख रुपए से कराया जा रहा है। जिसमें नीचे बीम व लिंटर बिना सरिया के बनाए जा रहे हैं। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। घटिया सामग्री का निर्माण में प्रयोग किया जा रहा है आरसी सेंटर के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है मुख्यालय से दूर होने के कारण किसी भी अधिकारी का ध्यान उस तरफ नहीं जाता है। जिससे सरकार की स्वच्छ भारत मिशन की योजना पर पलीता लगाया जा रहा है। प्रधान और सचिव के द्वारा बंदरबांट करके आरसी सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है जब ग्राम सचिव प्रदीप कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार का दो-तीन बार फोन मिलाया गया फोन उठने पर उन्होंने बताया कि उसको तुड़वाकर पुन: निर्माण कराया जाएगा।

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व सपा नेता भाजपा में शामिल



भाजपा की सदस्यता लेने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व सपा नेता एवं भाजपा नेता।

**सीतापुर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी की नितियों पर विश्वास करते हुए विपक्षी दलों के नेता लगातार भाजपा का दामन थाम रहे हैं। इसी क्रम में सीतापुर जिला भाजपा कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र यादव व सपा नेता संतोष प्रजापति ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया।

इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने दोनों नेताओं को भाजपा का पटका व टोपी पहनाकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर जिला प्रभारी नीरज सिंह व लोकसभा प्रभारी दिनेश तिवारी ने भी दोनों नेताओं का भाजपा में स्वागत किया कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने बताया कि विपक्षी नेता हमारे यशस्वी नेता नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर निरंतर भाजपा का दामन थाम रहे हैं विपक्ष को चुनाव में बड़ा झटका लगतना तय है भारतीय जनता पार्टी की बड़े बहुमत के साथ सरकार बनने जा रही है वही कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया की एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है वहीं विपक्षी कुनबा सिमट कर नगण्य हो गया है राजेश शुक्ला ने भाजपा ज्वाइन करने वाले दोनों नेताओं से कहा कि कम समय है अपना प्रति मिनट भारतीय जनता पार्टी के लिए ऊर्जा लगाने में लगा दें जिससे राष्ट्रहित के यज्ञ में आपका भी योगदान हो जाए। और भारत को सुरक्षित हाथों में पहुंचने में आपकी मेहनत रंग ले आए ।इस अवसर पर सीतापुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा ने सपा छोड़कर भारतीय जनता पार्टी आए नेताओं का स्वागत किया ।कार्यक्रम का संचालन विश्राम सागर राठौर ने किया। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चैहान सहित सुधाकर शुक्ला, विश्राम सागर राठौर संजय मिश्रा रितेश सिंह इंदू सिंह सहित कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

### भाजपा चुनाव में मांग रही जनाशीष

भाजपा नेताओं ने अबकी बारी कृष्ण बिहारी का नारा देकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। राम जन्मभूमि पर भगवान राम का भव्य मंदिर बन जाने के बाद मथुरा में भगवान कृष्ण की जन्मस्थली पर मंदिर बनाने के लिए भाजपा 2024 के चुनाव में जनाशीष मांग रही है।

## सक्रियता

### आईओसी द्वारा चलाया जा रहा नि :शुल्क सुरक्षा अभियान

# घरेलू गैस उपभोक्ताओं के घर जाकर टीमें कर रहीं जांच


गैस सिलेंडर की जांच करता कर्मचारी।

**सीतापुर, अमृत विचार।** इंडियन ऑयल कारपोरेशन (आईओसी) के तत्वावधान में घरेलू उपभोक्ताओं के गैस चूल्हा, रेग्यूलेटर, पाइप आदि की सुरक्षा की जांच को लेकर एक निरूशुल्क अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान घरेलू गैस की लीकेज की वजह से लगने वाली आग की घटनाओं को देखते हुए चलाया जा रहा है।

इंडियन ऑयल कारपोरेशन के विक्रय प्रतिनिध मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि यह अभियान उपभोक्ताओं की सुरक्षा और हादसों का खतरा न्यूनतम करने के लिए चलाया जा रहा है। अभी तक पांच सालों में एक बार सुरक्षा जांच की जाती थी और इसके एवज में उपभोक्ताओं को शुल्क भी देना पड़ता था। लेकिन इस समय आईओसी द्वारा यह अभियान निरूशुल्क चलाया जा रहा है। फलह गैस सर्विस के वितरक मोनिस खां ने बताया कि यह अभियान आगामी तीन अक्टूबर तक चलेगा।

इस अभियान के तहत कंपनी के प्रतिनिधि उपभोक्ताओं के घर जाकर चूल्हा, रेग्यूलेटर, पाइप आदि की जांच कर रहे हैं। किसी भी उपकरण के खराब होने या फिर एक्सपायर होने की दशा में उसे रिआयती दर पर बदला भी जा रहा है। इसके साथ ही आईओसी के आपातकालीन हेल्प लाइन नंबर 1906 के बारे में भी उपभोक्ताओं को जानकारी दी जा रही है। इस नंबर पर उपभोक्ता किसी भी समय फोन कर अपनी समस्या का समाधान पा सकते हैं।

### इन बिंदुओं पर होती है जांच

- क्या घर की रसोई में सिलेंडर सीधा रखा है।
- रसाई में गैस चूल्हे को सिलेंडर के वांछित स्तर से ऊपर प्लेटफार्म पर रखा गया है।
- सुरक्षा नली में कोई दरार तो नहीं है।
- निरीक्षण के दौरान क्या सुरक्षा नली बदली गई है।
- निरीक्षण के बाद सुरक्षा नली की वैधता क्या है।
- क्या नियामक (डीपीआर) आईओसी का उपयोग कर रहा है।
- जांच वाला घर किस वर्ग का है, झोपड़ पट्टी, कम आय या एकल कमरा

### मायके व ससुरालवालों में चली लाठियां

**झरेखापुर।** विदाई को लेकर मायके व ससुरालियों के बीच हुये विवाद में दोनों पक्षो में जमकर लाठियां चलीं। हरगांव थाना क्षेत्र के बनिहार गांव निवासी सरोजनी अपनी बेटी पूनम को विदा कराने शनिवार को कोतवाली देहात इलाके के बनियानी गांव दामाद राकेश उर्फ सोनू के वहां आयी थी। राकेश के विदाई से मना करने पर विवाद हो गया। इसके बाद शनिवार देर शाम आक्रोशित मायके पक्ष से एक दर्जन लोगों ने बनियानी गांव आकर कहा सुनी करने लगे जिसमें दोनों पक्षों मे जमकर लाठी डंडे चलने लगे। मारपीट मे एक पक्ष के मंगू, गोविंद, राकेश, सविता, निशा, मालती, घायल हो गये तथा दूसरे पक्ष के पूनम, प्रेम, सरोजनी, बबली, अनीता गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों के मुताबिक दोनों पक्षों मे विदाई को लेकर आये दिन विवाद बना रहता था। कोतवाली देहात इंस्पेक्टर विमल गौतम ने बताया कार्रवाई की जा रही है।

# विवाह: पवित्र सामाजिक संस्कार



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उ.प्र.

सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋषि आशीष देते हैं, "हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से संबद्ध करते हैं।" स्तुति है कि, "हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो।"

आधुनिक सभ्यता के प्रभाव शुभ नहीं हैं। जीवन के सभी आयामों में आधुनिकता का बुरा प्रभाव पड़ रहा है। परिवार खूबसूरत संस्था है,लेकिन आधुनिकता की चपेट में है। वस्तुतः आधुनिकता प्राचीनता का ही हिस्सा है और उसी का विकास है। भारत प्राचीन सभ्यता है। इस सभ्यता का सतत विकास हुआ है। आधुनिकता और प्राचीनता को खंडों में नहीं बांटा जा सकता। प्राचीन सभ्यता से विकसित होकर बनने वाली आधुनिकता स्वागत योग्य है,लेकिन वर्तमान भारत की आधुनिकता में विदेशी सभ्यता की वरीयता है। यह प्राचीन भारतीय सभ्यता, दर्शन और अनुभूति को पिछड़ापन मानती है। उधार की विदेशी आधुनिकता ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों को कुप्रभावित किया है।

ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले ही भारत की संस्कृति और सभ्यता का विकास हो चुका था। भारतीय सभ्यता में परिवार आत्मीय संगठन थे। परिवार के सभी सदस्यों के एक साथ रहने और रमने के सूत्र आज भी दिखाई पड़ते हैं। विवाह पवित्र सामाजिक संस्कार है। इसके विकास में काफी समय लगा होगा। यह सतत् प्रवाहमान सामाजिक विकास का परिणाम है। विवाह ही प्राचीन समाज की मजबूती का आधार रहे हैं। वे स्त्री और पुरुष के बीच नेह बंधन में बंधे हुए थे। अब उधार की आधुनिकता ने 'लिव इन' नाम का दुखद दृश्य प्रस्तुत किया है। 'लिव इन' दोनों को संताप में रखता है। भारतीय समाज परिवारों में ही विकसित हुआ है। परिवार के सभी सदस्यों के सुख-दुख एक समान रहे हैं। सब साथ-साथ रहते थे। साथ-साथ उत्सव मनाते थे। वरिष्ठ नई पीढ़ी के साथ आनंदित रहते थे। वृद्ध ऐसे परिवारों के संचालक, नीति निर्माता और मुखिया रहे हैं, लेकिन उधारू सभ्यता के कारण परिवार के सदस्यों के मध्य अंतर्संवाद व अंतर्संगीत नहीं है। सब अलग-अलग रहना चाहते हैं। उधार की विदेशी आधुनिकता के कारण उपयोगितावाद मार्गदर्शी हो रहा है। जीवन की सांझ में वृद्ध उपयोगी नहीं दिखाई पड़ते। वृद्ध अकेले हैं। माता-पिता और अन्य वरिष्ठ प्राचीन भारतीय सभ्यता में आदरणीय रहे हैं। आधुनिक विदेशी सभ्यता के प्रभाव में परिवार के वरिष्ठ जनों का आदर घटा है। वृद्धों की सेवा पुत्रों-पौत्रों का दायित्व है। परिवार के सदस्य वरिष्ठों को घर में छोड़कर अलग रहते हैं। वृद्ध उपयोगी नहीं हैं। वे स्वयं अपना शरीर भी नहीं संभाल पाते। शारीरिक जीर्णता के साथ मानसिक संताप भी जुड़े हैं। वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं।

संवेदनाएं कुचालक हो गई हैं। परस्पर आत्मीयता घटी है। पश्चिम की सभ्यता आधुनिकता बनकर समाज तोड़ रही है। ऐसी सभ्यता से जुड़े विद्वान भारत में स्त्री की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। ऋग्वेद में विवाह नाम के उत्सव का वर्णन बार-बार पठनीय है। ऋग्वेद (10.85) में सूर्य पुत्री सूर्या के विवाह का रोचक वर्णन है। सूर्य प्रकृति की विराट शक्ति हैं। आराध्य हैं। यहां उनकी पुत्री के विवाह का उत्सव वर्णन है। यह वर्णन निरा काल्पनिक नहीं हो सकता। ऋग्वेद में विवाह के समय वर कहता है, "हे वधू सौभाग्य वृद्धि के लिए मैं आपका हाथ ग्रहण करता हूं। तुम मेरे साथ सदा रहना।" अग्नि देवता के चारो ओर सात चक्कर लगाने की परंपरा सप्तपदी में भी है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋषि आशीष देते हैं, "हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से संबद्ध करते हैं।" स्तुति है कि, "हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो।" पश्चिम प्रभावित भारतीय विद्वान नोट कर सकते हैं कि वैदिक काल में नारी की स्थिति कार्यपालक अधिकारी जैसी है। ऋग्वेद में कहते हैं,''यह नारी पूरे परिवार की प्रतिष्ठा वृद्धि करने वाली हो।" देवों से स्तुति है कि, ''इसे संतति युक्त सौभाग्यशाली बनाएं।" फिर सामूहिक आशीर्वाद देते हैं, "आप सास, ससुर, ननद व देवर की साम्राज्ञी बनें। पूरे परिवार की स्वामिनी बनें।" प्राचीन काल में स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं। युद्ध साधारण कर्म नहीं है। ऋग्वेद में विप्सला नाम की महिला के पैर टूटने का विवरण है। अश्विनी देवताओं ने टूटे पैर की जगह किसी धातु का कृत्रिम पैर लगाया था। इसी तरह एक महिला मुदग्लानी की भी वीरता का उल्लेख है। वैदिक काल की इसी परंपरा के दर्शन रामकथा में भी मिलते हैं। कैकई भी दशरथ के साथ युद्ध भूमि में थीं। लोपामुद्रा भी वैदिक मंत्रों की रचयिता हैं। पुरुष और स्त्री में भेदभाव की बातें व्यर्थ हैं।

आधुनिक विदेशी सभ्यता स्त्रियों को सम्माननीय दर्जा नहीं देती। इस सभ्यता ने उन्हें पुरुष से भिन्न अलग वर्ग बनाने के प्रयास किए हैं। वैदिक काल में स्त्री और पुरुष साथ-साथ काम करते हैं। वैदिक समाज का सर्वाधिक प्रिय पेय है सोम। ऋग्वेद के अनुसार पति-पत्नी दोनों मिलकर सोम पीसते हैं और साथ-साथ सोमरस का आनंद लेते हैं। साथ-साथ देव स्तुतियां भी गाते हैं। पत्नियां अपने पतियों के साथ पर्व उत्सवों में हिस्सा लेती थीं। एक मंत्र के अनुसार अग्नि देव से स्तुति है कि वे 33 देवताओं को पत्नियों सहित यज्ञ उत्सव में लाएं।

जीवन दिक्काल के भीतर है जिसका जन्म होता है उसकी मृत्यु भी होती है। जन्म के बाद धीरे-धीरे शैशव विकसित होता है। संभावना का घट टूटता है। जीवन ऊर्जा ऊर्द्धवगामी होती है। तब आती है तरुणाई। तरुणाई भी अल्पकालिक है। सूर्य आते हैं। उदित होते हैं। कालरथ का पहिया घूमता है। शरद आती है। हेमंत,शिशिर आते हैं। तमाम पूर्णिमा और बार-बार अमावस। जीवन का संध्याकाल आता है। शरीर जीर्ण होता है। ऊर्जा घटती है। आंखों की ज्योतिर्मयता घटती है। जन्म और मृत्यु के बीच बड़ा फासला नहीं होता। सामान्यतया 60 वर्ष की वय में वृद्धावस्था प्रकट हो जाती है। वृद्ध होना सबकी नियति है। सभ्यता और संस्कृति में वृद्धो के सम्मान को महत्वपूर्ण कर्तव्य बताया गया है। महाभारत के यक्ष प्रश्नों में माता-पिता को श्रेष्ठ स्थान दिया गया है। यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा, "आकाश सबसे ऊंचा है। हे धर्मराज आप बताएं कि आकाश से ऊंचा क्या है? ''युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "पिता आकाश से ऊंचा है।" यक्ष ने फिर पूछा, "पृथ्वी के गुरुत्व और भार से भारी क्या है?" युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "माता पृथ्वी से भारी है।

माता सृष्टि की आदि अनादि अनुभूति है। हम सब मां का विस्तार हैं।" हमारे भीतर माता और पिता दोनों की उपस्थिति है। लेकिन जीवन की सांझ में वे एकाकी हैं। वे चाहते हैं कि पौत्र और पौत्रियां उनका हाल-चाल लें। उनसे बातें करें। वे डांटें तो हम उनकी डांट खाकर भी प्रसन्न रहें। वृद्धों के पास जीवन अनुभव होते हैं। ऋग्वेद के एक सुंदर मंत्र में सभी वरिष्ठों को नमस्कार किया गया है, "इदं नमः ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृदभ्यः-ऋषियों को नमस्कार है। पूर्वजों को नमस्कार है। वरिष्ठों व मार्गदर्शकों को नमस्कार है।" (ऋग्वेद 10.14.15) वरिष्ठों के सम्मान का यही तत्व महाभारत में भी है। कहते हैं कि, "वह सभा सभा नहीं है जिसमें वृद्ध नहीं हैं। वह वृद्ध वृद्ध नहीं हैं। जो धर्मतत्व नहीं जानते।" उधार की विदेशी सभ्यता ने इस परम्परा को उपयोगितावाद के हवाले कर दिया है। यह शुभ नहीं है। भारत को प्राचीनता के गर्भ से जन्म लेने वाली आधुनिकता की आवश्यकता है।

# गलत कार्यों से कमजोर होता है आत्मबल



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

नाटक हो या सिनेमा का पर्दा। नायक के आते दर्शकों की तालियां बजने लगती हैं। इसमें वह भी शामिल होता है जिसका स्वयं का जीवन सामान्य नहीं कूरतम अपराधों का रहा। वह जेल तक गया और सजा की अवधि पूर्ण कर बाहर आया। ऐसा इसलिए होता है,क्योंकि हर दर्शक के मन में नायक के प्रति लगाव होता है। लगाव का कारण स्पष्ट है,क्योंकि नाटक और फिल्म में जो खलनायक होता है,वह निकृष्ट भूमिका में होता है। हर तरह के गलत कामों को अंजाम देता है,लेकिन जब वह नायक के सामने पड़ता है तब उसका आत्मबल क्षीण होने लगता है। अपने खलनायकी स्वभाव के चलते वह नायक से मोर्चा लेता है। जब कभी नायक के पराजित होने का दृश्य दिखाई पड़ता है तब दर्शकों की सांसें ठहर-सी जाती हैं। मन ही मन नायक के लिए दर्शक दुआ करने लग जाते हैं। दृश्य बदलता है। कुछ ही पलों में नायक भारी पड़ने लगता है और खलनायक को मारने लगता है तब दर्शकों की ओर से आवाज भी आने लगती है और मारों इसको। हालांकि इस आवाज का कोई मतलब नहीं होता। नाटक और फिल्म की कहानी तो पहले ही तय हो चुकी है,लेकिन आवाज लगाने वालों को आंतरिक सुकून अवश्य मिलता है।

अब जरा पर्दे से हटकर निजी जीवन की भूमिका पर नजर डाली जाए तो क्या ऐसा होता है कि किसी भी क्षेत्र में गलत रोल अदा करते समय मन यह कहता है कि कोई नायक आए और उसे फिल्म वाले नायक की तरह प्रताड़ित करे? उत्तर शायद ही 'हां' में आए,क्योंकि 'हां' का उत्तर यदि आएगा तब खुद ही मन रुक जाएगा कि गलत कामों का परिणाम गलत ही मिलता है,लेकिन निजी जीवन में तो यही महसूस होता है कि किसी को गलत कार्य किया जाएगा। इतनी सावधानी बरती जाएगी कि किसी को इसकी जानकारी लग पाएगी। देखा जाता है कि मन द्वारा बताए जाने के बावजूद नियम विरुद्ध गलत काम करने में जो खुद को ज्ञाता और पढ़े-लिखे तथा होशियार मानते हैं,वे इसलिए कदम बढ़ा देते हैं,क्योंकि उन्हें मालूम है कि यदि किसी संकट में वे फंसेंगे तो बचाव के लिए वे मददगार खरीद लेंगे। इस तरह वे गलत कार्यों की ओर बढ़ जाते हैं और बच भी जाते हैं,लेकिन इसका परिणाम यह होता है कि एक अज्ञात भय तो मन में समा ही जाता है।

गलत कार्यों की जानकारी संभव है कि किसी अन्य को नहीं हो सके,लेकिन खुद के मन को तो मालूम है कि नियम विरुद्ध गलत कार्य किया गया है। जब कभी खुद को होशियार मानने वाले के गलत कार्यों का खुलासा होता है और वह कानून के शिकंजे में फंसता है तब उसी तरह की गलती और अपराध करने वाले अन्य लोगों का भी मन भयाक्रांत होने लगता है। इस भय से शरीर पर कितना कुप्रभाव पड़ता है, इसका आकलन किया जाए तो गलत कार्यों से जो लाभ या सुख मिला है, वह बहुत छोटा ही होता है। धीरे-धीरे मन चोर की तरह होने लगता है। इसे ही कहते हैं कि 'चोर की दाढ़ी में तिनका।' मन में चोर-भाव आते ग्लानि के साथ आत्मबल गिरता है जिसका आत्मबल कमजोर होता है, उसकी स्थिति फिल्म और नाटक के खलनायक जैसी हो जाती है। इसीलिए इतने खूबसूरत जीवन में कार्य ऐसा ही करना चाहिए कि जब खुद अपने कार्यों का मूल्यांकन करने की ईमानदार-कोशिश हो तो मन 'वाह' कहे न कि धिक्कारें। ऐसे लोग नायक जैसे होते हैं। जहां जाते हैं वहां उनके आभामंडल का ऐसा प्रभाव पड़ता है कि लोगबाग मन से खुशी की तालियां बजाने लगाते हैं जबकि खलनायक प्रवृत्ति के लोगों के लिए तालियां प्रायोजित करनी पड़ती है।

# वनाग्नि का हो स्थायी समाधान



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

स्थानीय लोगों में समझदारी और उनका सहयोग भी जरूरी है। नहीं तो उनकी जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जाए। कुछ ऐसी पारिस्थितिकी परिस्थिति उत्पन्न की जाए कि आगजनी के मामले घटे।

बीते कई दिनों से संपूर्ण उत्तराखंड से लेकर जम्मू कश्मीर की यात्रा पर हूं। रास्ते भर सुंदर प्राकृतिक नजारे मिल रहे हैं, लेकिन उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों में जंगलों में आग लगने के दृश्य विचलित करने वाले हैं। दरअसल आग को लगातार धधकने के लिए ऑक्सीजन चाहिए और जंगलों में इसकी कोई कमी नहीं। तभी लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए जंगलों का रुख करते हैं।

उत्तराखंड के अधिकतर क्षेत्रों में चीड़ के पेड़ बहुत है और आग फैलाने में इनका बड़ा योगदान है। गर्मी का समय से पहले बढ़ जाना आग लगने का दूसरा प्रमुख कारण है। तीसरा कारण है ईंधन। जब जंगलों में पत्तियां सूखी हुई हों तो एक छोटी सी चिंगारी भी दूर-दूर तक फैलकर विकराल रूप धारण कर लेती हैं। आग लगाने से नई घास आती है इसलिए जंगलों में आग लगा दी जाती है ताकि चारे के लिए अच्छी घास मिले। जंगल के आसपास की आबादी में जब कूड़ा जलाया जाता है तो यह भी आग लगने का कारण बनता है। कैंप फायर भी वनाग्नि की बड़ी वजह है। निम्न हिमालय में पौधों की प्रजाति, आबादी और मानव गतिविधियों के कारण आग फैलना आसान हो जाता है।

एफआरआई की रिपोर्ट के अनुसार 90 प्रतिशत आग की घटनाएं मानव जनित हैं। बैसाखी के आसपास गेहूं की फसल कटाई के बाद जब अगली फसल बोने से पहले खेतों में आग लगाई जाती है तो यह आग भी जंगलों तक फैल जाती है। इस दौरान गर्मी भी शुरू हो जाती है और शुष्क हवा भी चलती है, जो आग को फैलाने में मददगार होती है। जलते जंगलों की पीड़ा नई बात नहीं है। पिछले लगभग तीस पैंतीस साल से हमारे जंगल धधक रहे हैं। हर साल यह बात उठती है मगर नीति निर्धारित होने तक लाखों हेक्टेयर जंगल जलकर भस्म हो जाते हैं। जल, जंगल और जमीन, यही धरोहर है इस पर्वतीय राज्य की। इसी के दम पर हम ग्रीन बोनस की उम्मीद करते हैं। आरक्षित वन क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उत्तराखंड का लगभग दो तिहाई हिस्सा जंगल ही है।

राज्य में वन व्यवस्था की शुरुआत कमिश्नर ट्रेल द्वारा 1823 में की गई थी, जिन्हें कुमाऊं में ब्रिटिश शासन का संस्थापक माना जाता है। 1826 में ट्रेल ने वन उत्पादों पर भी भू राजस्व की तरह शुल्क लगाने की वकालत करते हुए वनों की संपत्ति को राज्य संपत्ति घोषित कर वनों से लकड़ी आदि लाने पर टैक्स लगा दिया। इससे पूर्व 1824 में तराई के साल के जंगलों को पूर्णतः संरक्षित कर दिया। तत्कालीन कुमाऊं कमिश्नर सर हेनरी रैम्जे द्वारा जंगलों की ठेका प्रथा को बंद करवा दिया गया था। भारत में वन अधिनियम लागू होने से पहले ही सर रैमजे ने तराई-भावर में साल के वृक्षों से छेड़छाड़ को रोकने और उन्हें संरक्षित करने के उद्देश्य से सन् 1855 में ही कुमाऊं में इसे लागू कर दिया था। 1861 में वन व्यवस्था प्रारंभ हुई। 1865 में लागू हुए भारतीय वन अधिनियम के अनुसार सभी वन सरकार के अधिकार में आ गए और अंधाधुंध कटाई पर रोक लगी।

देहरादून में एक हफ्ते पहले हुई बारिश से थोड़ा राहत उस क्षेत्र में जरूर मिली, लेकिन ये स्थायी समाधान नहीं है। ग्लोबल वार्मिंग एक ज्वलंत समस्या है। आज राहत देने वाले पहाड़ लगातार तप रहे हैं। जिन पहाड़ों में हम कुछ सालों पहले तक गर्मियों में प्राकृतिक ठंडी हवा का आनंद लेते थे, वहां आज पंखे, ए सी के बिना काम नहीं चल रहा है। मुनस्यारी जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में भी जाड़ों में बर्फबारी का न होना अच्छा संकेत नहीं है। मार्च के महीने में मुन्स्यारी यात्रा के दौरान वहां भी अपने कमरे से दूर पहाड़ी में वनाग्नि देखकर मन व्यथित हुआ था। तीन दिन तक लगातार जंगल को हुए जलते देखा। इसी तरह अल्मोड़ा में कोसी, गगास, राम गंगा, सुयाल जैसी नदियों के आसपास के जंगलों में सालों से आग लगने की घटनाएं देखी जा रही हैं। नदियों का जल स्तर तो लगातार कम हो ही रहा है,साथ में प्राकृतिक स्रोत भी सूख रहे हैं।

स्थानीय लोगों में समझदारी और उनका सहयोग भी जरूरी है। नहीं तो उनकी जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जाए। कुछ ऐसी पारिस्थितिकी परिस्थिति उत्पन्न की जाए कि आगजनी के मामले घटे। फायर वाचर की भूमिका महत्वपूर्ण है। आग लगने का एक बहुत बड़ा कारण यह भी है कि खेतों में होने वाले खरपतवार और घास को काटकर जलाया जाता है और अप्रैल के महीने में गर्मी के बढ़ने से जब तेज हवा चलती है तो यह चिंगारी फैलकर जंगलों में पहुंच जाती है। पहाड़ों में चीड़ के पेड़ बहुतायत में पाए जाते हैं और इनके पत्ते यानि पिरूल बहुत ही तेजी से आग पकड़ते हैं। जंगलों में आग लगने से पेड़-पौधे वनस्पति ही नहीं धधक रहे हैं, बल्कि करोड़ों रुपए का टिंबर का कारोबार भी खत्म हो गया है। आईआईटी रुड़की की रिपोर्ट ऐसा कहती है कि कई पशु-पक्षियों ने जंगल छोड़ दिया है। अपनी उत्तराखंड यात्रा के दौरान मैंने जंगलों में फलों के पेड़ में बहुत कम फल देखे। नतीजतन यहां रहने वाले बंदर और दूसरे पशु शहरों की तरफ, मंदिरों, दुकानों और घरों के आसपास अधिक दिखाई दिए। पेट की आग तो उन्हें भी बुझानी है। जंगल में कुछ नहीं मिलेगा तो स्वाभाविक तौर पर शहर की ओर आएंगे। गुलदार और तेंदुओं का आतंक लगातार बढ़ रहा है।

गर्मी के मौसम में सूखा पिरूल आग भड़काने का काम करता है। इसे गर्मी का मौसम शुरु होने से पहले ही हटाने की आवश्यकता है जबकि हमारी व्यवस्था की सबसे बड़ी खामी यह है कि योजना जंगलों के जलने के बाद बनती है। जगह-जगह उग आए चीड़ के बेहिसाब वृक्ष कई बार घाटे का सौदा साबित होते हैं। इसलिए चीड़ के जंगलों का फैलाव कम कर बांज, ओक जैसी अन्य वनस्पतियों का रोपण किया जाना आवश्यक है, जो नमी को सोखने और रोकने में मददगार हों। सबसे बड़ी आवश्यकता इस बात की है कि समाधान हमें पूर्व में ही सोच कर रखना होगा। यह नहीं कि आग लगने पर पानी लेकर दौड़ें।

## प्रथम कर्तव्य देशहित



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

कोहम-मैं कौन हूं-मेरा स्वकर्तव्य क्या है, यह हर व्यक्ति को गंभीरता पूर्वक आज निश्चित करने की आवश्यकता है,एक व्यक्ति एक साथ बहुत कुछ होता है। किसी का भाई,किसी का बेटा,किसी का पिता। उसका कुछ वर्ण हो सकता है,संप्रदाय हो सकता है आदि आदि पर उसकी मूल पहचान क्या है जिसमे सब कुछ समाहित हो जाए। स्वकर्तव्य निश्चित करने के लिए हम क्या करें? किसी ब्रह्मज्ञानी की तलाश करें और जब संतुष्टि हो जाए की यह ब्रह्मज्ञानी है तो उसका अनुसरण करे या उसके सुझाए राह पर चलें? इस प्रश्न के समाधान में आचार्य विनोबा भावे ने एक स्थल पर कहा है। कोहम के उत्तर पर स्वकर्तव्य निश्चित होता है।

लक्ष्मण ने अपने से यही प्रश्न पूछा-कोहम। उसके अंतर्मन ने उत्तर दिया-राम बंधु हम-मैं राम का भाई हूं। रामानुज। लक्ष्मण दशरथ का पुत्र था, उर्मिला का पति था और अनेक का अनेक था,लेकिन उसका अन्तस्थ उत्तर इतना ही था की मैं राम का भाई पहले हूं। दशरथनंदन, सुमित्रानंदन बाद में। सबसे मान लीजिए उसका उत्तर -मैं दशरथ का पुत्र हूं होता और वह राम के साथ वन न गया होता और दशरथ की अनन्य भाव से सेवा करता रहता अथवा राज्य कारोबार में भारत की मदद करता,तो रामायण अलग तरह से लिखी गई होती! लक्ष्मण का मूल्य कुछ दूसरा ही आंका जाता,परंतु उसका आचरण गलत ठहरता ऐसा कौन कह सकता है? लक्ष्मण की अंतरात्मा ने उसका कर्तव्य निश्चित किया। आज के संदर्भ में क्या यह आवश्यक नहीं है कि हम लक्ष्मण की भांति यह दृढ़ निश्चय करें की पहले हम क्या है-यह निश्चित करें की-मैं कौन हूं? लक्ष्मण की प्राथमिकता-राम बंधुहम-राम का भाई होना था। हमारी प्राथमिकता क्या है। अथर्ववेद में मंत्रदृष्टा ऋषि ने कोहम का उत्तर देते हुए समस्त मानव मात्र की प्राथमिक पहचान बताई-माता भूमिः पुत्रोहम पृथिव्याः -पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं। सबसे पहले हम पृथ्वी के, धरती के, वसुंधरा के पुत्र हैं उसके बाद कुछ और। हमारा देश हमारी पृथ्वी है, हमारा प्रथम कर्तव्य देशहित के साथ जुड़ा हुआ है।

## पालन-पोषण और शिक्षा का दायित्व



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सैम पित्रोदा ने कहा कि किसी के मरने के बाद उसकी आधी संपत्ति सरकार की होगी और आधी बाल-बच्चों व अन्य उत्तराधिकारियों की होगी। इस पर काफी हंगामा है। मैं तो कहूंगा कि मृतक की शत-प्रतिशत चल और अचल पूंजी/संपत्ति सरकार की होनी चाहिए। उत्तराधिकारी की बात ही बेमानी है। बिल लिखने की प्रथा भी बंद होनी चाहिए। यह ट्रस्टीशिप की धारणा का समुचित अर्थ होगा। इससे राजनीति क्लीन हो जाएगी, स्कैम खत्म होंगे,लूट खत्म होगी,घूसखोरी खत्म होगी। लोग खुलकर खर्च करेंगे,बच्चों को काबिल बनाने पर खर्च करेंगे, समाज और सामाजिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में खर्च करेंगे। जब सरकार ही ले लेगी तो जीते जिंदगी स्कूल, कॉलेज, धर्मशाला, लाइब्रेरी, पार्क क्यों न बनवा दें,स्कॉलरशिप क्यों न दे दें,यतीमखाने में क्यों न दे दें,तालाब क्यों न खुदवा दें,इत्यादि। आज की राजनीति में परिवारवाद आलोचना का विषय है,लेकिन सोचिए कि उत्तराधिकार का प्रचलन और इसकी कानूनी मान्यता आर्थिक परिवारवाद की नींव है कि नहीं। आर्थिक परिवारवाद शैक्षणिक,सामाजिक और राजनीतिक परिवारवाद का आधार स्तंभ हो सकता है। मैं तो सोशिओलॉजिकल और बायोलॉजिकल परिवारवाद का भी विरोध करूंगा। बच्चे समाज के बच्चे हों। उनके पालन-पोषण और शिक्षा का दायित्व समाज का हो। आज एक अमीर मां-बाप का औसत बुद्धि वाला बच्चा दून स्कूल में पढ़ रहा है,वहीं एक गरीब मां-बाप का जहीन बच्चा खिचड़ी-स्कूल में बैठा फटी आस्तीन में बहती नाक पोंछ रहा है। क्या यह परिवारवाद नहीं है? बच्चों का प्रजनन भी सीमेन बैंक और आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन से हो। मां के दूध तक के लिए ह्यूमन मिल्क बूथ हो। यह आदमी और समाज को एक नया ढांचा देगा। आगे,अगर भगवान ने चाहा तो बच्चे फैक्ट्री में बनेंगे और मॉल में मिलेंगे। मनचाहा बच्चा खरीदिए,जब तक दिल चाहे रखिए और जब चाहिए सेकंड हैंड मार्केट में बेच लीजिए। या फिर स्टॉक मार्केट की तरह बच्चों का मार्केट विकसित कीजिए। अनंत संभावनाएं हैं। सोचिए।

# दुर्लभ और शक्तिशाली है मनुष्यता



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इस तथ्य को मनुष्यता की दृष्टि से ही समझना होगा,बातों से नहीं उस आदमी के व्यवहार से,वह व्यवहार जो कहीं न कहीं,शिमला के इतिहास में दबा हुआ है। वह अस्पताल,जो उसने ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए बनवाया था। वह बहुत बीमार हो गया था, बचने की आशा नहीं थी उसकी कहानी कह रहा है। यह आदमी था, एलेन आक्टेवियन ह्यूम।

मनुष्यता दुर्लभ है। मनुष्यता बहुत शक्तिशाली है। उसे किसी सीमा में नहीं बांधा जा सकता। न जाति की सीमा में न देश की सीमा में। वह मनुष्यता ही तो थी जिसके कारण एक स्काटिश आईसीएस के मन में भारत और भारतवासियों के प्रति करुणा का भाव पैदा हो गया था,जो काम बंगाल में सुरेन्द्र नाथ बनर्जी और आनंद मोहन बोस इंडियन एसोसियेशन के माध्यम से करना चाहते थे,किंतु नहीं कर पा रहे थे,जो काम बंगाल में ब्रिटिश इंडियन एसोसियेशन और इंडियन लीग करना चाहती थीं,किंतु नहीं कर पा रही थीं,वही काम उस अंग्रेज ने आगे बढ़ा दिया और वह भी तत्कालीन वायसराय की सहमति से।

इस तथ्य को मनुष्यता की दृष्टि से ही समझना होगा,बातों से नहीं उस आदमी के व्यवहार से,वह व्यवहार जो कहीं न कहीं,शिमला के इतिहास में दबा हुआ है। वह अस्पताल,जो उसने ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए बनवाया था। वह बहुत बीमार हो गया था, बचने की आशा नहीं थी उसकी कहानी कह रहा है। यह आदमी था, एलेन आक्टेवियन ह्यूम। एलेन आक्टेवियन ह्यूम ने पूरे देश में घूमकर कुछ ऐसे शिक्षित लोगों को एकत्र किया जिनके मन में देश के लिए कुछ कर पाने का जज्बा था,जैसे दादाभाई नौरोजी। उसने इंडियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना की। जब 18 मार्च 1894 को वह यहां से विदा हुआ,तब उसने कहा था "मैं अपनी असफलता महसूस करता हूं कि मैं केवल बीज ही बो सका हूं,फसल नहीं दे सका। किंतु मैं निराश नहीं हूं,जिस धरती से मैंने प्यार किया है,एक दिन वह विजयी होगी। लोग मुझे याद करना चाहेंगे तो याद कर लेंगे कि वह आदमी भारत के लिए निरंतर श्रम करता रहा,हो सकता है कि उसने कोई गलती भी की हो,किंतु वह भारत को प्यार करता था!" मनुष्यः कुरुते तत्तु यन्न शक्यं सुरासुरैः। (मुद्रा राक्षस) मनुष्य जो कर सकता है,वह न देवता के वश की बात है और न असुर ही वह कर सकता है। मनुष्य सृजन भी करता है,किंतु विनाश भी वही करता है। देवता भी उसी में है तो दानव भी उसी में है। मनुष्य की ऐसी पहचान किसने की?

महामति चाणक्य ने! /ई.पू चौथी शती। वही प्रचंड विद्रोही। नंद के साम्राज्य को ध्वस्त करके एक नई राष्ट्रीयता का प्रतिपादक। राष्ट्र का जनक। भारत की राजनैतिक एकता का स्वप्नद्रष्टा और उस स्वप्न को धरती पर साकार करने वालाः जीवन के यथार्थ को इतने स्पष्ट शब्दों में प्रकट कर देने वाला चिंतक। महान मेधावी चाणक्य,वही चाणक्य जिसने सिकंदर के आक्रमण को छोटे-छोटे स्वार्थों से ऊपर उठकर देखा था। सिकंदर के आक्रमण को उसने किसी जनपद,किसी राज्य, किसी जाति,किसी संप्रदाय,किसी वर्ण के संकट की नजर से नहीं देखा,राष्ट्र के संकट के रूप में देखा था और मौर्यसाम्राज्य स्थापित किया था।

वही चाणक्य जिसने प्रयोजनवाद की प्रतिष्ठा करते हुए कहा था कि नप्रयोजनमन्तरा मनुष्यः स्वप्नेऽपि विचेष्टते। प्रयोजन के बिना,मनुष्य स्वप्न में भी चेष्टा नहीं करता। वही चाणक्य जिसने अपने अर्थशास्त्र ग्रंथ में लिखा था कि सर्वज्ञता लोकज्ञता। शास्त्रज्ञः अप्यलोकज्ञः भवेन्मूर्ख तुल्यः। 542-543 शास्त्र को जानता है,किंतु लोक को नहीं जानता तो मूर्ख तुल्य ही है। लोक के संबंध में इतनी बड़ी बात चाणक्य ने क्या यों ही कह दी थी? बड़े साफ-साफ शब्दों में निर्भय होकर अपनी बात कही,बोला-धर्मस्य मूलं अर्थः,अर्थस्य मूलं राज्यः। धर्म का मूल अर्थ है और अर्थ का मूल राज्य है। उसने योगसाधना और यज्ञ यागादि अनुष्ठान (धर्म के उपलक्षण) को धर्म का मूल नहीं बतलाया।

## जीएसटी की वसूली



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

भारत देश में सामान्यता दो प्रकार से करों की वसूली की जाती है। एक प्रत्यक्ष कर लगाकर। दूसरा अप्रत्यक्ष कर लगाकर। जीएसटी एक अप्रत्यक्ष कर प्रणाली है जिसमें एक जन सामान्य,एक उपभोक्ता के रूप में सुबह से शाम तक खरीदे गए प्रत्येक सामान पर कर का भुगतान करता है और उसे पता ही नहीं चलता कि कर के रूप में एक मोटी राशि सरकार द्वारा उससे वसूली जा रही है।

अप्रैल के महीने में भारत सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर के माध्यम से भारत के नागरिकों से 1.92 लाख करोड़ रुपये की वसूली हुई है। यह जीएसटी व्यवस्था के तहत अब तक का सबसे अधिक कर संग्रह है। हमें समझना चाहिए कि करों की वसूली से समृद्धि नहीं आती,अगर करों से समृद्धि आती तो दुनिया में कोई गरीब देश नहीं होता।

जीएसटी का सबसे ज्यादा बोझ गरीब और मध्यम वर्ग पर ही पड़ता है। यह स्थापित हो चुका है कि गरीब और मध्यम वर्ग द्वारा एकत्र किए गए जीएसटी का लगभग 90 प्रतिशत भुगतान किया जाता है,क्योंकि अंत में उपभोक्ता ही इसका भुगतान करता है। उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए जाने के बाद श्रृंखला में शामिल सभी व्यापारियों को एक-एक करके रिफंड मिलता है।

उदाहरण के लिए,यदि कोई उत्पाद 100 +12 प्रतिशत जीएसटी पर अपनी यात्रा शुरू करता है और 500+12 प्रतिशत जीएसटी पर समाप्त होता है तो सभी बिचौलियों को उत्पाद के ऊपर बिकने पर उनका रिफंड मिलता है। अंत में सरकार को उत्पाद पर 60 रुपये मिलते हैं,जबकि स्रोत पर इसकी शुरुआत 12 रुपये से होती है, क्योंकि समस्त जीएसटी का खर्च अंत में उपभोक्ता ही वहन करता है, इसलिए इस कर संग्रह के आंकड़े का जश्न मत मनाइए,बल्कि इस बात पर दुखी होइए कि सरकार ने आपसे इतना कुछ वसूला है।

फिलहाल जीएसटी की वसूली को लेकर बीते दिनों आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला कुछ राहत देने वाला हो सकता है जिसमें कहा गया है कि सभी कर वसूली मामलों में जेल नहीं भेजा जा सकता,क्योंकि लोगों और कारोबारियों द्वारा संबद्ध अधिकारियों पर जीएसटी की वसूली को लेकर उत्पीड़न के आरोप लगाए जा रहे थे। देश की सरकार कब तक मूक रहेगी। एक तरफ महंगाई और बेरोजगारी की मार और दूसरी ओर जीएसटी रूपी करों की मोटी वसूली की मार आखिर जनता कब तक सहेगी और कब जनता को इससे राहत मिलेगी,यह एक यक्ष प्रश्न है।

एक नजर

### क्षेत्र के ट्रांसफार्मरों में लोड क्षमता बढ़ाने का काम शुरू

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** विद्युत विभाग के इंजीनियरों द्वारा क्षेत्र में आए दिन ओवरलोड के चलते जल रहे ट्रांसफार्मरों में लोड क्षमता बढ़ाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए पावर कॉरपोरेशन की ओर से विशेषज्ञों की टीम ब्लॉक क्षेत्र में कमजोर व पुराने ट्रांसफार्मरों को बदलने अथवा चालू हालत में कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर की लोड क्षमता बढ़ाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने लगी है। सब स्टेशन मोती नगर मसौधा के अवर अभियंता राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि आए दिन पुराने व जर्जर ट्रांसफार्मर ओवरलोड सप्लाई या क्षमता से अधिक विद्युत खपत के चलते जल फुंक जाते रहे हैं। क्षेत्र के करीब 5 दर्जन से अधिक जर्जर व कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों को अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित कर लोड क्षमता बढ़ाई जा रही है। तीन दर्जन से अधिक ट्रांसफार्मरों में क्षमता बढ़ाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

# तैयारियां पूरी, आज जनसभा को सम्बोधित करेंगे पीएम

**सीतापुर, अमृत विचार।** आज हरगांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। ऐसे में जिला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगा हुआ है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस महकमा सतर्क है। लोकसभा चुनाव 2024 में पहली बार जनपद के दौरे पर प्रधानमंत्री आ रहे हैं। हेलीपेड से प्रधानमंत्री सीधे सभास्थल चीनी मिल यार्ड के लिए रवाना होंगे। जनसभा में लखीमपुर व सीतापुर जिले के लोग पहुंचेंगे। ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए पुलिस ने कड़ा बंदोबस्त किया है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए कार्यक्रम के पहले ही एसपीजी यानी विशेष सुरक्षा दल हरगांव पहुंच गया और सुरक्षा की कमान संभाल ली है। एसपीजी द्वारा सभा स्थल के साथ ही हेलीपेड सहित अन्य स्थानों नजर रखी जाएगी।


जनसभा को लेकर चर्चा करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### कई जनपदों की पुलिस ने डाला डेरा

सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए कई जनपदों की पुलिस कार्यक्रम में डेरा डाल चुकी है। सुरक्षा बल ने पूरे कस्बे का भ्रमण किया। पुलिस महानिदेशक ने मातहतों के साथ बैठक सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेकर दिशा-निर्देश दिए।

### सुबह 10 से शाम सात बजे तक रहेगा रूट डायवर्जन

पीएम मोदी की प्रस्तावित जनसभा कार्यक्रम के दृष्टिगत आज नौ घंटे के लिए रूट डायवर्जन किया गया है। कार्यक्रम में शामिल वाले वाहनों को ही पुलिस द्वारा चिन्हित बैरिकेटिंग से हरगांव जाने की अनुमति दी जाएगी। वाहनों का डायवर्जन सुबह दस बजे से शाम सात बजे लागू रहेगा। रूट डायवर्जन प्लान के मुताबिक लखीमपुर से हरगांव, सीतापुर एवं लखनऊ जाने वाले सभी प्रकार के छोटे बड़े वाहन लखीमपुर लहरपुर मार्ग से होकर जा सकेंगे। मात्र कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले वाहनों को ही हरगांव की ओर आने दिया जाएगा। साथ ही लखीमपुर से सीतापुर, शाहजहांपुर जाने वाले वाहन लखीमपुर गोला मार्ग से होकर गंतव्य स्थान तक जा सकेगे। इसी के साथ लखनऊ से लखीमपुर जाने वाला नेशनल हाइवे मार्ग नेपालापुर से पूरी तरह से बन्द रहेगा। सभी प्रकार के वाहन नेपालापुर लहरपुर मार्ग से होकर लखीमपुर जा सकेंगे।दूसरी तरफ लहरपुर से हरगांव की तरफ कोई भारी वाहन नही जाने दिया जायेगा। मात्र जनसभा कार्यक्रम में आने वाले वाहनों को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। काजी कमालपुर से कोई भी भारी वाहन हरगांव की ओर नही आने दिया जायेगा। मात्र कार्यक्रम में आने वाले वाहन ही इस मार्ग से आगे जा सकेंगे। इस संबंध में सीतापुर पुलिस ने शनिवार को रूट प्लान जारी कर दिया है। इसी के साथ फायर ब्रिगेड, जेमर, वीडियो ग्राफर, वायलेस सेट, यातायात क्रेन, फायर ब्रिगेड की तैनाती की गई है।

### पूर्ण जनपद में रहेगा नो फ्लाइंग जोन

रविवार को हरगांव में पीएम मोदी के चुनावी जनसभा कार्यक्रम को लेकर डीएम अनुज सिंह ने बताया कि एसपी की आख्या प्रधानमंत्री के भ्रमण के समय विभिन्न आतंकवादी संगठन से जीवन का भय है तथा विभिन्न विरोधी राजनैतिक विचाराधारा/समूहों द्वारा गुब्बारों, ड्रोन, पतंग आदि के माध्यम से विधि विरूद्ध विरोध किये जाने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। एसपी ने पांच मई तक सम्पूर्ण जनपद व नो-फ्लाईंग जोन घोषित करने का अनुरोध किया गया है। डीएम ने बताया कि भारत सरकार की सुरक्षा के दृष्टिगत ड्रोन कैमरा व अन्य उड़ने वाले उपकरणों के प्रयोग पर प्रतिबन्ध लगाया जाना समीचीन है। समस्त सम्बन्धित द्वारा उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उक्त आदेश का उल्लघंन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भादसं की धारा-188 एवं अन्य विधिक प्राविधान के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जायेगी।

## रुदौली पहुंची 84 कोसी परिक्रमा यात्रा

**रुदौली, अमृत विचार :** महंत गया दास के अगुवाई में निकली 84 कोसी परिक्रमा यात्रा शनिवार को रुदौली पहुंची। श्रीराम विवाह समिति ने परिक्रमा में आए साधु संतों का स्वागत किया। अमानीगंज मार्ग से होते हुए साधु, संतों पर पुष्प वर्षा की गई। पड़ाव स्थल कीर्तन भजन किया गया। श्रीराम विवाह समिति के अध्यक्ष शिव कुमार कसौंधन, श्याम बाबू गुप्ता, राम गोपाल निषाद ने पूजन किया। मंदिर के पुजारी बाबा राम गोपाल दास ने पूजन किया। रुदौली कोतवाली प्रभारी देवेन्द्र सिंह अपने दल बल के साथ मुस्तैद रहे। रात्रि विश्राम के बाद यह यात्रा रविवार की सुबह 4 बजे रौजागांव पटरंगा के लिए रवाना होगी। सभासद उमाशंकर कसौधन दुखहरण पिंटू राम गोपाल निषाद राजेश सोनी विश्वनाथ तिवारी, रमेश गुप्ता मौजूद रहे।

# अयोध्या के नाम दर्ज हो गया वीआईपी रिकार्ड

## डेढ़ करोड़ के पार जा चुका सामान्य श्रद्धालुओं का आंकड़ा, 72 दिन बाद पहुंच रहे पीएम मोदी

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या के नाम एक वीआईपी रिकार्ड भी दर्ज हो गया। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के अलावा 66 दिन में दो हजार से ज्यादा वीवीआईपी और डेढ़ लाख वीआईपी के अयोध्या पहुंचने का आंकलन है। यह किसी एक स्थान पर आने वाले विशिष्ट महानुभावों का रिकार्ड माना जा रहा है।

श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ हुई। अफसरों से सीएम योगी तक को आना पड़ा। ट्रस्ट और प्रशासन ने अपील की कि बाहर के श्रद्धालु अभी सप्ताह भर अयोध्या न आएं। यह क्रम फरवरी के अंतिम तक बरकरार रहा। मार्च में फिर भीड़ आने का दौर शुरू हुआ। तीन महीने में ही श्रद्धालुओं की संख्या का आंकड़ा डेढ़ करोड़ पहुंच गया। अब इससे ऊपर है। प्राण प्रतिष्ठा के पहले वीवीआईपी और वीआईपी के आंकड़ों को छोड़ भी दें तो मार्च से ही वीवीआईपी और वीआईपी का आना शुरू हुआ। अब 66 दिन बीत गए। कहीं दर्ज हो या न हो लेकिन सामान्य श्रद्धालुओं से इतर इन 66 दिनों में जितने वीवीआईपी और वीआईपी अयोध्या पहुंचे, वह एक स्थान पर आने वाले विशिष्टजनों के आगमन का एक रिकार्ड है। देश के भाजपा शासित ज्यादातर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के नेतृत्व में सरकारें रामलला के दरबार में पहुंचीं। सूत्रों के मुताबिक एक दल में 25 से 60 लोग तक शामिल रहे। चुनाव घोषणा हुई, सरकारों के आने का दौर थमा तो प्रदेशों के राज्यपाल अयोध्या पहुंचने लगे। सूत्र बताते हैं कि अब तक 20 की संख्या में प्रदेशों के राज्यपाल और केंद्र शासित राज्यों के ले. गर्वनर यहां पहुंच चुके हैं। 11 मई तक राज्यपालों के आने का कार्यक्रम आ चुका है। केंद्रीय, प्रदेशों के मंत्री और सांसद, विधायक की संख्या भी सैकड़ों में है। वीआईपी की संख्या इससे अलग है।

मार्च में प्रतिदिन चार से पांच सौ की संख्या में प्रदेश और बाहर के वीआईपी का दल यहां पहुंच रहा था। सूत्रों का कहना है कि मई में भी छुट्टियों को छोड़ दिया जाए तो डेढ़ से दो सौ की संख्या में वीआईपी पहुंच रहे हैं। एक आंकलन के मुताबिक इन 66 दिनों में दो हजार से ज्यादा वीवीआईपी और लगभग डेढ़ लाख से ज्यादा वीआईपी अयोध्या पहुंचे। वीआईपी में वरिष्ठ अफसरों के साथ अन्य लोग होते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने एक मई को अयोध्या का भ्रमण किया। पीएम मोदी रविवार पांच मई को रोड शो के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र बताते हैं कि वीवीआईपी व वीआईपी की गणना नहीं है। पहले चार से पांच सौ की संख्या में वीआईपी रोज पहुंच रहे थे।



**66** दिन में दो हजार वीवीआईपी व 1.5 लाख वीआईपी पहुंचे अयोध्या

### बनानी पड़ी वीआईपी के लिए सेल

वीवीआईपी की जिम्मेदारी तो जिला प्रशासन के अफसर संभालते हैं, लेकिन वीआईपी की संख्या बढ़ने पर सवा महीने पहले सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में 12 कर्मचारियों की पूरी सेल बनानी पड़ी। यह सेल देश भर से आने वाले वीआईपी को दर्शन कराने और वापस भेजने की जिम्मेदारी निभाती है। इनमें ज्यादातर दर्शन के बाद उसी दिन वापस लौट जाते हैं।

### वीवीआईपी से भरा रहता है सर्किट हाउस

अक्सर वीवीआईपी से सर्किट हाउस भरा रहता है। सर्किट हाउस में लगभग डेढ़ दर्जन कमरे हैं। राज्यपाल और दूसरे वीवीआईपी के लिए इन्हें बुक किया जाता है। ज्यादातर समय यह भरे रहते हैं। कभी-कभी बाहर भी व्यवस्था करनी पड़ती है। सर्किट हाउस में ठहरने के लिए वीआईपी का नंबर नहीं आता है।

## आज 12 बजे के बाद बंद रहेगा वीआईपी दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** रविवार को 12 बजे के बाद श्रीराम मंदिर में रामलला का वीआईपी दर्शन बंद रहेगा, लेकिन सामान्य रूप से श्रद्धालुओं का दर्शन जारी रहेगा। यह कदम पीएम मोदी के कार्यक्रम के मद्देनजर उठाया गया है। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी शाम को अयोध्या पहुंचेंगे। वह पहले राम लला का दर्शन करने गेट नंबर 11 से जा सकते हैं। इसके मद्देनजर 12 बजे के बाद वीआईपी दर्शन के लिए जाने वाले वाहनों का जाना रोक दिया जाएगा, लेकिन सामान्य श्रद्धालु दर्शन के लिए आते जाते रहेंगे। हालांकि अफसर इस पर कुछ बोलने से परहेज कर रहे हैं।


पीएम मोदी के रोड शो को लेकर की गई डबल बैरिकेडिंग।

### हूटर बजाते निकला काफिला, हुआ फ्लीट रिहर्सल

पीएम की सुरक्षा तैयारियों को लेकर शनिवार देर शाम को फ्लीट रिहर्सल कराया गया। हवाई अड्डे पर अधिकारियों की ब्रीफिंग के बाद वाहनों का काफिला हूटर बजाते हुए निकला तो ड्यूटी में लगाए गए जवानों और अधिकारियों को अलर्ट कर दिया गया। रिहर्सल में विभिन्न सुरक्षा दस्तों के वाहन समेत जैमर आदि शामिल रहा।

## वकील को मल्टी लेवल पार्किंग में न जाने देने पर बवाल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** एक महिला अधिवक्ता की स्कूटी मल्टी लेवल पार्किंग के अंदर ना जाने देने को लेकर अधिवक्ताओं और पार्किंग कर्मियों में बवाल हो गया। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष और मंत्री ने मौके पर पहुंच मामला शांत कराया। इसके बाद आपातकालीन बैठक हुई, जिसमें तय हुआ कि प्रकरण में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिलेगा और उनसे वाहन शुल्क के विषय में बात करेगा।

घटना शनिवार सुबह लगभग 10:30 बजे की है। महिला अधिवक्ता अनुराधा साहू मुख्यालय पर विधि व्यवसाय करती हैं। वह अपनी स्कूटी मल्टी लेवल पार्किंग में खड़ा करने जा रही थीं। गेट पर पहुंचीं तो मौजूद कर्मचारियों ने बैरियर गिरा दिया, इससे महिला अधिवक्ता घायल हो गई। इसकी खबर कचहरी में पहुंची तो मौके पर कई अधिवक्ता पहुंच गए। स्टैंड के कर्मचारियों से कहासुनी हो गई। हालांकि मौके पर पहुंचे अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय व मंत्री विपिन कुमार मिश्रा ने अधिवक्ताओं को शांत कराया। इसके बाद प्रकरण पर आपातकालीन बैठक बुलाई गई। बैठक में तय हुआ कि प्रकरण पर संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में 11 सदस्यीय अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से समय लेकर मिलेगा और उनके सामने अपना पक्ष रखेगा। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष पारसनाथ पांडेय, मंत्री विपिन कुमार मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष अरविंद कुमार को रखा गया है।

# अज्ञात कारणों से छप्पर में लगी आग, बाइक व इंजन खाक

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** शनिवार दोपहर अज्ञात कारणों की वजह से छप्पर में आग लग गई। जिसमें एक मोटर साइकिल और इंजन सहित घर-गृहस्थी की तमाम सामान राख हो गया। आग किसी और मकान को अपनी चपेट में लेती, उससे पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया।

महमूदाबाद कोतवाली इलाके के बोहय्या गांव निवासी पप्पू पुत्र वारिस के घर में पड़े छप्पर में अज्ञात कारणों की वजह से आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे पप्पू का घर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। घर में रखा पंपिंग सेट, मोटर साइकिल, कपड़े, अनाज सहित तमाम अन्य सामान जल गया। गांव में हुए इस अग्निकांड की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल अरविंद कुमार ने जायजा लेकर आग से हुई क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी।


आग से जली बाइक।


जला पंपिंग सेट। अमृत विचार

### आग से लाखों का नुकसान, बाइकें-पंपिंग सेट व मवेशी जले

**सीतापुर, अमृत विचार।** शनिवार को जनपद के अलग-अलग इलाकों मिश्रिख, सदरपुर, तालगांव व महमूदाबाद में आग लग जाने से लाखों का घरेलू व गोदाम का सामान जल गया। कई बाइकें, पंपिंग सेट सहित पांच बकरियां भी आग की भेंट चढ़ गईं। ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया।

### टेंट हाउस के गोदाम में लगी आग, लाखों का सामान जला

**मिश्रिख, सीतापुर।** मिश्रित के मोहल्ला पांडेय नगर में सिधौली रोड पर स्थित फैशन टेंट हाउस गोदाम में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। जिससे टेंट का लाखों रुपयों का सामान जलकर खाक हो गया। कस्बा मिश्रिख के मोहल्ला थोक निवासी मुश्ताक खान पुत्र सिरदार खान का सिधौली रोड पर फैशन टेंट हाउस का गोदाम है। शनिवार होने के कारण कस्बा मिश्रिख में साप्ताहिक बंदी रहती है। जिस वजह से गोदाम बंद था। ऐसे में मुश्ताक अपने बीमार पिता की दवा लेने लखनऊ गए हुए थे, लेकिन सुबह 11 बजे के आसपास अचानक गोदाम से धुआं निकलने लगा, तो मोहल्लावालों ने फायर सर्विस स्टेशन मिश्रिख को आग लग जाने की सूचना दी। सूचना पर फायर सर्विस यूनिट मिश्रिख की दोनों गाड़ियां मौके पर पहुंची और गोदाम का ताला तोड़कर भीषण आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। काफी मशक्कत के बाद फायर सर्विस यूनिट और मोहल्लावासियों के सहयोग से लगभग दो घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### आग से चार घरों का लाखों का सामान जला, जिंदा जल गईं पांच बकरियां

**सदरपुर।** क्षेत्र के बछिलनपुरवा गांव में शनिवार की दोपहर आग लगने से चार घर जल गए। साथ ही पांच बकरियां भी जिंदा जल गईं। आग से करीब पांच लाख कीमत का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सदरपुर के बछिलन पुरवा मजरे शिवरुख कलां में शनिवार की दोपहर अज्ञात कारणों से मुनीर पुत्र शहीद के घर में आग लग गई। जिसमें एक मोटरसाइकिल, पंपिंग सेट, बेड, बक्सा जल गये। वहीं पांच बकरियां भी जिंदा जल गईं। इसके बाद वतीम पुत्र जहीर के घर को आग ने अपनी चपेट में ले लिया और यहां 10 हजार की नकदी, मोबाइल, जेवर, घरेलू सामान, इम्तियाज पुत्र जमील की चारा मशीन, पंपिंग सेट, अनाज, जमील पुत्र महमूद के घर लगी आग में तीन हजार की नकदी, पंखा, चारा मशीन जल गई। अग्निकांड में करीब पांच लाख रुपए की संपत्ति के जलने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बकोहिया गांव में लगी आग से पप्पू पुत्र वारिस के घर बाहर रखा छप्पर जलकर गया। अग्निकांड में पप्पू की मोटर साइकिल जल गई।

### गैस सिलेंडर में रिसाव से लगी आग, मां-बेटे झुलसे

**तालगांव।** गैस सिलेंडर में रिसाव की वजह से आग लग गई। ऐसे में खाना बना रही महिला व पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों मां-बेटे को सीएचसी से सीतापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां हालत में कोई सुधार न होने पर दोनों को लखनऊ रेफर कर दिया गया। तालगांव कोतवाली क्षेत्र के अंगरासी गांव निवासी महिला लक्ष्मी पत्नी रामू उम्र 46 घर में गैस सिलेंडर पर खाना बना रही थी। सिलेंडर में रिसाव की वजह से सिलेंडर में आग लग जाने से महिला आग में झुलस कर चिल्लाने लगी। ऐसे में मां की आवाज सुनकर पुत्र धीरज उम्र 22 वर्ष बचाने गया, लेकिन वह भी आग की चपेट में आ गया। जिससे दोनों झुलस गये। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जैसे-तैसे आग पर काबू पाया और एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी में भर्ती कराया।

## जिले में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएं सम्मानित

**गोला गोकर्णनाथ।** विद्या कुंवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज की सात छात्राओं द्वारा प्रदेश और जनपद में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने पर मेडल देकर, चांदी का मुकुट पहनाकर पुरस्कृत किया गया। कॉलेज में इंटरमीडिएट की छात्रा स्मृति सिंह ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट में पांचवा और जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी, मधु त्रिपाठी ने चांदी का मुकुट, चांदी का मेडल एवं माला पहना कर पुरस्कृत किया। छात्रा वैष्णवी गुप्ता ने 95.40 प्रतिशत अंक पाकर पंचम और अनुष्का वर्मा 93.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद की इंटरमीडिएट टॉप टेन सूची में दसवां स्थान प्राप्त करने पर चांदी का मेडल, माला पहना कर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की चार छात्राओं नैंसी वर्मा 95.16 प्रतिशत अंक पाकर चतुर्थ, तनु सिंह चौहान 94.50 प्रतिशत अंक पाकर सातवां, रिया वर्मा 94.33 प्रतिशत अंक पाकर आठवां और प्रज्ञा राज ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में दशम स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया।

## सार-संक्षेप

### विष्णुमहा यज्ञ में दी आहूतियां

**बिझौली, अमृत विचार।** विष्णुमहा यज्ञ में यजमानो ने वेद मंत्रो के साथ हवन में आहुतिया दीं ओर संकल्प आदि कर दक्षिणा देकर भक्तो ने विश्व के कल्याण की कामना की। जमुनाबाद कृषि फार्म के ब्लॉक नम्बर दो में फकीर बाबा स्थान पर सात दिवसीय विष्णु महा यज्ञ का आयोजन हो रहा हैं, जिसमे पाचवे दिन सुबह आठ बजे से टोली नायक एव यज्ञाचार्य दुर्गेश शास्त्री ने वैदिक मंत्रो के साथ यजमानो का आचमन कराया। संकल्प आदि कराकर यज्ञ कार्य प्रारम्भ किया। वेद मंत्रो के साथ यजमानो ने आहुतियां डाली। यजमानों को यज्ञ का महत्त्व बताया गया। यज्ञाचार्य दुर्गेश शास्त्री ने कहा की यज्ञ से वातावरण शुद्ध बना रहता है। मनुष्य के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। कार्यक्रम के यजमान पत्नी सहित रामेन्द्र कुमार वर्मा, क्षेत्रीय पुर्व विधायक रामसरन, महेश चन्द्र कनौजिया, संजीव कुमार, हरिपाल सिंह, हरद्वारी लाल वर्मा, दिनेश वर्मा, शशी वर्मा, पूर्व ग्राम प्रधान श्यामा देवी, सुमित वर्मा, कुलदीप वर्मा, वीरपाल वर्मा, पूर्व प्रधान राजेश वर्मा आदि मौजूद रहे। फकीर बाबा स्थान पर चल रही रासलीला में कथा व्यास अखिल शुक्ला ने बताया कि गोरख नाथ सिद्ध भी है और शुद्ध भी है। वह मरे हुए को जिंदा करने की क्षमता रखते हुए भी किसी जीवित को मारते नहीं, बल्कि जिलाते हैं। गुरु गोरखनाथ के व्यक्तित्व की यह व्याख्या कथा व्यास अखिल शुक्ला ने कथा के चौथे दिन फकीर बाबा स्थान पर चल रही विष्णु महायज्ञ का रासलीला मंचन में सुनाई। उन्होंने कहा कि राजा भर्तृहरि बड़े योगी हैं। वह अलख निरंजन के ज्ञानी लेकिन विषयी हैं। अपने भोग के लिए मृग का वध कर लौट रहे थे तो गुरु गोरखनाथ के दर्शन हुए। गोरखनाथ ने नाम लेकर पुकारा। इसपर भर्तृहरि ने पूछा कि आपने कैसे जाना? गोरखनाथ ने बताया कि तू मृग का वध करके आ रहा है। तू किसी को जिला नहीं सकता तो तुझे किसी को मारने का हक नहीं है।

### ओम व दिव्यांशु ने जीता सोना



चैंपियनशिप में स्वर्ण, रजत व कास्यं जीतने वाले बच्चे। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** गुरुकुल ताइक्वॉडी अकादमी द्वारा आयोजित दो दिवसीय इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 का आयोजन शनिवार को तरणताल स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता के बारे में गुरूकुल ताइक्वांडो अकादमी के अध्यक्ष शोभित टंडन व सचिव मुकेश पाल ने बताया कि किडस पी-वी, सब जूनियर कैडेट, जूनियर व सीनियर वर्ग में होने वाली इस प्रतियोगिता में अपने जिले के 22 स्कूल तथा 8 ताइक्वांडों अकादमी के लगभग 350 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। सचिव मुकेश पाल ने बताया कि प्रतियोगिता में मुकाबलों की शुरुआत 4 मई को सुबह दस बजे से हुई, जबकि उद्घाटन दोपहर 12 बजे मुख्य अतिथि उप्र ताइक्वांडों एसोसिएशन सचिव राज कुमार ने किया। प्रथम दिन के परिणाम में पी-वी बालक वर्ग (18 किग्रा से कम) स्वर्ण : ओम (गुरूकुल ताइक्वांडों अकादमी), रजत : जयंश वर्मा (ग्रोथ अकादमी पब्लिक स्कूल), अनुवेश पाण्डेय (एलपीएस) व हर्षित दीक्षित (दि हिन्द इंटरनेशनल स्कूल) के नाम रहा। सब-जूनियर वर्ग (23 किग्रा से कम) में स्वर्ण : दिव्यांशु (दि हिन्ट इंटरनेशनल स्कूल), रजत : निहाल राज (दि हिन्द इंटरनेशनल स्कूल), आरव राजवंशी (ग्रोथ अकादमी पब्लिक स्कूल) व अर्जुन (एलपीएस) को मिला।

### आज बादल छाए रहने की संभावना

**अयोध्या।** बीते एक सप्ताह तक 40 से लेकर 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने वाले तापमान में गिरावट आई है। शनिवार को दोपहर बाद मौसम में हल्की नरमी आई। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 38 .5 डिग्री सेल्सियस सामान्य रिकार्ड किया गया है। वहीं न्यूनतम तापमान 16 .5 दर्ज हुआ। डॉ. सीताराम मिश्र ने बताया कि आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की संभावना है।

रोचक

पेट्रोलिंग के दौरान वन कर्मियों के वाहन के आगे से शिकार ले जाने का दावा

# हिरण का शिकार करते बाघ का फोटो वायरल

संवाददाता, पलियाकलां-खीरी

▶▶ दुधवा टाइगर रिजर्व की मैलानी रेंज का मामला

**अमृत विचार।** दुधवा टाइगर रिजर्व में सैलानियों की जिप्सी के आगे अक्सर बाघ देखा गया है, लेकिन इस बार पेट्रोलिंग के दौरान वन कर्मियों के वाहन के आगे शिकार ले जाते बाघ की तस्वीर वायरल हो रही है। दावा किया जा रहा है कि बाघ को शिकार ले जाते देख वन कर्मियों ने अपने वाहन को रोक लिया और उस दृश्य को अपने कैमरे में कैद कर लिया। हालांकि इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

दुधवा टाइगर रिजर्व की मैलानी रेंज में वन विभाग की टीम चौपहिया वाहन से पेट्रोलिंग कर ही रही थी। इस दौरान एक टाइगर हिरण का शिकार कर वन कर्मियों के वाहन के सामने से गुजरता हुआ दिखाई दिया। शिकार के साथ बाघ को जाते देख वन कर्मियों ने अपने वाहन को रोक लिया। वन विभाग के एक कर्मचारी ने बताया कि दुधवा टाइगर रिजर्व मैलानी रेंज की जंगल में पेट्रोलिंग के दौरान गाड़ी के आगे टाइगर हिरण का शिकार करते हुए जंगल में घुस रहा था। इसी दौरान अचानक वन विभाग की गाड़ी के आगे टाइगर मुंह में शिकार ले जाते दिखाई दिया। दृश्य को वन विभाग की टीम ने अपने कैमरे में कैद कर लिया।

> वायरल फोटो दुधवा टाइगर रिजर्व की है, लेकिन यह फोटो कब और किस टीम ने अपने कमरे में कैद की, इसका पता लगाया जा रहा है।
>
> -ललित वर्मा, फील्ड डायरेक्टर- दुधवा


दुधवा टाइगर रिजर्व की मैलानी रेंज में पेट्रोलिंग के दौरान वन कर्मियों के वाहन के आगे से शिकार लेकर जाता दिखाई दिया बाघ।

## भूमि पूजन कर रखी गई मंदिर की नींव

**संवाददाता, मूड़ा सवारान।** विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत रामापुर के गांव रसूलपनाह में भगवती माता मंदिर का शिलान्यास कर भूमि पूजन किया गया। मंदिर निर्माण कमेटी के सदस्यों ने बताया कि पुराना मंदिर जर्जर होने के कारण नव निर्माण कार्य भूमि पूजन के साथ प्रारंभ कर दिया गया है। इस स्थान पर माता भगवती का भव्य मंदिर ग्रामीणों के सहयोग से शीघ्र ही तैयार हो जाएगा। ग्राम प्रधान पति मोहम्मद तारिक की अगुवाई में पुरोहित रामपाल दीक्षित ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर के पुजारी महंत बाबूदास से विधिवत पूजा अर्चना कराकर मंदिर की नींव रखी और निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि मंदिर निर्माण में ग्राम वासियों का सहयोग मिल रहा है। पूर्व प्रधान नीरज वर्मा, शिव कुमार शर्मा, दिनेश कुमार राज, बिंद्रा प्रसाद, चंद्रप्रकाश, नंदराम, देवशरण यादव, श्रीराम आदि मौजूद रहे।

इलेक्शन बायस्कोप



भाजपा से लखनऊ संसदीय सीट पर उम्मीदवार राजनाथ सिंह को ईसाई अल्पसंख्यक मोर्चा ने भी अपना समर्थन दिया है रक्षामंत्री के पक्ष में मतदान करने के लिए अपने समुदाय के लोगों को प्रेरित करते, मोर्चा के पदाधिकारी। -अमृत विचार

## युवाओं के साथ छलावा कर रही भाजपा

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश व देश के युवाओं के साथ छलावा कर रही है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत, उप्र युवा कांग्रेस मध्य जोन के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मध्य जोन के अध्यक्ष अनस रहमान व प्रदेश महासचिव आर्यन मिश्रा ने संयुक्त तौर पर कहा कि कोई नया निवेश नहीं हो रहा है इसलिए नये रोजगार सृजित नहीं हो रहे हैं। पार्टी नेता शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। नेताओं ने कहा कि अभी हाल ही में इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट आई है जिसमें पता चला कि देश में जो बेरोजगार हैं उसमें से 83 प्रतिशत युवा हैं। यह उस देश की स्थिति है जहां पर 18 से 35 वर्ष के बीच की 60 प्रतिशत की आबादी युवाओं की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जुलाई 2017 में दरोगा भर्ती समेत विभिन्न भर्तियों के लिए परीक्षाएं हुईं, पर पर्चा लीक होने से युवाओं का भविष्य पर संकट आ गया।

# रिश्ते-नातों के भरोसे बाहुबलियों की राजनीति

**लोकसभा चुनाव में फिलहाल एक भी बाहुबली स्वयं मैदान में नहीं**

**बृजभूषण पुत्र को तो धनंजय पत्नी को लड़ा रहे चुनाव**

**हाईकोर्ट के फैसले पर टिका अफजाल अंसारी का भविष्य**

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में बाहुबलियों का चुनाव लड़कर सत्ता में भागीदार बनने के सिलसिले का लगभग अंत हो चला है। 2024 के लोकसभा चुनाव में बाहुबलियों की राजनीति अब रिश्ते-नातों के भरोसे रह गई है। कोई अपने पुत्र-पुत्री को लड़ा रहा है तो कोई पत्नी को। गाजियाबाद से गाजीपुर तक इसबार एक भी बाहुबली चुनाव मैदान में नहीं है। जिस प्रदेश में बाहुबलियों के भरोसे चुनाव जीते जाते थे, वहां फिलहाल एक भी बाहुबली स्वयं चुनाव नहीं।

यह पहला चुनाव है जिसमें एक भी बाहुबली सीधे तौर पर लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहा है। टिकट न मिलने की परिस्थिति जो भी हो, लेकिन यह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत जरूर हैं। जब टिकट नहीं मिला तो बाहुबलियों के रिश्ते-नातों में टिकट दिया गया। संभवतः यहां पार्टियों को जीत की गारंटी दिख रही थी। कानून के लगातार शिकंजा कसने का असर यह हुआ कि धनंजय सिंह स्वयं चुनाव नहीं लड़ पा रहे हैं, लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी श्रीकला सिंह को टिकट दिलवा दिया। वहीं बृजभूषण सिंह का भारी विरोध हो रहा था, ऐसी स्थित में भाजपा द्वारा उनको टिकट देना संभव नहीं था। इसलिए उनके बेटे करण भूषण सिंह को टिकट दिया गया। बृजभूषण के बड़े बेटे प्रतीक भूषण भी विधायक हैं। अभी तक प्रतीक भूषण को ही बृजभूषण सिंह का राजनैतिक उत्तराधिकारी माना जा रहा था। बृजभूषण सिंह को टिकट न मिलना इनके राजनैतिक विराम के रूप में भी देखा जा रहा है। हालांकि राजनीति में कुछ भी संभव है। वहीं अफजाल अंसारी के भविष्य का फैसला 13 मई को हाईकोर्ट में होना है। तीन मई को हाईकोर्ट में उनके भाग्य का फैसला होना था, लेकिन हाईकोर्ट ने तिथि आगे बढ़ाकर 13 मई कर दी। फिलहाल सजा का अंदेशा होने के कारण उन्होंने अपनी बेटी नुसरत अंसारी को मैदान में उतार दिया है। वह अपने पक्ष में प्रचार भी कर रही हैं। उसी तरह सक्रिय हैं जैसे एक प्रत्याशी सक्रिय होता है। बताया जा रहा है कि अगर 13 मई को अफजाल की सजा में अफजाल के अनुरूप कोई संसोधन होता है तो अफजाल ही चुनाव लड़ेंगे अथवा उन्होंने विकल्प के रूप में बेटी को उतार दिया है। अफजाल के चुनाव न लड़ने से एक और बाहुबली चुनाव लड़ने से दूर हो जाएगा। इंडी गठबंधन भी हाईकोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहा है। अगले ही दिन यानी 14 मई से गाजीपुर संसदीय सीट के लिए नामांकन शुरू हो जाएगा। ऐसी स्थित में 13 मई के फैसले पर सभी पार्टियों कीनजरहै।

● **अफजाल ने बेटी नुसरत को भी मैदान में उतारा है**





## अपनी ढपली अपना राग



कांग्रेस का फ़ैसला किसी हिस्ट्री से कम नहीं है कि गांधी परिवार ने अमेठी के अपने तथाकथित गढ़ को छोड़ दिया है, यह पहली बार नहीं है। – **स्मृति इरानी**



यह चुनावी लड़ाई मंदिर बनाने और कारसेवकों पर गोली चलाने वालों के बीच है। कांग्रेस के शासन में आतंकियों को बिरयानी खिलायी जाती थी, आज मुंह तोड़ जवाब दिया जाता है। – **ब्रजेश पाठक**



राहुल भारत के मूल सिद्धांत समझना नहीं चाहते। वे जातिगत गणना कराना चाहते हैं। जबकि बहुत से लोग अपनी जाति बताना नहीं चाहते। – **जयंत चौधरी**



भाजपा के लोग विपक्ष को दबा रहे हैं। इनके मंत्री विधायक जमीनों पर कब्जा रहे हैं। सरकारी संस्थानों को प्राइवेट हाथों में बेचा जा रहा है। –**नरेशउत्तमपटेल**

# मुस्लिम, यादव और ब्राह्मण के नाम पर सपा-बसपा करेंगी संग्राम

**15 दिनों में माहौल बदलने की बिसात बिछा रहीं दोनों पार्टियां**

**पिता से राजनीतिक ककहरा सीख मैदान में उतरे करण**

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** कैसरगंज लोकसभा की जमीन के जर्रे-जर्रे पर नींव खड़ी कर चुके सांसद बृजभूषण शरण सिंह ही धमक पर भाजपा की बांछें खिली हुई हैं, जबकि कैसरगंज की जमीन से दूर रहे नेताओं पर सपा व बसपा ने अपना उम्मीदवार उतार दिया है। उन्हें बृजभूषण शरण सिंह की तैयार 15 साल के मैदान पर ही बैटिंग करनी है वह भी 15 दिनों में। बृजभूषण की सजाई फील्डिंग पर ही पुत्र भी बैटिंग को उतर चुका है, जबकि सपा मुस्लिम, यादव व ब्राह्मण फैक्टर पर भगतराम को मैदान में उतारा है, और बसपा को कैडर वोट के वापस आने तथा ब्राह्मण वोटरों का सहारा है।

शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन था। भाजपा से बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र करण भूषण शरण सिंह को पार्टी ने मैदान में उतारा है। अपने पिता से राजनीतिक ककहरा सीख कर मैदान में उतरे करन को अपने पिता की सजाई फील्ड पर ही बैटिंग करनी है और उनके 15 साल की तैयार जमीन पर ही जीत का पौध लगाना है। कैसरगंज में तरबगंज विधानसभा उनकी अपनी विधानसभा है और यहां से भाजपा के विधायक प्रेम नरायन पांडेय नामांकन के दौरान उपस्थित रहे। दूसरी विधानसभा करनैलगंज है। यहां के विधायक अजय कुमार सिंह भी बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं। कटरा बाजार विधानसभा में भाजपा के विधायक बावन सिंह भी बृजभूषण व उनके बेटे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मैदान में डटे हैं। तीसरी विधानसभा कैसरगंज है। वहां भाजपा का विधायक तो नहीं है लेकिन वहां बृजभूषण सिंह की अपनी साख है। पयागपुर में भाजपा के विधायक सुभाष त्रिपाठी हैं और वह भी बृजभूषण के करीबी हैं। ऐसे में कैसरगंज के पांच विधानसभा क्षेत्रों में चार पर भाजपा के सिटिंग एमएलए हैं और पूरी शिद्दत के साथ पार्टी उम्मीदवार के साथ डटे हैं। मुख्यमंत्री ने भी भाजपा के सभी विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र में जीत दिलाने की हामी भरवा चुके हैं। ऐसे में भाजपा के नवधा खिलाड़ी को राजनीति की डोर थमाने के लिए तेज तर्रार प्रशिक्षक की भूमिका में विधायक लगे हैं।

उधर समाजवादी पार्टी ने राजनीति के माहिर खिलाड़ी भगतराम मिश्र को मैदान में उतारा है। भगतराम मिश्र लोकसभा व विधानसभा का चुनाव पहले ही अलग-अलग सीट से लड़ चुके हैं। बहराइच लोकसभा से 2004 में चुनाव बसपा से लड़े थे। 2007 में भिनगा विधानसभा का चुनाव लड़े तथा 2017 में कांग्रेस के टिकट पर पयागपुर से चुनाव लड़ चुके हैं। जीत तो उन्हें नहीं मिली परंतु राजनीति के उतार चढ़ाव की जानकारी अवश्य है। मुस्लिम व यादव मतदाता के साथ उन्हें ब्राह्मण मतदाताओं का बैकअप तैयार करने के लिए तरबगंज से राम भजन चौबे, करनैलगंज से पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, कटरा बाजार से पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे, मुस्लिम नेता मसूद आलम, पयागपुर से पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव का साथ मिला है। कैसरगंज में सपा विधायक आनंद यादव का बल भी प्राप्त है। वहीं बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नरेंद्र सिंह का पैतृक घर पयागपुर में है। वह बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद के करीबी हैं और पुराने कैडर मतों के साथ ब्राह्मण वोटों पर भरोसा है। कैसरगंज लोकसभा के पांचों विधानसभा में केवल एक बार करनैलगंज में बसपा का विधायक रहा। भाजपा के साथ सपा व बसपा के उम्मीदवारों को मात्र 15 दिनों में सीट फतह करनी है। इसमें किसी की फील्ड सजी है तो किसी को सजाना है।



करण भूषण सिंह




भगत राम मिश्र



नरेंद्र पाण्डे

### जातीय समीकरण का आंकड़ा




### भाजपा के चार विधायकों व बृजभूषण की भी परीक्षा

भाजपा करनभूषण शरण सिंह को लेकर आश्वस्त है और राम तथा विकास के नाम के साथ मोदी व योगी की छवि पर वोट मिलने की उम्मीद जता रही है लेकिन कैसरगंज की सीट उतनी आसान नहीं है जितनी समझी जा रही है। जाति के फैक्टर के साथ जातियों व धर्म रुझान भी बहुत कुछ मायने रखते हैं। कैसरगंज में पांच विधानसभा क्षेत्र है जिसमें चार पर भाजपा का ही कब्जा है। इन चारों विधायकों की भी अग्नि परीक्षा है साथ में 15 साल तक कैसरगंज की नुमाइंदगी कर चुके बृजभूषण शरण सिंह की पैठ व उनके कद की भी परीक्षा होनी है।

### कैसरगंज से तीनों प्रत्याशी पहली बार मैदान में

पहली बार है जब कैसरगंज सीट से लड़ने वाले तीनों दलीय उम्मीदवार पहली बार मैदान में उतरे हैं। कैसरगंज सीट पर भाजपा से करनभूषण पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। सपा से भगत राम बहराइच सीट से एक बार चुनाव जरूर लड़ चुके हैं लेकिन कैसरगंज के लिए उनका चेहरा भी पहली बार सामने आया है। इसी तरह नरेंद्र पांडेय बसपा से मैदान में हैं लेकिन वह भी पहली बार ही चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में तीनों के पास खोने के लिए कुछ नहीं है सिर्फ पाने की जद्दोजहद करनी है। अंतर सिर्फ इतना है कि करन भूषण के पिता की प्रतिष्ठा कैसरगंज से जुड़ी है।

## चुनावी चक्कर

● **डीएम साहब ! भूसा रख लो, चुनाव लड़ने दो :**

बोरी में चिल्लर पैसे भरकर बैंक में जमा करने या कार खरीदने शो-रूम पहुंचने की खबरें तो आती रहती हैं। लेकिन इस बार चुनाव के दौरान कुछ ऐसा दिलचस्प मामला सामने आया है। बलिया में एक प्रत्याशी जिलाधिकारी कार्यालय में भूसा लेकर पहुंच गया। वहां, उसने कहा कि उसके पास नामांकन के दौरान जमानत राशि जमा करने के लिए रुपए नहीं है, ऐसे में वह भूसा और अनाज बेचकर चुनाव लड़ना चाहता है। इस बीच इस शख्स को देखने के लिए तमाशबीनों की भीड़ जुट गई। जब उसने डीएम रविन्द्र कुमार को पत्र देकर भूसा और अनाज बेचकर चुनाव लड़ने की बात कही तो वह भी अपनी हंसी न रोक सके। अब यह भी जान लीजिए आखिर यह शख्स है कौन? इनका नाम है नवीन कुमार राय जो बलिया के पटखौली के रहने वाले हैं और काफी समय से सड़क पर टहलने वाले आवारा पशुओं की सेवा करते हैं। सड़क पर घायल पशु दिखाई देते हैं तो तत्काल उनका इलाज करते हैं। उनका कहना है कि इन बेजुबानों की सेवा बहुत जरूरी है क्योंकि ज्यादातर लोग पशुओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसीलिए वह सांसद बनकर पशुओं के लिए भी बनने वाली नीतियों में शामिल होना चाहते हैं। इससे पहले जब नवीन कुमार बलिया डीएम के ऑफिस जा रहे थे तो राहगीरों ने देखा कि उनके सिर पर एक बोरी रखी थी, जिसमें भूसा और अनाज रखा हुआ था। भूसा और अनाज लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचने की जब नवीन ने वजह बतायी कि तो वहां मौजूद डीएम समेत सभी हंसने लगे। नवीन कुमार ने बताया कि नामांकन करने और सिक्योरिटी मनी जमा करने के लिए उनके पास रुपए नहीं है। ऐसे में वह अपना अनाज और भूसा बेचना चाहते हैं। बेचकर जो रुपए उन्हें मिलेंगे उनसे वे चुनाव लड़ेंगे। बहरहाल, डीएम रविन्द्र कुमार ने नवीन की भावनाओं की कद्र करते हुए उसे सलाह दी कि वह भूसा गोवंश आश्रय केंद्र में दान कर दे और अनाज के सदुपयोग पर भी विचार करे।

# देवरिया में भाजपा और इंडी गठबंधन आमने-सामने, बसपा ने नहीं खोले पत्ते

**मौजूदा सांसद का टिकट काट कर भाजपा ने शशांक मणि को बनाया प्रत्याशी**

**इंडी गठबंधन के अखिलेश सिंह हैं मैदान में, बसपा ने नहीं घोषित किया प्रत्याशी**

चुनाव डेस्क, लखनऊ

**अमृत विचार :** देवरिया जिले में भी लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। बिहार राज्य से सटा यह जिला प्रदेश महत्वपूर्ण जिलों में गिना जाता है, इस सीट से राज्य के कई कद्दावर नेता चुनाव लड़ चुके हैं. देवरिया जिले को मार्च 1946 को गोरखपुर से अलग कर बनाया गया था।

देवरिया संसदीय सीट को 2 जिलों की सीट को मिलाकर बनाया गया। सवर्ण बाहुल्य इस सीट पर अब तक हुए चुनाव में कांग्रेस पार्टी सबसे ज्यादा 6 बार और भाजपा 4 बार चुनाव जीत चुकी है। इस सीट से सपा और बसपा ने भी जीत हासिल की। 2019 के लोकसभा चुनाव में देवरिया संसदीय सीट से रमापति राम त्रिपाठी को जीत मिली थी। भाजपा का यहां पर पिछले 10 साल से कब्जा बना हुआ है। देवरिया से भाजपा ने रमापति राम त्रिपाठी का टिकट काटकर शशांक मणि त्रिपाठी को चुनाव मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला इंडी गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह से है। कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह कांग्रेस के प्रवक्ता और दिग्गज नेताओं में गिने जाते हैं। इस सीट पर शशांक जहां पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए आ रहे हैं। तो वहीं अखिलेश का जनाधार भी काफी मजबूत है। वहीं बसपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं जिससे यहां का समीकरण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। फिलहाल सवर्ण बाहुल्य सीट होने के नाते यहां गठबंधन और भाजपा प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला होता दिख रहा है।

2019 के चुनाव में भाजपा ने रमापति राम त्रिपाठी को मैदान में उतारा और उन्होंने बहुजन समाज पार्टी के विनोद कुमार जयसवाल को हराया। रमापति राम त्रिपाठी को 580,644 वोट मिले तो विनोद कुमार जयसवाल के खाते में 3,30,713 वोट आए। रमापति ने 2,49,931 मतों के अंतर से यह चुनाव जीत लिया। इससे पहले 2014 के चुनाव में भी भाजपा को जीत मिली थी, भाजपा के टिकट पर कलराज मिश्रा ने बसपा के नियाज अहमद को 2,65,386 मतों के अंतर से हराया था, कलराज मिश्रा को चुनाव में 4,96,500 वोट मिले थे।वर्ष 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में बसपा उम्मीदवार गोरखप्रसाद जयसवाल ने 2,19,889 वोट पाकर जीत हासिल की थी। दूसरे स्थान पर भाजपा के उम्मीदवार श्री प्रकाशमणि त्रिपाठी रहे थे, जिन्हें 1,78,110 मतदाताओं का साथ मिल सका था।



शशांक मणि त्रिपाठी।



अखिलेश सिंह।

### 1984 में आखिरी बार जीती थी कांग्रेस

ये सीट आजादी के बाद से 1984 तक सोशलिस्ट और कांग्रेस का गढ़ बनी रही। कांग्रेस ने यहां 1951 में जीत के साथ शुरुआत की। लेकिन 1990 में राम मंदिर आंदोलन के बाद यहां मंडल और कमंडल की राजनीति ने जोर पकड़ लिया। कांग्रेस धीरे-धीरे हाशिए पर चली गई और मुकाबाल सपा-बसपा और भाजपा के बीच सिमट गया। कांग्रेस आखिरी बार 1984 में यहां से जीती थी, उस समय दिग्गज नेता राज मंगल पांडेय यहां जीते और केंद्रीय मंत्री बने थे।


### जातीय समीकरण

जातिगत समीकरण की बात करें, तो ये सीट सवर्ण बाहुल्य सीट मानी जाती है। इसमें सर्वाधिक संख्या में ब्राह्मण 27 प्रतिशत हैं, अनुसूचित जाति के लोग 14 प्रतिशत, अल्पसंख्यक 12 , यादव 8 , वैश्य 8 , सैंथवार 6 , कुर्मी 5 , क्षत्रिय 5, कायस्थ 4 , राजभर 4 , निषाद 3 प्रतिशत हैं वहींअन्य 4 प्रतिशत मतदाता हैं।




### 2019 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | रमापति राम त्रिपाठी | 5,80,644 |
| बसपा | विनोद कुमार जयसवाल | 3,30,713 |
| कांग्रेस | नियाज अहमद खान | 51,056 |





### 2014 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कलराज मिश्र | 4,96,500 |
| बसपा | नियाज अहमद | 2,31,114 |
| सपा | बालेश्वर यादव | 1,50,852 |
| कांग्रेस | सभा कुँवर | 37,752 |




### 2009 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| बसपा | गोरख प्रसाद जयसवाल | 2,19,889 |
| भाजपा | प्रकाश मणि त्रिपाठी | 1,78,110 |
| सपा | मोहन सिंह | 1,51,389 |
| कांग्रेस | बालेश्वर यादव | 91,488 |




**2024 - मतदाताओं की संख्या**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 18,62,393 |
| पुरुष | - 9,85,102 |
| महिला | - 8,77,183 |
| अन्य | - 108 |

**2014 नोटा**
12,405

**2019 नोटा**
13,421



### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1951 | विश्वनाथ राय/सरजू प्रसाद मिश्र | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | राम जी वर्मा | प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| 1962,67 व 71 | विश्वनाथ राय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | उग्रसेन सिंह | जनता पार्टी |
| 1980 | रामायण राय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | राजमंगल पांडे | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | राजमंगल पांडे | जनता दल |
| 1991 | मोहन सिंह | जनता दल |
| 1996 | प्रकाश मणि त्रिपाठी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 | मोहन सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | प्रकाश मणि त्रिपाठी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | मोहन सिंह | समाजवादी पार्टी |

### पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

देवरिया लोकसभा सीट के तहत आने वाली पांचों विधानसभा क्षेत्रों पर फिलहाल भाजपा का कब्जा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में पथरदेवा सीट पर सूर्य प्रताप शाही (उप्र. सरकार में कृषि मंत्री), देवरिया सदर सीट पर शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना सीट पर सुरेंद्र चौरसिया, तमुकुहीराज सीट पर आसिम कुमार और फाजिलनगर सीट पर सुरेंद्र कुशवाहा ने जीत हासिल की।

### सपा नेताओं को था पूरा भरोसा

समाजवादी पार्टी ने देवरिया लोकसभा सीट पर लगभग एक साल पहले ही तीन लोगों को प्रभारी बनाया था, जिसमें पूर्व मंत्री और किसान नेता राधेश्याम सिंह, पूर्व सांसद स्व. मोहन सिंह की बेटी और पूर्व राज्यसभा सांसद कनकलता सिंह और नौकरशाह से नेता बने अशोक सिंह कुशवाहा शामिल थे। तीनों प्रभारियों ने काफी जोर-जोर से अपना प्रचार भी शुरू कर दिया था। कार्यकर्ताओं को पक्का भरोसा था कि गठबंधन चाहे किसी भी पार्टी से हो, इस बार समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार ही यहां से चुनाव लड़ेगा लेकिन कांग्रेस से गठबंधन के बाद सीट शेयरिंग के फार्मूले ने यहां के सपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को मायूस कर दिया है।यह सीट कांग्रेस के खाते में आ गई।

## बसपा के साथ गठबंधन कर सकते हैं स्वामी प्रसाद



**अमृत विचार, लखनऊः** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य प्रदेश में चुनाव के आखिरी चरण में बसपा से गठबंधन कर सकते हैं। राजनीतिक गलियारों में शनिवार को ऐसी चर्चाएं होती रहीं। सातवें चरण में प्रदेश की 13 सीटों पर चुनाव होना है। इसमें महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबर्ट्गंज सीटें शामिल हैं।

मौर्य अपनी पार्टी के ओर से कुशीनगर सीट से खुद को प्रत्याशी घोषित कर चुके हैं। चर्चा है कि इस सीट पर बसपा से समर्थन लेंगे। इस सीट पर भाजपा ने विजय कुमार दुबे को चुनाव मैदान में उतारा है। इंडी गठबंधन के तहत सपा ने इस सीट पर अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू को टिकट दिया है। बसपा ने अभी इस सीट पर प्रत्याशी नहीं उतारा है। मालूम हो कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी छोड़ने के बाद राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का गठन किया। पूर्व में उन्होंने इंडी गठबंधन को समर्थन दिया था, पर सीटों के बंटवारे में इंडी गठबंधन ने ध्यान नहीं दिया, तो उन्होंने कुशीनगर सीट से अपनी पार्टी की ओर से खुद को प्रत्याशी घाषित कर दिया। फिलाल स्वामी के मैदान में उतरने पर यहां का मुकाबला रोचक हो गया है।

# चुनावी इश्तिहार में युवा खोज रहे रोजगार

दिग्विजय सिंह

**चुनावी मुद्दा**

## राजनीतिक दलों के वादों में फिर से गुम न हो जाए युवाओं की नौकरी की चाहत
## चुनावी अभियान में चर्चा पाने के बावजूद दूसरे मुद्दे परवान चढ़ने से चिंतित हैं युवा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में इस बार 1.8 करोड़ युवा पहली बार वोट डाल रहे हैं। इसके साथ ही 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 19.47 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए बूथ पर पहुंचने के लिए बेताब है। इन युवाओं के मन में सबसे बड़ा मुद्दा नौकरी और रोजगार का है, लेकिन राजनीतिक दलों और नेताओं के बीच छिड़े आरोप-प्रत्यारोप में उसे नौकरी की बात कम ही सुनाई दे रही है। हालांकि चुनावी घोषणा पत्र के बाद प्रचार अभियान में इस बड़े वोट बैंक पर सभी प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की पैनी नजर है। कांग्रेस और भाजपा के साथ उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने खासतौर पर इन युवा वोटरों पर फोकस कर रखा है। युवाओं को अपने पाले में खींचने के लिए रोजगार की बात को हर कोई अपने तरीके से एड्रेस करने में लगा है।

### परीक्षा भर्ती के लिए सख्त कानून, आरोपी पाएंगे सजा

- भाजपा सरकार को रोजगार के मुद्दे पर कांग्रेस लगातार कठघरे में खड़ी करती रही है। हाल में यूपी, बिहार समेत कई राज्यों में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक के मामले सामने आए थे। इससे आक्रोशित युवाओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया था। पेपर लीक की वजह से यूपी पुलिस भर्ती समेत कई परीक्षाएं रद हो गई थीं। ऐसे में इस मुद्दे को दोनों दलों ने चुनाव पूर्व वादे में गंभीरता से लिया है। कांग्रेस ने पेपर लीक मामलों से निपटने के लिए फास्ट-ट्रैक्ट कोर्ट बनाने और पीड़ितों को आर्थिक मुआवजा देने की बात कही है, वहीं भाजपा का कहना है कि उसने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताएं रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है। इसके जरिए आरोपियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

**1.8** करोड़ युवा पहली बार डाल रहे हैं वोट

**19.47** करोड़ 20-29 वर्ष आयु वर्ग के वोटर



**27%** लोग मानते हैं बेरोजगारी को सबसे बड़ा मुद्दा

**30%** से ज्यादा बढ़ी बीते 24 साल में पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं की जमात

मानव विकास संस्थान और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की भारत रोजगार रिपोर्ट-2024

बेरोजगार युवाओं में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 65 .7% है।

### 62 % बोले, नौकरी पाना कठिन हुआ

- पिछले पखवाड़े सामने आए सीएसडीएस-लोकनीति के चुनाव पूर्व सर्वेक्षण में मतदाताओं ने भी सबसे बड़ी चिंता बेरोजगारी को लेकर दर्ज करायी थी। सर्वे में सबसे 27 फीसदी लोगों ने बेरोजगारी को बड़ी मुद्दा बताया था। सर्वेक्षण में शामिल लगभग दो तिहाई 62% लोगों का मानना था कि नौकरियां पाना अधिक मुश्किल हो गया है। ऐसा मानने वाले शहरों में 65%, गांवों में 62% और कस्बों में 59% थे। केवल 12% ने यह राय दी थी कि नौकरी पाना आसान हो गया है। सर्वेक्षण के मुताबिक 17 फीसदी लोग राज्य सरकार, 21 फीसदी केंद्र और 57 फीसदी लोग केंद्र व राज्य दोनों सरकारों को नौकरी के अवसर कम करने का जिम्मेदार मानते हैं। मानव विकास संस्थान और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की भारत रोजगार रिपोर्ट-2024 भी देश में बेरोजगारी की स्थिति को बयां करती है। रिपोर्ट के अनुसार देश के बेरोजगार कार्यबल में लगभग 83% युवा हैं और कुल बेरोजगार युवाओं में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 65 .7% है, जबकि वर्ष 2000 में यह दर 35 .2 फीसदी थी। यानी बेरोजगार युवाओं के बारे में कोई यह भी नहीं कह सकता है कि जब पढ़ोगे नहीं तो, रोजगार कहां से मिलेगा। पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं का प्रतिशत बढ़ता जा रहा है।

### मैन्यूफैक्चरिंग, इंफ्रास्टक्चर और पर्यटन में रोजगार के साथ फूड प्रोसेसिंग हब बनाएगी भाजपा

- भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में रोजगार, इंफ्रास्टक्चर में निवेश से रोजगार और पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने की बात कही है, लेकिन कितने रोजगार या कितनी नौकरियां दी जाएंगी, इसे लेकर कोई ठोस आंकड़ा नहीं दिया है। युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाने के लिए भाजपा ने देश को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की घोषणा की है। दावा किया गया है कि इससे युवाओं के साथ ही किसानों को भी फायदा होगा। खासकर श्रीअन्न का उत्पादन करने वाले छोटे किसानों को लाभ मिलेगा। पार्टी का कहना है कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू करने के साथ ही मुद्रा योजना में 20 लाख रुपये लोन देकर रोजगार के साधन पैदा किए जाएंगे। नौकरियों के अवसर पैदा करने के लिए ढांचागत सुविधाओं, निर्माण क्षेत्र, स्टार्टअप, निवेश, खेल, उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं पर ध्यान दिया जाएगा। आईआईटी, आईआईआईटी, आईआईएम और एम्स के साथ सभी मेडिकल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को सुदृढ़ करके उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या बढ़ायी जाएगी। युवाओं के लिए डिजिटल यूनिवर्सिटी की स्थापना, शैक्षणिक और व्यावहारिक कौशल को जोड़ने के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू करने की भी भाजपा ने घोषणा की है।

### कांग्रेस ने किया रोजगार क्रांति का वादा पेपर लीक होने पर मिलेगा मुआवजा

- कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में केंद्र सरकार में स्वीकृत पड़े लगभग 30 लाख रिक्त पद भरने का वादा किया है। भर्ती परीक्षा के दौरान पेपर लीक होने के मामलों में फैसला देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा के साथ ही सभी पीड़ित अभ्यर्थियों को मुआवजा देने की भी बात कही है। पार्टी ने पक्की नौकरी की गारंटी के लिए 1961 के अप्रेंटिस शिप एक्ट की जगह प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम लाने की बात कही है। पार्टी के मुताबिक यह नया कानून 25 साल से कम उम्र के हर डिप्लोमा धारक या कॉलेज ग्रेजुएट पर लागू होगा। निजी और सरकारी कंपनियों में युवाओं को एक साल की ट्रेनिंग देने के लिए राइट टू ऑपरेटिव एक्ट की गारंटी की बात कांग्रेस के न्याय पत्र में है। पार्टी का कहना है कि स्टार्टअप के लिए फंड आफ फंड्स योजना लाई जाएगी। इससे 40 साल से कम उम्र के युवाओं को खुद का व्यापार शुरू करने में मदद मिलेगी।

# भाजपा के लिए इस बार खास है तीसरा चरण

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण में 95 सीटों के लिए सात मई को मतदान होना है। प्रचार में एनडीए और इंडिया गठबंधन ने पूरी ताकत झोंक रखी है। 2019 के चुनाव में इन 95 सीटों में भाजपा 72 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। कांग्रेस सिर्फ 4 सीटें ही पा सकी थी। तीसरे चरण में गुजरात की 25 सीटों पर चुनाव है। भाजपा 2014 और 2019 में राज्य की सभी सीटें जीतने में कामयाब रही थी। इस तरह एमपी की जिन नौ सीटों पर चुनाव है, वहां भी भाजपा ने पिछले चुनाव में क्लीन स्वीप किया है। भाजपा छत्तीसगढ़ की 7 में से 6 सीटें जीती थी। कर्नाटक की सभी 14 सीटों पर उसने कब्जा जमाया था। सात मई के मतदान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, एमपी के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले की किस्मत का फैसला हो जाएगा।

**राजनीति के चाणक्य को नहीं चुनौती:** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह गुजरात की गांधीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। गांधीनगर से दूसरी बार जीत के लिए अमित शाह का मुकाबला कांग्रेस की सोनल पटेल से हो रहा है। भाजपा इस सीट पर 1989 से अपराजित है। 2019 के चुनाव में अमित शाह ने कांग्रेस के सीजे चावड़ा पर 5.55 लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी।

**विदिशा में शिवराज का सिक्का:** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा ने विदिशा लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। मध्य प्रदेश के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले शिवराज सिंह चौहान विदिशा निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार सांसद रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में शिवराज सिंह चौहान का मुकाबला कांग्रेस के प्रताप भानु शर्मा से है। प्रधानमंत्री उन्हें केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी देने की बात कह गए थे।

### हार का दाग मिटाने की चुनौती

- कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए यह चुनाव बेहद खास है। गुना लोकसभा क्षेत्र से उन्होंने 2019 के चुनाव में भाजपा के कृष्ण पाल सिंह ने कांग्रेस से चुनाव लड़े ज्योतिरादित्य सिंधिया को हरा दिया था। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी राव यादवेंद्र से हो रहा है। पिछली बार कृष्णपाल सिंह यादव वोटों में सेंधमारी से कांग्रेस को रोकने में लगे हैं।

### भाभी और ननद की रोचक लड़ाई

- एनसीपी संरक्षक शरद पवार अपनी बेटी सुप्रिया सुले को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में बारामती सीट से जिताने के लिए जूझ रहे हैं। यहां मुकाबला पवार बनाम पवार है। तीन बार की मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले का मुकाबला राज्य के उप मुख्यमंत्री और एनसीपी के विभाजित गुट के अध्यक्ष अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से है। अजित पवार की पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा है।



**मारेंगे मैदान** पश्चिम दिल्ली से आप के उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित जुलूस में कार्यकर्ता उत्साहित दिखे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से नाराज भी दिखे।



**हक के लिए उठे हाथ** आगरा में बसपा प्रमुख मायावती की रैली में पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा। बसपा प्रमुख भी भीड़ उत्साहित दिखीं।

# लोहरदगा में जेएमएम के बागी ने बिगाड़ा गणित

**चुनाव डेस्क।** झारखंड की लोहरदगा संसदीय सीट पर भी मुकाबला दिलचस्प होने जा रहा है। भाजपा के कब्जे वाली इस सीट पर कांग्रेस ने सुखदेव भगत को मैदान में उतारा है जबकि भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद का टिकट काट दिया है। उनके स्थान पर समीर उरांव मैदान में आए हैं। यहां मुकाबला इसलिए भी दिलचस्प हो गया है क्योंकि जेएमएम के विधायक चमरा लिंडा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर गए हैं।

इसी सीट पर कांग्रेस और भाजपा के बीच ही मुख्य मुकाबला होता रहा है लेकिन 2009 के चुनाव में चमरा लिंडा ने निर्दलीय मैदान में उतरकर सारे गणित को बदल दिया था। हालांकि वे इस चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे थे। 2014 में वे टीएमसी से लड़े थे लेकिन तीसरे स्थान पर रहे थे। वर्तमान में वे जेएमएम से विधायक हैं। यह सीट गठबंधन की वजह से कांग्रेस के खाते में चली गई। ऐसे में उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ही समर में कूदने की घोषणा कर कांग्रेस की मुश्किल बढ़ा दी। भाजपा ने भी तीन बार के सांसद सुदर्शन भगत का टिकट काट दिया है।

# अर्जुन मुंडा खिला पाएंगे कमल या कांग्रेस के काली चरण मुंडा लेंगे हार का बदला

**खूंटी संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। झारखंड राज्य की खूंटी लोकसभा सीट पर मुकाबला कांटे का है। यहां से मोदी सरकार में मंत्री एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा मैदान में हैं। उनके सामने कांग्रेस से कालीचरण मुंडा है। वह दो बार के विधायक रहे हैं और 2019 में अर्जुन मुंडा के हाथों हार गए थे। 2014 में भी इसी सीट से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार जहां वे हार का बदला लेने के लिए आतुर दिख रहे हैं तो अर्जुन मुंडा फिर से इस सीट पर जीत दर्ज कर मोदी सरकार के 400 पार के लक्ष्य की पूर्ति करने को रात दिन एक किए हुए हैं।

अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित इस संसदीय सीट पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के मैदान में आने से पूरे देश की निगाह इस सीट पर है। क्योंकि जल्द ही यहां विधानसभा के चुनाव भी होने हैं और अर्जुन मुंडा को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित किया जा सकता है। ऐसे में उनकी दोबारा जीत उनकी दावेदारी को और मजबूत बनाएगी। यह सीट भाजपा का मजबूत गढ़ रही है। पहली बार राम मंदिर आंदोलन के दौरान 1989 में इस सीट पर खाता खुला था। तब पार्टी नेता करिया मुंडा यहां से सांसद बने थे और वे 1991, 1996, 1998 और 1999 में भी इस सीट पर जीते। 2004 के चुनाव में यहां से कांग्रेस को जीत मिली हालांकि यह जीत 2009 में बरकरार नहीं रह पाई। करिया मुंडा न सिर्फ 2009 में जीते बल्कि 2014 में भी उन्हें यहां से सांसद बनने का मौका मिला। 2019 में भाजपा ने इस सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को मौका दिया और वे भी सांसद बनने में कामयाब हुए। पिछले चुनाव में मिली हार की टीम काली चरण मुंडा के जेहन में आज भी है। वह झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के कोर वोटरों के दम पर जीत दर्ज करने के लिए प्रयासरत हैं। इस सीट पर 13 मई को मतदान होना है।



अर्जुन मुंडा।



कालीचरण मुंडा।

- 2014 और 2019 में हारे कालीचरण को कांग्रेस ने फिर से मैदान में उतारा है
- आठ बार इस सीट पर भाजपा के करिया मुंडा बने सांसद, पहली बार 1989 में जीते थे
- 2019 में जीते पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को जीत के लिए मोदी की गारंटी का सहारा

### दो बार विधायक रहे कालीचरण

- कालीचरण मुंडा की गिनती कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में होती है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री और उपाध्यक्ष के पद पर वह रह चुके हैं। 1992 में वह तमाड़ सीट से जीत दर्ज कर विधायक बने थे। 1995 में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने दोबारा जीत हासिल की। 2000 के विधानसभा चुनाव में वे हार गए। 2014 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा चुनाव का टिकट दिया था पर मोदी लहर में हार गए थे। तीसरे स्थान से उन्हें संतोष करना पड़ा था।

### आरक्षण खत्म होने का दिखा रहे डर

कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल के नेता यहां आदिवासियों व अन्य जातियों के मतदाताओं को बताने में जुटे हैं कि भाजपा सत्ता में आई तो इस बार आरक्षण खत्म हो जाएगा और संविधान बदल जाएगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति को न बुलाए जाने को जनजाति समाज का अपमान बताया जा रहा है। जबकि भाजपा के नेता यह बताने में जुटे हैं कि मोदी की गारंटी है कि आदिवासियों के हित सदैव सुरक्षित रहेंगे। आदिवासियों के लिए अलग बने मंत्रालय द्वारा अब तक कराए गए कार्यों का भी बखान किया जा रहा है। किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी साधने में भाजपा जुटी हुई है।

# बीजद के गढ़ में खिलेगा कमल या फिर होगी शंख ध्वनि

**पुरी की चुनावी कथा**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** ओडिशा की पुरी संसदीय सीट बीजू जनता दल (बीजद) का अभेद्य किला है। इसे ढहाने की कोशिश कांग्रेस और भाजपा ने खूब किया पर सफलता हाथ नहीं लगी। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा यहां से मैदान में थे लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार भी पार्टी ने उन पर दांव लगाया है। कांग्रेस इस लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने में जुटी हुई थी पर उम्मीदवार सचरिता महांति के टिकट वापस किए जाने से पार्टी की मुश्किल बढ़ गई है। अब कांग्रेस को यहां नये चेहरे के साथ मैदान में उतरना होगा। सुचरिता महांति 2014 में इस सीट से चुनाव लड़ चुकी हैं। 2019 में उनका टिकट कट गया था। इस संसदीय सीट पर 25 मई को मतदान होना है और पर्चा दाखिल करने की तिथि छह मई तक है। 25 मई को ही इस संसदीय क्षेत्र की सातों विधानसभा सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। फिलहाल पांच विधानसभा सीटों पर बीजू जनता दल और दो पर भाजपा का कब्जा है।

भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी में कभी कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था। कांग्रेस ने इस सीट पर छह बार जीत दर्ज की। एक बार जनता पार्टी और एक बार संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी और दो बार जनता दल के उम्मीदवारों को यहां जीत मिली। पहली बार 1998 में बीजू जनता दल को यहां जीत मिली और इसके बाद से पार्टी इस सीट को अपने पास ही रखे हुए है। इस अभेद्य किले को ढहाने के लिए कोशिशें कांग्रेस ने भी खूब की और भाजपा ने भी लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। 2009 और 2014 में भाजपा को यहां तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। 2014 में जब मोदी की लहर चल रही थी तब भी पार्टी जीत नहीं पाई थी।

कांग्रेस को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था। 2019 में संबित पात्रा मैदान में उतरे तो भाजपा मुख्य मुकाबले में आई। हालांकि वे बीजू जनता दल के पिनाकी मिश्रा से हार गए। इस बार बीजू जनता दल ने इस बार अरूप पटनायक को मैदान में उतारा है जबकि उनके सामने भाजपा से संबित पात्र मैदान में हैं। अब कांग्रेस की सुचरिता महांति ने टिकट वापस कर दिया है तो देखना यह है कि पार्टी किसे उम्मीदवार बनाती है।



अरूप पटनायक।



संबित पात्रा।

- लगातार छह बार से बीजू जनता दल इस सीट पर फहरा रही है परचम
- भाजपा के संबित पात्रा एक बार फिर टक्कर देने के लिए मैदान में आए
- उम्मीदवार के टिकट वापस करने से कांग्रेस के लिए खड़ी हुई मुश्किल

### चार बार सांसद रहे पिनाकी मिश्रा

2009, 2014 और 2019 में बीजू जनता दल के टिकट पर जीत की हैट्रिक लगाने वाले पिनाकी मिश्रा ने 1996 में कांग्रेस के टिकट पर पुरी से जीत दर्ज की थी। बाद में वे बीजू जनता दल में शामिल हुए और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खास नेताओं में शामिल हो गए। इस बार उनका टिकट कटा तो यह माना गया कि विवादों में आई टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा से नजदीकी के कारण पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया।

### पुलिस कमिश्नर रहे हैं अरूप पटनायक

- अरूप पटनायक मुंबई के पुलिस कमिश्नर रहे हैं और बीजू जनता दल के मुखिया एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के भरोसेमंद नेताओं में शामिल हैं। 2019 में उन्होंने भुवनेश्वर से चुनाव लड़ा था तब उन्हें भाजपा की अपराजिता सारंगी ने हराया था। अब पार्टी ने उन्हें पुरी से संबित पात्रा के विरुद्ध उतारा है।

**समझाया गणित**



नेशनल कांफ्रेस के प्रमुख फारुख अब्दुल्ला ने श्रीनगर में बैठक की और पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र बताया। मतदाताओं को बूथ तक लाने की अपील की।

## एक नजर

### कांग्रेस के उप चुनाव प्रत्याशी ने शुरू किया जनसंपर्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस पार्टी से लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने अपने जनसंपर्क की शुरुआत इंदिरा नगर के पार्कों से की। इसके बाद सी ब्लॉक में ही डोर टू डोर जनसंपर्क करने के बाद राजीव नगर, हरिहर नगर, अवध विहार में मतदाताओं से मुलाकात की। पूर्वी विधानसभा चुनाव के मीडिया प्रभारी डॉ आशीष दीक्षित ने बताया कि पूर्वी विधानसभा सीट से गठबंधन के प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता और लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष रहे कामरेड अतुल कुमार अंजान की अंतिम यात्रा में शामिल हुए और भैसाकुंड पहुंचकर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### चुनाव को लेकर पेंशनरों की बैठक आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति, लखनऊ मंडल के अंतर्गत राष्ट्रीय, प्रादेशिक, जोनल एवं जनपदों के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक का आयोजन रविवार प्रात: 11 बजे एलडीए स्थित सीएमएस स्कूल गेट न.1 के सामने पार्क में स्थित मन्दिर हाल में किया गया है। बैठक में लोकसभा चुनाव में पेंशनर्स के हितों एवं लंबित मांगों को ध्यान में रखते हुए आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया जायेगा। यह जानकारी लखनऊ मंडल सचिव अशोक बाजपेयी ने दी।

### राज्यपाल ने किया पुस्तक का विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को राजभवन में विशेष सचिव नगर विकास विभाग डॉ दीपक कोहली की पुस्तक 'पर्यावरण और प्रौद्योगिकी : नये क्षितिज' का लोकार्पण किया। इस मौके पर डॉ. कोहली ने बताया कि पुस्तक में पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक खेती, पर्यावरण अनुकूल कार्बन फार्मिंग, बहुआयामी जलवायु संकट, जैव ईंधन और हरित बांड जैसे समसामयिक विषयों पर चर्चा की गई है, इसके साथ ही, कृषि प्रौद्योगिकी, स्वच्छ तकनीक, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, डिजी यात्रा, साइबर जागरूकता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व क्वांटम प्रौद्योगिकी के नये आयामों को उजागर करने वाले लेखों का समावेश है।

# ध्वस्त होगा प्रश्नपत्र आउट कराने वाला हर तंत्र

## अब तक की जांच में 29 गिरोह सक्रिय पाए गए, 196 आरोपी गिरफ्तार

विनय सिंह, लखनऊ

▶▶ आरओ-एआरओ परीक्षा व सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र आउट होने का मामला

**अमृत विचार :** आरओ-एआरओ परीक्षा एवं सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्रों को आउट कराने वाले हर उस व्यक्ति तक एसटीएफ पहुंचेगी, जो आंशिक रूप से भी इस कड़ी में जुड़ा था। एसटीएफ का मुख्य उद्देश्य उस साहस को भी तोड़ना है, जो शिक्षा माफिया लगातार कर रहे हैं। दोनों परीक्षाओं का प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल 196 आरोपियों को एसटीएफ और यूपी पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। सूचनाओं के संकलन में जो स्थिति नजर आ रही है, उससे यह लगता है कि यह संख्या 400 तक जा सकती है।

बताया जा रहा है कि पूरे प्रदेश में सिर्फ परीक्षाओं का प्रश्नपत्र लीक कराने में 29 गिरोह सक्रिय थे। एसटीएफ पूरे गिरोह का सफाया करने में जुटी है, ताकि भविष्य में परीक्षार्थियों के भविष्य से कोई खिलवाड़ न कर सके। एसटीएफ चीफ के मुताबिक, अब तक की जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, उससे लगता है कि फ्रेंचाइजी व्यवस्था की तरह पर्चा आउट के कार्य को अंजाम दिया जा रहा था।

एसटीएफ द्वारा की गई कार्रवाइयों में 16 मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्त में आए हैं। जिला पुलिस की कार्रवाइयों पर गौर किया जाए तो यह संख्या 196 पहुंच गई है। एसटीएफ सिर्फ सजा दिलाने में नहीं लगी है, बल्कि इस कार्य में शामिल आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यही नहीं यह पता चलने पर कि आरोपियों द्वारा पर्चा आउट कराने पर अर्जित किए धन से संपत्तियां खरीदी गई हैं, वह संपत्ति भी कुर्क होगी। एसटीएफ मुख्यालय ने इसके लिए रणनीति तैयार कर ली है। आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए एसटीएफ न्यायालय में भी ढंग से पैरवी कर रही है।

बताया जा रहा है कि एसटीएफ के कई कार्मिक अभी भी आरोपियों की तलाशी और छापेमारी में जुटे हुए हैं।



> एक फ्रेंचाइजी व्यवस्था की तरह पर्चा लीक कराने का कार्य किया जा रहा था। सॉल्वर के लिए अलग गिरोह, अभ्यर्थी लाने का अलग गिरोह, एडवांस लेने, अभ्यर्थियों को सूचित करने जैसे तमाम क्रम बने हुए थे। पर्चा लीक कराने में शामिल अंतिम व्यक्ति तक हम पहुंचेंगे। यह कार्रवाई एक संदेश है, ताकि कोई भविष्य में भी इस तरह की गलती न करे।
>
> – अमिताभ यश, एडीजी कानून व्यवस्था, उप्र. पुलिस

# एसटीएफ ने पूरे किए सार्थकता के 26 वर्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ उप्र. पुलिस के विंग स्पेशल टास्क फोर्स के स्थापना दिवस पर एडीजी ने दी बधाई

**अमृत विचार :** 4 मई को उप्र. पुलिस के महत्वपूर्ण विंग स्पेशल टास्क फोर्स ने अपनी स्थापना के 26 वर्ष पूरे कर लिए। इस मौके पर एसटीएफ मुखिया एवं एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने एसटीएफ की समस्त यूनिटों के अफसरों और कार्मिकों को बधाई दी है। बता दें कि यह वही एसटीएफ है, जिसे तत्कालीन माफिया श्रीप्रकाश शुक्ला के खात्मे के लिए मात्र छह महीने के लिए अस्थाई तौर पर बनाया गया था। लेकिन यह फोर्स उप्र. पुलिस के लिए इतना मुफीद साबित हुआ कि कालांतर में सरकारों की जरूरत बन गई।



**अजय राज शर्मा थे पहले एसटीएफ चीफ :** 1966 बैच के आईपीएस अजय राज शर्मा एसटीएफ के पहले चीफ बने थे। उनके साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार, एसपी सत्येंद्र वीर सिंह और तत्कालीन क्षेत्राधिकारी के साथ राजेश पांडेय के अलावा अन्य कार्मिक शामिल थे। ड्राइबर सहित पूरी टीम 17 पुलिसकर्मियों की थी।

**2017 के बाद उत्कर्ष पर पहुंची एसटीएफ :** उत्तर प्रदेश में 2017 में यूपी एसटीएफ को खुली छूट दे दी गई। निर्देश था कि यूपी में माफिया राज पूरी तरह से खत्म कर दिया जाए। इसके बाद एसटीएफ माफियाओं के लिए काल बनकर उभरी। सैकड़ों अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया।

**कभी एक कंप्यूटर की थी दरकार, आज संसाधन संपन्न :** 1998 में जब एसटीएफ का गठन हुआ था उस समय इस विंग के पास एक कंप्यूटर तक नहीं था। तकनीक के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं थी। लंबे सफर के दौरान आज एसटीएफ का स्वयं का भवन है। सूचना संकलन को आधुनिकतम उपकरण, लैब, मुठभेड़ के लिए कार्मिकों के पास आधुनिक हथियार, हाईस्पीड सुरक्षित गाड़ियां। पूरी व्यवस्था ही कंप्युटराइज्ड है।

# आज थम जाएगा लोस चुनाव के तीसरे चरण का प्रचार

## निर्वाचन आयोग ने दिए मतदान की तैयारी संबंधी निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में तीसरे चरण की 10 सीटों के चुनाव के लिए पांच मई की शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। इन सीटों पर सात मई को मतदान होगा। इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान की तैयारी के निर्देश दिये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद सभी दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार अभियान की समाप्ति के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि राजनीतिक दलों के सभी बाहरी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित न रहें। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक रहेगी। पीठासीन अधिकारी अपने फोन को साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने व आपात स्थिति में केवल सेक्टर अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के साथ संचार के लिए उपयोग कर सकेंगे।

**100 प्रत्याशी मैदान में**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिन सीटों पर मतदान होना है, उनमें संभल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। इस चरण के निर्वाचन क्षेत्र मुरादाबाद, संभल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं व बरेली जिले में आते हैं।



नीरज सिंघल को दोबारा आईआईए का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते उद्यमी।

## आईआईए के दोबारा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए नीरज सिंघल

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल वर्ष 2024-25 में भी इसी पद पर बने रहेंगे। वह अप्रैल प्रथम सप्ताह से चल रही चुनाव प्रक्रिया में निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं।

आईआईए भवन, लखनऊ में शनिवार को चुनाव अधिकारी नवीन खन्ना के नेतृत्व में बैठक हुई। परिणाम घोषित करते हुए उन्होंने बताया कि आईआईए के 21 चयनित केंद्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्यों द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए नीरज सिंघल को आईआईए का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। उनका यह दूसरा कार्यकाल है और आगामी 30 जून 2025 तक रहेगा। पिछले 20 सालों से संगठन में विभिन्न पदों पर कार्यरत, नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने बताया कि आईआईए मिशन 'ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई टुवड्‌र्स इंडस्ट्री 4.0 एंड 48' पर अपना कार्य जारी रखेगा। उद्यमियों की सुविधा के लिए देश-विदेश में नई मार्केट खोजी जाएंगी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक उत्पाद ले जाने के लिए बिल्ड भारत एक्सपो का आयोजन और आईआईए एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन सेंटर को मजबूत बनाया जायेगा। बैठक में कई राज्यों से लगभग 100 से अधिक आईआईए पदाधिकारियों व उद्योगपतियों ने हिस्सा लिया।

# विवि ने लॉक किया फीस का डाटा, अब विभाग की बारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ 13,500 छात्र-छात्राओं की फंस गई थी छात्रवृत्ति, फिर से खोला गया था पोर्टल

**अमृत विचार :** छात्रवृत्ति योजना के तहत शिक्षण संस्थान फीस का डाटा लॉक नहीं कर पाए थे। पर समाज कल्याण विभाग की ओर से मौका मिलने के बाद विश्वविद्यालय और एफिलियेटिंग एजेंसी ने मास्टर डाटा लॉक कर दिया है। अब जिला समाज कल्याण अधिकारियों को सात मई तक डाटा मिलान कर अग्रसारित करना होगा।

बता दें कि अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति की कक्षा दस से ऊपर की कक्षाओं और पाठ्यक्रमों की छात्रवृत्ति योजना के तहत डाटा लॉक न होने के कारण प्रदेश के 13,500 छात्र-छात्राओं की फीस फंस गई थी। विभाग ने विश्वविद्यालय और एफिलियेटिंग एजेंसी को डाटा लॉक करने के लिए दोबारा मौका देते हुए 30 अप्रैल से 3 मई तक के लिए पोर्टल खोला था। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि विश्वविद्यालय और एफिलियेटिंग एजेंसी ने डाटा लॉक कर दिया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी 7 मई तक डाटा सत्यापित कर अग्रसारित करेंगे। डाटा सही पाए जाने पर फीस की राशि खाते में हस्तांतरित की जाएगी। बता दें कि छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति स्तर से वेरीफाइड डाटा वाले छात्रों को 40 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार स्तर से और 60 प्रतिशत धनराशि भारत सरकार से सीधे बैंक खातों में भेजी जाती है।



राजधानी स्थित कैंपल रोड निषाद राज मार्ग स्थित तिलक पैलेस में लोगों को संबोधित करते विधायक पंकज सिंह।

# अटल के सपनों का शहर बना रहे रक्षा मंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ राजनाथ सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की

**अमृत विचार :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पिछले दस वर्षों से लखनऊ को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों का शहर बनाने में लगे हैं। लखनऊ के सतत विकास के लिए 20 मई को राजनाथ सिंह के पक्ष में मतदान करें।

उक्त बात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पंकज सिंह ने नुक्कड़ सभाओं के दौरान कही। उन्होंने कैंपल रोड में वरिष्ठजनों के साथ, रकाबगंज और समाज मंदिर में क्षेत्रीय लोगों के साथ, इरम कॉलेज सेक्टर 3 इंदिरा नगर में प्रबुद्ध वर्ग के साथ, कुर्सी रोड महावीर इंटर कॉलेज में क्षेत्रीय लोगों के साथ, जानकीपुरम द्वितीय वार्ड में सेक्टर की में रावत समाज के साथ और सिकंदरपुर सेक्टर एच में जनसभा और रहीम नगर रामलीला मैदान में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी सरकार की उपलब्धियां, जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रमों में विधायक डॉ. नीरज बोरा, अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, गिरीश गुप्ता, गोविंद पांडे, रमेश तूफानी आदि मौजूद रहे।

दूसरी ओर भाजपा नेता नीरज सिंह ने राजनाथ सिंह के पक्ष में चरण प्लाजा में व्यापारियों के साथ, हजरतगंज रामतीर्थ वार्ड के अंतर्गत जीपीओ सभागार में भारतीय टेलीकॉम इंप्लाइज यूनियन बीएसएनल संबंध भारतीय मजदूर संघ के साथ और खदरा चुंगी पर अल्पसंख्यक मोर्चा सम्मेलन को संबोधित किया।

# कांग्रेस और सपा की होंगी संयुक्त रैलियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ दोनों संगठनों के नेता कार्यक्रमों को दे रहे अंतिम रूप

▶▶ आप नेता संजय सिंह और केजरीवाल की पत्नी सुनीता भी होंगी शामिल

**अमृत विचार :** प्रदेश के राजनीतिक मैदान में दो लड़कों यानी राहुल और अखिलेश की जोड़ी जल्द रोड शो और जनसभा करती नजर आएगी। राज्य में सपा और कांग्रेस की साझा रैलियां करने के कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं। इनके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को इसके लिए तारीखें और स्थान तय करने को लेकर दोनों दलों के नेताओं के बीच बातचीत भी हुई है। शुरुआत में कन्नौज, कानपुर, बाराबंकी और लखनऊ में ऐसी रैलियां हो सकतीं हैं। कुछ सीटों पर बड़े नेताओं का प्रवास भी संभव है। इनमें बाराबंकी, इलाहाबाद, वाराणसी, अमेठी और रायबरेली शामिल हैं।

दरअसल, प्रत्याशियों की तरफ से आई मांग के मुताबिक रैलियों की संख्या, स्थानों और तारीखों का प्रस्ताव कांग्रेस ने सपा को भेजा है। सपा नेतृत्व तारीखों का अपने कार्यक्रम के मुताबिक आकलन कर रहा है और शीघ्र निर्णय सार्वजनिक किया जाएगा।

इसके बाद अखिलेश यादव, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी आदि की संयुक्त रैलियां एक साथ हो सकती हैं। इनके साथ आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी मंच पर नजर आ सकती हैं। वहीं, प्रचार में शामिल होने वाले नेताओं में राज बब्बर, मल्लिकार्जुन खरगे और दीपेंद्र हुड्डा के नाम भी हैं। जबकि, सपा की तरफ से अखिलेश के अलावा, प्रो. राम गोपाल, शिवपाल और डिंपल के नाम हैं।

> संयुक्त प्रचार के लिए सपा नेतृत्व से वार्ता हो चुकी है। वहां से भी समय और स्थान पर सहमति बनने के बाद साझा प्रचार कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे।
>
> – अविनाश पांडे, प्रभारी, उप्र. कांग्रेस

> दोनों दलों की संयुक्त रैलियों के कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं। सपा प्रमुख की फाइनल स्वीकृति के बाद इसे शीघ्र सार्वजनिक किया जाएगा।
>
> – राजेन्द्र चौधरी, मुख्य प्रवक्ता, सपा

## वर्ग पहेली-60

**बाएं से दाएं**

1. 1. शब्द, आवाज़, ध्वनि 2. किसी संत या महात्मा के उपदेश, किसी संत कवि की वाणी या भजन


4. 1. होलिका दहन के दूसरे दिन मनाया जाने वाला हिंदुओं का एक त्योहार जिसमें लोग एक-दूसरे को रंग

6. 1. शत्रु आदि द्वारा उत्पन्न किसी प्रकार के संकट से प्राण बचाने की क्रिया या भाव 2. उक्त आशय से किसी की शरण में जाने की क्रिया या भाव 3. शरण लेने का स्थान, शरण्य, आड़, आश्रय 4. रक्षा, बचाव। (मु.) -मांगना : शरण लेना, किसी से संरक्षण मांगना।

8. 1. आतश, अग्नि, आग 2. अत्यधिक गरमी, ताप 3. विस्फोटक 4. गुस्सा, क्रोध।

10. 1. दो व्यक्तियों का आपसी झगड़ा 2. शत्रुता, दुश्मनी।

**ऊपर से नीचे**



2. 1. कुश्ती लड़ने और कसरत करने का स्थान; व्यायामशाला 2. किसी धार्मिक मत या संप्रदाय विशेष के साधुओं की मंडली

3. चंडी के पति अर्थात शिव, चंडीश।

5. 1. वाह, ख़ूब, अच्छा

7. नाश करना, नष्ट करना।

8. 1. शुरू, शुरुआत, आरंभ 2. पहल 3. लक्षण, आसार।

9. संभोग, रति-क्रिया, सहवास, स्त्री-पुरुष का समागम।

### वर्ग पहेली-59 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 बं | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 अँ | ■ |
| द | ■ | 3 मा | लि | य | त | ■ |
| गी | ■ | हो | ■ | ■ | ड़ी | ■ |
| ■ | 4 दि | ल | रु | बा | ■ | 5 अं |
| ■ | ठि | ■ | ■ | ■ | ■ | शु |
| ■ | या | ■ | ■ | 6 धौं | क | ना |
| 7 शो | र | से | नी | ■ | ■ | भि |

## सुडोकू-139

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | | 1 | 3 | |
| 6 | | 3 | 7 | | | | | |
| 1 | | | | 8 | | | | 7 |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| | 3 | | 6 | | | | | |
| | | | 1 | | | 2 | | |
| 9 | | 7 | | 5 | | | | |
| | | | 8 | | 2 | 9 | | |
| 2 | 4 | | | 6 | | | | |

### सुडोकू-138 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 5 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 6 | 5 | 8 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 मई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 17.42 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 19.57 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** – आज नए अनुबंधों को लेकर सावधान रहें। अपना समय अनावश्यक कार्यों में बर्बाद न करें। कोई मूल्यवान वस्तु गुम हो सकती है। आपको कोई भी नया काम शुरू नहीं करना चाहिए। आपको आत्मसम्मान का हमेशा ध्यान रखना चाहिए।

**वृष** – आज मेहनत का सार्थक परिणाम मिलने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप समस्याओं का समाधान करने में जुटे रहेंगे। इसमें आपको अच्छी खासी सफलता भी मिलेगी। व्यापार में आपके नये सहयोगी बन सकते हैं।

**मिथुन** – आज थोक कारोबारियों के लिए दिन शानदार है। उच्च अधिकारी आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे। विदेश में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आपके व्यक्तित्व में काफी सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं।

**कर्क** – आज आपके ऊपर काम का अतिरिक्त बोझ रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ अपने संबंध खराब न करें। नया काम करने में आपको थोड़ी असुविधा हो सकती है। आपकी योग्यता पर लोग संदेह कर सकते हैं। धर्म-कर्म को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं।

**सिंह** – आज सोने-चांदी के व्यापारियों को थोड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसी के साथ विवाद को बढ़ावा न दें। सूनसान जगहों पर अकेले जाने से आपको बचना चाहिए। नकारात्मक लोगों की संगत के कारण आप काफी निराशा का अनुभव करेंगे।

**कन्या** – आज व्यापारी वर्ग को पुरानी क्रेडिट के कारण बड़ा लाभ मिल सकता है। दांपत्य जीवन में आपसी सहयोग में वृद्धि होगी। दान-पुण्य आदि में आपको धन खर्च करना पड़ेगा। आप प्रकृति के निकट रहने का प्रयास करेंगे। इससे आपके मन को शांति मिलेगी।

**तुला** – आज सोच-समझकर आपको शब्दों का चयन करना चाहिए। पड़ोसियों के साथ कहासुनी हो सकती है। ईर्ष्यालु लोग आपके कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करेंगे। आप परिवार के साथ समय व्यतीत करना पसंद करेंगे।

**वृश्चिक** – आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी। आय में निश्चितता बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बच्चों की उन्नति से मन उल्लासित रहेगा। प्रेम प्रस्ताव मिलने के योग बन रहे हैं।

**धनु** – आज अनुभवी व्यक्तियों के साथ समय बिता सकते हैं। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उन्नति होगी। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाकर रखें। अनावश्यक यात्राओं के कारण थकान और सिरदर्द की समस्या हो सकती है।

**मकर** – आज आपके ज्यादातर काम फोन के माध्यम से हो सकते हैं। आपके संवादकौशल का विशेष लाभ आपको मिलेगा। व्यापार में आप अभिनव प्रयोग कर सकते हैं। जॉब में विशेष अनुकूलता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ** – आज कारोबार के लिए आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। समाज सेवी संस्थाओं में आप जुड़ सकते हैं। परिवार के साथ कहीं घूमने जाने की योजना बनाएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच-समझकर वक्तव्य देना चाहिए। तनाव लेने से आपको बचना चाहिए।

**मीन** – आज आयात-निर्यात से जुड़े व्यवसाय में आपको उच्च आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा भावुक न हों। घर और व्यवसाय में आप सामंजस्य स्थापित कर पाएंगे। दांपत्य संबंधों की खटपट दूर होगी। अपना ध्यान सिर्फ अपने काम पर रखें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- प्रेम दीवाने – दोपहर : 12.00
- परदेसी बाबू – रात : 08.55

**&pictures**
- सत्यप्रेम की कथा – सुबह : 10.53
- द कश्मीर फाइल्स – रात : 08.00

**Sony Pix**
- होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 – सुबह : 10.48
- द वॉटर हार्स – रात : 09.00

**Zee Cinema**
- कार्तिक कॉलिंग कार्तिक – सुबह : 11.25
- रेस – रात : 07.45

**Colors Cineplex**
- हेलो ब्रदर – सुबह : 07.52
- टाइगर नागेश्वर राव – शाम : 06.29

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07.45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा ?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में 15 लोग घायल, सात गंभीर

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर से रायपुर के बीच रतनपुर के बीएलटी कालेज के पास हुए हादसे में तेज रफ्तार बस ने खड़ी हाईवा को मारी टक्कर जिससे 15 लोग घायल हो गये जिनमें सात की हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक यह घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है। रॉयल ट्रेवल्स की बस क्रमांक शुक्रवार की रात अंबिकापुर से निकली थी। बस में लभगभ 30 यात्री सवार थे। यहां रतनपुर के बीएलटी कालेज के पास हाईवे के किनारे ट्रेलर खड़ी थी। अचानक तेज रफ्तार बस के ड्राइवर ने ट्रेलर को टक्कर मार दी। घटना शुक्रवार को देर रात दो बजे के करीब की है।

### कोलकाता के पास फैक्टरी में लगी आग

**कोलकाता।** कोलकाता के 'न्यू टाउन' इलाके में शनिवार सुबह कपड़े की फैक्टरी में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग की लपटें सुबह करीब आठ बजे पांच मंजिला इमारत की चौथी मंजिल पर देखी गईं जहां अन्य वाणिज्यिक इकाइयां भी हैं। अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की चार गाड़ियों को काम पर लगाया गया। जो आग की लपटों को बुझाने की कोशिश कर रहे हैं।

# पाकिस्तान के नेता शहजादे को भारत का प्रधानमंत्री बनाने की कर रहे दुआ : मोदी

## झारखंड की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर साधा निशाना

**पलामू (झारखंड), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार के 'सर्जिकल स्ट्राइक' और 'एयर स्ट्राइक' ने पाकिस्तान को इतना हिला दिया है कि पड़ोसी देश के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का 'शहजादा' भारत का प्रधानमंत्री बने। मोदी ने झारखंड के पलामू और गुलमा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा और कहा कि पड़ोसी देश भले ही उन्हें (राहुल गांधी को) प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो, लेकिन भारत मजबूत प्रधानमंत्री वाला मजबूत देश चाहता है।



नरेंद्र मोदी झारखंड में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए।

उन्होंने कहा-मां भारती का अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब पड़ोसी देश की स्थिति ऐसी है कि पाकिस्तान देश को बचाने के लिए दुनिया से मदद मांग रहा है।

### मोदी ने विपक्ष पर लगाया तुष्टीकरण का आरोप

**दरभंगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पूर्व रेल मंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर सोनिया मैडम के शासनकाल के दौरान अपनी तुष्टीकरण की नीति के तहत गोधरा कांड के जिम्मेदार लोगों को बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। दरभंगा संसदीय क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये मोदी ने गोधरा कांड का जिक्र किया और आरोप लगाया कि विपक्षी दल हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं। गुजरात में 2002 में हुये गोधरा कांड में 60 कार सेवकों की मौत हो गयी थी। इस घटना के समय मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। मोदी ने कहा- राजद का इतिहास सामाजिक न्याय का मुखौटा लगाकर लगाकर हमेशा तुष्टिकरण करने का रहा है। जब गोधरा में कार सेवकों को जिंदा जलाया गया था तब रेल मंत्री, राजद के शाहजादे के पिता थे, जो (चारा घोटाला मामले में) सजा काटकर जमानत पर घूम रहे हैं।

### टिप्पणी को लेकर राहुल के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई टली

**ठाणे।** महाराष्ट्र में ठाणे की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले में सुनवाई 29 जून तक के लिए टाल दी। गांधी के वकील नारायण अय्यर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जब मामला भिवंडी में मजिस्ट्रेट की अदालत में सुनवाई के लिए आया तो इस आधार पर स्थगन की मांग की गई कि आवेदक द्वारा दाखिल एक रिट याचिका उच्च न्यायालय में लंबित है और उस पर अभी तक कोई आदेश नहीं दिया गया है। अय्यर ने कहा, दोनों पक्षों को सुनने के बाद मजिस्ट्रेट ने मामले की सुनवाई 29 जून को तय की। मानहानि का मामला स्थानीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सदस्य राजेश कुंटे ने दायर किया था, जिसमें दावा किया गया था कि गांधी ने एक भाषण में संगठन को महात्मा गांधी की हत्या से जोड़ा था।

## कोर्ट ने खारिज की इंदौर में कांग्रेस के डमी उम्मीदवार की अपील

**इंदौर, एजेंसी**

- मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को फिर लगा झटका

कांग्रेस को इंदौर लोकसभा क्षेत्र में एक बार फिर झटका लगा है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने कांग्रेस के "डमी" (वैकल्पिक) उम्मीदवार मोती सिंह की अपील खारिज कर दी है। अपील के जरिए सिंह ने उच्च न्यायालय की एकल पीठ के 30 अप्रैल के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें कांग्रेस के चुनाव चिन्ह हाथ के पंजे के साथ चुनाव लड़ने की अनुमति की गुहार वाली उनकी याचिका नामंजूर कर दी गई थी।

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एस.ए. धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति गजेंद्र सिंह ने एकल पीठ के फैसले को सही ठहराया और कांग्रेस के "डमी" उम्मीदवार की दायर अपील को ''योग्यता और तथ्यों से रहित'' बताते हुए खारिज कर दिया। युगल



पीठ ने सिंह की अपील पर शुक्रवार को सुनवाई करके अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था जिसे शनिवार को जाहिर किया गया। सिंह का नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी द्वारा आठ दिन पहले खारिज किया जा चुका है, लेकिन उन्होंने इंदौर के कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम के पर्चा वापस लेने का हवाला देते हुए अदालत से गुहार की थी कि उन्हें पार्टी के चुनाव चिन्ह के साथ चुनाव लड़ने की अनुमति दी जानी चाहिए।

## केरल में पुलिस हिरासत में मौत मामले में चार पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

**मलप्पुरम।** केरल के कोच्चि में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने तनूर थाने में अगस्त 2023 में थमीर जिफ़री की कथित तौर पर हिरासत में हुयी मौत के मामले में शनिवार को चार पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार किया। जो जिला एंटी-नारकोटिक्स स्पेशल एक्शन फोर्स के सदस्य हैं। गिरफ्तार किए गए अधिकारियों में तनूर थाना के वरिष्ठ नागरिक पुलिस अधिकारी (सीपीओ) जिनेश, परप्पनगाडी थाने के (सीपीओ) एल्बिन ऑगस्टीन, कल्पाकांचेरी थाने के (सीपीओ) अभिमन्यु और थिरुरंगडी थाने के (सीपीओ) विपिन शामिल हैं।

## पुलिस ने प्राथमिकी में आपराधिक साजिश के आरोप जोड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**अमित शाह फर्जी वीडियो मामला**

दिल्ली पुलिस ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के फर्जी वीडियो के संबंध में दर्ज प्राथमिकी में आपराधिक साजिश के आरोप भी जोड़े गए हैं।

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के राष्ट्रीय समन्वयक को गिरफ्तार किया था। तेलंगाना के हैदराबाद के रहने वाले अरुण बीरेड्डी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'स्पिरिट ऑफ कांग्रेस' नाम के खाते को संभालते हैं। इस मामले में दिल्ली पुलिस की यह पहली गिरफ्तारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा-हमने प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120बी (आपराधिक साजिश) जोड़ी है क्योंकि जांच से एक बड़ी साजिश का संकेत मिला है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक बीरेड्डी कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के प्रमुख सदस्यों में से एक हैं। बीरेड्डी पर उन लोगों में शामिल होने का आरोप है।

## मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर सुरक्षा कड़ी

**मंगलुरु।** मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा व्यवसथा कड़ी कर दी गई है। हवाई अड्डा प्रशासन को ईमेल के माध्यम से धमकी दी गई थी। शनिवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। सीआईएसएफ और पुलिस ने पूरे हवाई अड्डे पर कई स्तर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। बाजपे पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी में ईमेल भेजने वाले समूह की पहचान 'टेरेराइजर्स 111' के रुप में की गई है। प्राथमिकी में ईमेल का हवाला देकर लिखा गया है कि 'हवाई अड्.डे पर कुल तीन जगहों पर बम रखे गये है और हमें आशा है कि बड़े स्तर पर रक्तपात होगा।

# रोहित वेमुला की मां ने मुख्यमंत्री से की न्याय की मांग

**हैदराबाद, एजेंसी**

रोहित वेमुला की मां राधिका वेमुला ने शनिवार को यहां तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से मुलाकात कर परिवार को न्याय दिलाने का अनुरोध किया। इस संबंध में एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि रेड्डी ने उन्हें आश्वासन दिया कि 2016 में हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र वेमुला की आत्महत्या से जुड़े मामले की दोबारा जांच की जाएगी और न्याय दिलाया जाएगा।

रोहित वेमुला के भाई राजा वेमुला ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार में उनके साथ न्याय होगा। राजा वेमुला ने कहा-हमने पुलिस द्वारा सौंपी गई क्लोजर रिपोर्ट का



रोहित वेमुला की मां राधिका वेमुला ने शनिवार को यहां तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से की मुलाकात। ● एजेंसी

- राधिका वेमुला ने तेलंगाना के सीएम ए. रेवंत रेड्डी से की मुलाकात

विरोध किया है। हमने उन मुद्दों पर भी चिंता जताई है जिनका उन्होंने रिपोर्ट में उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि जाति की स्थिति पर स्पष्टीकरण देने के लिए पड़ोसी आंध्र प्रदेश में गुंटूर के जिलाधिकारी सक्षम प्राधिकारी हैं, न कि पुलिस। राजा वेमुला ने उन्होंने कुछ अन्य छात्रों के खिलाफ दर्ज मामले रद करने की भी मांग की।

पुलिस ने वेमुला की मौत के मामले में एक स्थानीय अदालत के समक्ष एक 'क्लोजर रिपोर्ट' दायर की है, जिसमें दावा किया गया है कि वह दलित नहीं था और 2016 में उसने इस डर की वजह से आत्महत्या कर ली कि कहीं उसकी "वास्तविक जाति" के बारे में सबको पता न चल जाए। 'क्लोजर रिपोर्ट' पर रोहित वेमुला की मां और अन्य लोगों द्वारा व्यक्त किए गए संदेह को देखते हुए तेलंगाना के पुलिस महानिदेशकरवि गुप्ता पहले ही मामले की विस्तृत जांच की घोषणा कर चुके हैं। उन्होंने शुक्रवार रात एक बयान में कहा कि संबंधित अदालत में एक याचिका दायर कर मजिस्ट्रेट से मामले की आगे की जांच की अनुमति देने का अनुरोध किया जाएगा। पुलिस ने मामले में सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए हरियाणा के निवर्तमान राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, भाजपा के पूर्व विधान परिषद सदस्य एन. रामचंदर राव समेत आरोपियों को क्लीन चिट दे दी है।

### फगवाड़ा में हिंसक झड़प नोएडा निवासी छात्र गोली लगने से घायल

**फगवाड़ा।** पंजाब के फगवाड़ा में शनिवार तड़के लॉ गेट के पास छात्रों के दो समूहों के बीच हुई हिंसक झड़प के दौरान गोलीबारी में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) का एक छात्र गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि तीन अन्य छात्रों को मामूली चोटें आईं और चारों को सिविल अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल नोएडा के सत्यम पंवार (21) को जालंधर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां तीन छात्रों यश राठी, आदर्श त्रिपाठी और परीक्षित को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस रिपोर्टों के अनुसार पीजी लॉ गेट पर रहने वाला पंवार अपने आवास के पास अन्य लोगों के साथ टहल रहा था तभी दो समूह के छात्रों में झड़प हुई थी।

**पक्षियों को बचाने की जद्दोजहद...**



जम्मू में स्कूली छात्राओं ने पक्षियों को बचाने के अभियान में भाग लेते हुए पेड़ों पर पानी से भरे मिट्टी के बर्तन लटकाए। ● एजेंसी

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-1300 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# निर्यात प्रतिबंध हटने के बाद प्याज के दाम बढ़े

## नासिक की लासलगांव मंडी में फैसले के बाद कीमतें औसतन 200 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ीं

**नासिक, एजेंसी**

केंद्र सरकार के शनिवार को प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के बाद महाराष्ट्र के नासिक जिले के लासलगांव मंडी में इसकी कीमतें औसतन 200 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गईं। लासलगांव में कृषि उत्पादन बाजार समिति (एपीएमसी) को भारत में सबसे बड़ा थोक प्याज बाजार बताया जाता है। इससे पूर्व दिन में सरकार ने लोकसभा चुनावों के बीच प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया, लेकिन 550 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) लगा दिया।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार रात सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाया था। एपीएमसी के अध्यक्ष बालासाहेब



क्षीरसागर ने कहा-बाजार में कुछ बढ़ोतरी हुई है। औसत कीमतों में लगभग 200 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है। इस फैसले से किसानों को फायदा होगा, लेकिन वास्तविक प्रभाव सोमवार को पता चलेगा जब बाजार फिर से खुलेगा। सूत्रों ने बताया कि दिन के दौरान लगभग 200 क्विंटल प्याज एपीएमसी में पहुंचा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के आधार पर कीमतें 801 रुपये, 2,551 रुपये और 2,100 रुपये प्रति क्विंटल के बीच थीं। बाजार में एक किसान ने एक समाचार चैनल को बताया कि निर्यात प्रतिबंध हटाना एक अच्छा निर्णय है, लेकिन इसे कम से कम एक साल तक लागू रहना चाहिए। एक अन्य व्यक्ति ने कहा, निर्यात शुल्क से प्याज उत्पादकों का मुनाफा कम हो जाएगा। एक किसान ने पूछा- प्रतिबंध के कारण हमें जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई कौन करेगा। सरकार ने आठ दिसंबर 2023 को 31 मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### कागज उद्योग का सरकार से पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए बंजर भूमि आवंटित करने का आग्रह

**नई दिल्ली।** भारतीय कागज उद्योग ने सरकार से पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए कागज मिलों को दीर्घकालिक पट्टे पर बंजर भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। उद्योग का कहना है कि इससे कच्चे माल की कमी को दूर करने और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। पल्पवुड ऐसे वृक्षों को कहा जाता है, जिनकी लकड़ी को पीसकर रेशेदार गूदे में बदला जा सकता है। उद्योग ने कहा कि देश में भारी मात्रा में बंजर भूमि उपलब्ध है और अगर इसका एक छोटा सा हिस्सा पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए कागज मिलों को पट्टे पर आवंटित किया जाता है, तो यह उद्योग की वृद्धि और देश की हरियाली के लिए क्रांतिकारी कदम हो सकता है। इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि कागज उद्योग को कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल होने वाली लकड़ी की कमी का सामना करना पड़ रहा है और यह भारत में मिलों के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है।

### पेटीएम के सीईओ भावेश गुप्ता ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। फिनटेक फर्म पेटीएम ने वरिष्ठ प्रबंधन में फेरबदल के तहत राकेश सिंह को पेटीएम मनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है।

कंपनी ने अब तक पेटीएम मनी का नेतृत्व कर रहे वरुण श्रीधर को पेटीएम सर्विसेज का सीईओ बनाया है। पेटीएम सर्विसेज म्यूचुअल फंड और अन्य धन प्रबंधन उत्पादों के वितरण कारोबार में शामिल है। बयान में कहा गया कि भुगतान और उधार कारोबार की देखरेख करने वाले अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने व्यक्तिगत कारणों से कामकाजी जीवन से अवकाश लेने का फैसला किया है।

## एनसीएलटी के कर्ज समाधान मामलों में 43 प्रतिशत उछाल

**कोलकाता, एजेंसी**

- आईबीबीआई ने 2023-24 को एक ऐतिहासिक वर्ष घोषित करते हुए दी जानकारी

कई बाधाओं के बीच भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) ने 2023-24 को एक ऐतिहासिक वर्ष घोषित किया है। इसमें राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा किए गए समाधान मामले 43 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 270 रहे हैं जो पिछले साल 189 मामले थे।

उम्मीद है कि आईबीबीआई दिवाला और ऋण अक्षमता संहिता (आईबीसी) में 'मध्यस्थता' को शामिल करने के लिए अगले दो-तीन महीनों में सरकार को एक रिपोर्ट सौंपेगी। फिलहाल इसपर चर्चा और जांच चल रही है। नियामक बड़े कॉरपोरेट मामलों के लिए प्रीपैकेज्ड समाधान पर भी काम कर रहा है, जिसकी अनुमति अब तक केवल एमएसएमई मामलों में ही है। आईबीबीआई के पूर्णकालिक सदस्य सुधाकर शुक्ला ने सीआईआई द्वारा आयोजित सातवें 'इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए कहा कि एक साल में पहली बार नए मामलों की संख्या से समाधान हुए मामलों की संख्या बढ़ी है, जिससे पूरे भारत में लंबित मामलों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि पिछले सात साल में बाधाओं के बावजूद 3.5 लाख करोड़ रुपये का समाधान हासिल किया गया और 10 लाख करोड़ रुपये के 27,000 आवेदन वापस ले लिए गए। इससे आईबीसी देश में ऋण समाधान के लिए एक शक्तिशाली उपकरण बन गया।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,550-54,750 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 70,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 69,600 |
| चांदी पक्की | 802 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 70,750 |
| चांदी आभूषण | 81,000। |

## टाटा पावर रिन्यूएबल ने स्वच्छ ऊर्जा परियोजना के लिए किया समझौता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) के सीईओ और प्रबंध निदेशक दीपेश नंदा ने शनिवार को कहा कि उसने 460 मेगावाट की दृढ़ और प्रेषण योग्य नवीकरणीय ऊर्जा (एफडीआरई) परियोजना स्थापित करने के लिए एसजेवीएन लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

एफडीआरई संयंत्र से निर्बाध रूप से लगातार बिजली आपूर्ति की जा सकती है। इससे बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को उनके नवीकरणीय खरीद दायित्वों (आरपीओ) और ऊर्जा भंडारण दायित्वों (ईएसओ) को पूरा करने में मदद मिलती है। बयान के मुताबिक 460 मेगावाट की एफडीआरई की इस तरह तैयार किया गया है, ताकि यह सौर, पवन और बैटरी भंडारण प्रौद्योगिकियों के संयोजन से बिजली की अधिकतम मांग के दौरान कुशलता के साथ बिजली आपूर्ति कर सके। टीपीआरईएल ने कहा कि इस संयंत्र से सालाना करीब 300 करोड़ यूनिट बिजली पैदा होने और 220 करोड़ किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन की भरपाई होने की उम्मीद है।

### आईडीबीआई बैंक का तिमाही में 44 प्रतिशत बढ़ गया शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के आईडीबीआई बैंक का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में 44 प्रतिशत उछलकर 1,628 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 1,133 करोड़ रुपये रहा था। बैंक ने शनिवार को कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 7,887 करोड़ रुपये रही है, जो पिछले साल समान तिमाही में 7,014 करोड़ रुपये थी। पिछले वित्त वर्ष के लिए बैंक का शुद्ध लाभ 55 प्रतिशत बढ़कर 5,634 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है।

## आरबीआई की कार्रवाई से वित्तीय प्रभाव सीमित, प्रतिष्ठा क्षति को लेकर चिंता ज्यादा

**मुंबई, एजेंसी**

- प्रतिबंध लेकर कोटक महिंद्रा बैंक के अधिकारी ने कही बात

कोटक महिंद्रा बैंक को उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा लगाए गए व्यावसायिक प्रतिबंधों का वित्तीय प्रभाव अपेक्षाकृत कम होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि हालांकि बैंक प्रतिष्ठा को होने वाले नुकसान के बारे में अधिक चिंतित है। बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक वासवानी ने संवाददाताओं से कहा कि इसका देनदारी वृद्धि पर




सीमित प्रभाव पड़ेगा।

बैंक ने संकेत दिए हैं कि प्रतिबंध कुछ महीनों तक जारी रह सकता है। पिछले महीने के अंत में आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक को अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग माध्यमों के जरिए नए ग्राहकों को शामिल करने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल प्रभाव से रोक दिया था क्योंकि बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन में कमी पाई गई थी। वासवानी ने इसी साल जनवरी में कार्यभार संभाला है। उन्होंने कहा कि बैंक तकनीकी मोर्चे पर अपने प्रयासों को दोगुना कर रहा है, और विश्वास वापस जीतना अब बैंक के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्वीकार किया कि इस आदेश का असर क्रेडिट कार्ड कारोबार और इसके डिजिटल बैंकिंग केंद्रित कारोबारों पर पड़ेगा।

# डिजिटल अपराधों की जद में बच्चे: सीजेआई

- चंद्रचूड़ बोले- प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता दिखाने के लिए पूरा अवसर प्रदान करें

काठमांडू, एजेंसी


शनिवार को नेपाल में किशोर न्याय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में चर्चा करते सीजेआई चंद्रचूड़।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तीन दिवसीय नेपाल की यात्रा पर हैं। नेपाली मुख्य न्यायाधीश बिश्वोम्भर प्रसाद श्रेष्ठ ने उन्हें आमंत्रित किया है। नेपाल में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकियों का तेजी से विकास हो रहा है। इससे नाबालिगों से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय डिजिटल अपराधों में भी तेजी आ रही है। इससे निपटने के लिए किशोर न्याय प्रणालियों को अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना होगा।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, किशोर न्याय पर चर्चा करते वक्त हमें कानूनी विवादों में फंसे बच्चों की कमजोरियों और जरूरतों को समझना होगा। किशोर न्याय की प्रकृति और समाज के आयामों के संबंधों को समझना महत्वपूर्ण है।' उन्होंने आगे कहा, 'प्रौद्योगिकी का तेजी से विकास हो रहा है। किशोर हैकिंग, साइबरबुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल उत्पीड़न सहित अन्य साइबर अपराधों में शामिल हो रहे हैं।

डिजिटल प्लेटफॉर्म की सुरक्षा और आसान प्रवेश प्रकृति के कारण युवा अवैध गतिविधियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। भारत और नेपाल के किशोर न्याय प्रणालियों का विश्लेषण करते हुए कहा न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, 'रोकथाम, हस्तक्षेप और पुनर्वास की रणनीतियों से हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकते हैं जो अधिक समावेशी हो। इसमें हम प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता दिखाने के लिए पूरा अवसर प्रदान करें। उन्होंने कहा, ' निष्पक्ष और न्यायसंगत समाज को आकार देने में किशोर न्याय महत्वपूर्ण भूमिक निभाता है।

## पाकिस्तानी हिंदुओं ने हरिद्वार के शदाणी दरबार में टेका मत्था

**हरिद्वार।** आस्था और धर्म किसी सरहदों को नहीं बांटता और इसका उदाहरण है हरिद्वार में आए पाकिस्तानी हिंदुओं का जत्था जिनके लिए हरिद्वार आज भी विशेष महत्व रखता है।

इस लिए हर वर्ष पाकिस्तानी हिन्दुओ के कई जत्थों ने पहुंचकर शदाणी दरबार मे अपनी अरदास पूरी कर मत्था टेकते हैं। इस बार भी 223 से ज्यादा पाकिस्तानी हिन्दू पहुंचे हैं। हरिद्वार पहुंचते ही इन लोगो की खुशी देखते ही बनती है। धर्म नगरी हरिद्वार पहुंचने से पहले अयोध्या पहुंचकर भगवान श्रीराम के दर्शन किए और वहां पर दोनों देशों में अमन चैन बना रहे इसकी प्रार्थना की वहीं धर्मनगरी हरिद्वार पहुंचने पर हरिद्वार के स्थानीय लोगों ने इनको माला पहनकर सभी का स्वागत भी किया।

# 35 हजार करोड़ का मसाला निर्यात गुणवत्ता मापने के लिए सिर्फ 9 लैब

*अमेरिका, हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर समेत कम से कम पांच देशों ने भारतीय मसालों की जांच कराने की घोषणा की है। शिकायत है कि मसालों में जहरीले केमिकल एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा स्वीकृत सीमा से ज्यादा है। एथिलीन ऑक्साइड को मसालों में फूड स्टेबलाइजर के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है।*

### गुणवत्ता की चिंता जरूरी

भारत ने पिछले साल लगभग 35 हजार करोड़ रु. के मसालों का निर्यात किया। इसकी देश के कृषि निर्यात में लगभग 10% हिस्सेदारी है। कारोबार बनाए रखने के लिए गुणवत्ता बेहद जरूरी है। लेकिन, मसालों की गुणवत्ता मापने के लिए देशभर में सिर्फ 9 लैब है।

**2022-23 में 32 हजार करोड़ के मसाले हुए निर्यात :** वित्त वर्ष 2022-23 में भारत ने करीब 32,000 करोड़ रुपए के मसालों का एक्सपोर्ट किया। मिर्च, जीरा, हल्दी, करी पाउडर और इलायची एक्सपोर्ट किए जाने वाले प्रमुख मसाले हैं।



### कीटनाशक है एथिलीन ऑक्साइड, इससे कैंसर का खतरा

स्पाइस बोर्ड एथिलीन ऑक्साइड को 10 .7 सेल्सियस से ऊपर के तापमान पर ज्वलनशील, रंगहीन गैस के रूप में परिभाषित करता है। यह कीटाणुनाशक, स्टरलाइजिंग एजेंट और कीटनाशक के रूप में काम करता है। इसका इस्तेमाल चिकित्सा उपकरणों को स्टरलाइज करने और मसालों में माइक्रोबियल कंटेमिनेशन को कम करने के लिए किया जाता है। यानी यह निष्कर्ष निकालने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि यह मनुष्यों में कैंसर का कारण बन सकता है।

### शुरू किया परीक्षण

स्पाइस बोर्ड ऑफ इंडिया ने निर्यात किए जाने वाले उत्पादों का अनिवार्य परीक्षण शुरू कर दिया है। उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड के सही इस्तेमाल के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। एथिलीन ऑक्साइड के अलावा वैकल्पिक तरीके खोजने के लिए भी मानदंड निर्धारित किए गए।

### वापस करने का मुख्य कारण साल्मोनेला

अमेरिका के एफडीए की रिपोर्ट के अनुसार कम से कम 30 उत्पाद साल्मोनेला, एक जहरीले व हानिकारक पदार्थ के कारण अस्वीकार किए गए। कम से कम 11 उत्पादों को गलत ब्रांडिंग, छेड़छाड़, आर्टिफिशियल कलर या गलत लेबलिंग के कारण अस्वीकार किया गया।

### भारत से कौन खरीदता है सबसे ज्यादा मसाले

(आंकड़ा करोड़ रुपये में)

| | |
|---|---|
| चीन | 6,391.64 |
| अमेरिका | 4,467 .39 |
| बांग्लादेश | 2,076 .64 |
| यूएई | 1,945 .98 |
| थाईलैंड | 1,498 .08 |
| मलेशिया | 1,205 .60 |
| इंडोनेशिया | 1,199 .12 |
| ब्रिटेन | 932 .65 |
| श्रीलंका | 868 .50 |
| सऊदी अरब | 747 .89 |

## एक नजर

### चीन में तूफान को लेकर रेड अलर्ट

**गुआंगजौ।** चीन के दक्षिण गुआंग्डोंग प्रांत के झुहाई जिले के तीन इलाकों में तूफान को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। यहां के मौसम विज्ञान ब्यूरो ने शनिवार को बताया कि डौमेन जिले में सुबह आठ बजे तक एक घंटे में करीब 100 मिलीमीटर से अधिक वर्षा हुई। दो अन्य स्थान जियांगझू जिला और झुहाई नेशनल हाई-टेक औद्योगिक विकास क्षेत्र ने भी तूफान के लिए रेड अलर्ट जारी किया। यातायात विभाग ने कहा कि शहर के सड़कों पर पानी भर जाने से निवासियों को घर के अंदर रहने की सलाह दी है।

### पूर्वी कांगो में शिविरों पर बमबारी से बच्चों समेत 12 की मौत, 30 घायल

**किंशासा।** पूर्वी कांगो पूर्वी कांगो के उत्तरी किवु प्रांत में विस्थापित लोगों के तीन शिविरों पर किए गए हमलों में बच्चों एवं महिलाओं सहित 12 लोगों की मौत हो गई और अन्य 30 से अधिक घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने एक बयान में कहा, उत्तरी किवु के पूर्वी प्रांत की राजधानी गोमा के लैक वर्ट, लुशगाला और मुगुंगा इलाकों में स्थित तीन आईडीपी केंद्रों पर हमले आश्रयों और अन्य मानवीय संरचनाओं को भी नुकसान पहुंचाया। संयुक्त राष्ट्र ने इन हमलों को मानवाधिकारों और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का घोर उल्लंघन बताया और कहा कि इन्हें युद्ध अपराध माना जा सकता है।

### पंजाब में सीमा के पास ड्रोन और हेरोइन के दो पैकेट बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास तीन अलग-अलग घटनाओं में एक ड्रोन और हेरोइन के दो पैकेट बरामद किए गए। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक प्रवक्ता ने कहा कि शुक्रवार को तरनतारन जिले के कालिया गांव में एक खेत से टूटी हालत में ड्रोन बरामद किया गया। ड्रोन चीन निर्मित डीजेआई मविक-3 क्लासिक है। वहीं, एक अन्य घटना में बीएसएफ के जवानों ने अमृतसर के हरदो रतन गांव के पास एक खेत से 460 ग्राम हेरोइन का पैकेट बरामद किया है। प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार को तरनतारन जिले के गांव सांकतरा के पास भी एक खेत में एक पैकेट मिला जिसमें 406 ग्राम हेरोइन थी।

### महाराष्ट्र के सांगली में सैन्य हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग

**सांगलीत।** भारतीय सेना के एक हेलीकॉप्टर ने शनिवार को महाराष्ट्र के सांगली जिले के एरंडोली गांव में आपातकालीन लैंडिंग की। हेलीकॉप्टर के आपातकालीन लैंडिंग की वजह तकनीकी खराबी बतायी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर सेना के जवानों को चिकित्सा सामग्री सहित रसद प्रदान करने के लिए नासिक से बेंगलुरु जा रहा था, तभी अचानक से हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने पर उसे खेत में आपातकालीन स्थिति में उतारा गया। हेलकॉप्टर की खराबी को ठीक करने के लिए नासिक से सेना की एक टीम रवाना हुई।

# भारत की पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ा : कंबोज

## यूएन में स्थायी प्रतिनिधि बोलीं-31 लाख जनप्रतिनिधियों में से 14 लाख महिलाएं

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी


जनसंख्या आयोग के 57वें सत्र के मौके पर संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज, राजस्थान की नीरू यादव आंध्र प्रदेश से कुनुकु हेमा कुमारी और त्रिपुरा की सुप्रिया दास दत्ता मौजूद रहीं।

संयुक्त राष्ट्र के एक कार्यक्रम में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ा है। कंबोज ने कहा कि भारत में ग्रामीण इलाकों में प्रशासन के लिए बनी पंचायती राज व्यवस्था पर भारत गर्व कर सकता है और इससे जमीनी स्तर पर सत्ता का विकेंद्रीकरण हुआ है। साथ ही उन्होंने भारत में लैंगिक समानता की दिशा में किए जा रहे कामों बारे में बताया।

संयुक्त राष्ट्र में जनसंख्या आयोग के 57वें सत्र में बोलते हुए रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत में जमीनी स्तर पर महिला सशक्तिकरण के परिवर्तनकारी प्रभाव हुए हैं। कंबोज ने कहा कि पंचायती राज सीधे लोकतंत्र का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें एक ग्राम सभा की पंचायत में सभी निवासियों की भागीदारी होती है। इससे सत्ता का विकेंद्रीकरण होता है। यह दुनिया में पाए जाने वाले पारंपरिक नगरपालिका प्रशासन मॉडल से अलग है और पंचायती राज व्यवस्था से समावेशी निर्णय लेने की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है। भारत की लैंगिक समानता के प्रति प्रतिबद्धता को बताते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि 1992 में संविधान संशोधन के साथ एक अहम मील का पत्थर हासिल किया गया, जिसके तहत स्थानीय शासन में कम से कम एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गईं।

जमीनी स्तर पर फैसले लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम था। कंबोज ने बताया कि आज भारत में निर्वाचित कुल 31 लाख जनप्रतिनिधियों में से 14 लाख से अधिक महिलाएं हैं।

यह व्यापक सामाजिक बदलाव को दर्शाता है। कंबोज ने स्वीकार किया कि नेतृत्व में महिलाओं के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं, लेकिन इसके लिए सहायक कानूनी ढांचे, मजबूत क्षमता निर्माण और सहयोगी भागीदारी पर जोर देने की जरूरत है।

# चुनाव देखने भारत आए 23 देशों के पर्यवेक्षक

नई दिल्ली, एजेंसी

देशभर में चल रहे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को देखने और समझने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत आएंगे। चुनाव आयोग ने बताया कि दुनियाभर के 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) से जुड़े 75 प्रतिनिधि भारत आए हैं। यह लोग चुनाव प्रणाली की बारीकियों को जानेंगे। आयोग का कहना है कि ये प्रतिनिधि एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसमें अन्य देशों से आए लोगों को भारत की चुनाव प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा उपयोग की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराया जाता है।

आयोग ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) आयोजित करके अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना जारी रख रहा है। ईसीआई ने कहा कि यह कार्यक्रम 4 मई से शुरू हो रहा है, जिसका उद्देश्य विदेशी ईएमबी को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा उपयोग की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराना है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू 5 मई को प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे।

### इन देशों से आए प्रतिनिधि

चुनाव आयोग ने बताया कि भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया जैसे 23 देशों के विभिन्न ईएमबी और संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 प्रतिनिधि भारत आए हैं।

# पाकिस्तान में आधिकारिक तौर पर शुरू हुआ योग

इस्लामाबाद, एजेंसी

वैश्विक सुर्खियां बटोरने के बाद, आध्यात्मिक अभ्यास योग आधिकारिक तौर पर पड़ोसी देश पाकिस्तान में पहुंच गया है। इस्लामाबाद के रखरखाव के लिए जिम्मेदार कैपिटल डेवलपमेंट अथॉरिटी (सीडीए) के आधिकारिक बयान के अनुसार, इस्लामाबाद मेट्रोपॉलिटन कॉरपोरेशन ने एफ-9 पार्क में मुफ्त योग कक्षाएं शुरू की हैं। सीडीए ने कहा, स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में अपनी यात्रा शुरू करने के लिए कई लोग पहले ही शामिल हो चुके हैं।

बता दें कि संयुक्त राष्ट्र ने 11 दिसंबर 2014 को 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना के लिए एक



मसौदा प्रस्ताव भारत द्वारा प्रस्तावित किया गया था और रिकॉर्ड 175 सदस्य देशों द्वारा इसका समर्थन किया।

योग आमतौर पर भारत से जुड़ा हुआ है और पाकिस्तान में योग सिखाने के लिए अधिक औपचारिक संस्थान नहीं हैं। कई निवासियों ने योग कक्षाएं आयोजित करने के कदम की सराहना की है।


## शांति की मांग


**नई दिल्ली :** कुकी और मैतेई समुदायों के बीच हुई जातीय हिंसा को लेकर मणिपुर की यूएनएयू आदिवासी महिलाओं व लोगों ने नई दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से मांग की है कि, राज्य में शांति बहाल की जाए। उल्लेखनीय है कि मैतेई समुदाय की मांग है कि उन्हें भी जनजाति का दर्जा दिया जाए। • एजेंसी

# अच्छे-बुरे आतंकवाद में नहीं हो सकता अंतर

- सीबीआई निदेशक बोले- वैश्विक सुरक्षा के लिए ऑनलाइन कट्टरपंथ बड़ी चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत ने कहा है कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती है। साथ ही इस बात को जोर दिया है कि अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद में अंतर नहीं किया जा सकता है।

फ्रांस के ल्योन में नेशनल सेंट्रल ब्यूरो के प्रमुखों के हाल ही में संपन्न 19वें इंटरपोल सम्मेलन में सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने सम्मेलन में संगठित अपराध, आतंकवाद और चरमपंथी विचारधाराओं के बीच साठगांठ से उत्पन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला। सूद ने कहा, ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने स्पष्ट रूप से सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा की और कहा कि अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं किया जा सकता।

सीबीआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, इंटरपोल सम्मेलन में 136 देशों के नेशनल सेंट्रल ब्यूरो ने भाग लिया, जिसका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने किया। प्रत्येक देश में नेशनल सेंट्रल ब्यूरो (एनसीबी) इंटरपोल के साथ समन्वय के लिए जिम्मेदार नोडल संगठन है। भारत में सीबीआई को एनसीबी नामित किया गया है।

इस सम्मेलन का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय अपराधों से निपटने के लिए इंटरपोल और एनसीबी के बीच सहयोग को मजबूत करना रहा। सीबीआई बयान के अनुसार, सम्मेलन के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने संगठित अपराध, आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, मनी लॉन्ड्रिंग और ऑनलाइन कट्टरपंथ समेत विभिन्न अपराधों से निपटने के लिए बड़ चुनौती।

## अमेरिका: फिलिस्तीन समर्थित प्रदर्शन में दिखे कश्मीरी झंडे

**वाशिंगटन।** फिलिस्तीन के समर्थन में इन दिनों अमेरिका के विभिन्न विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ऐसे ही प्रदर्शन के दौरान न्यूजर्सी स्थित रटगर्स विश्वविद्यालय में प्रदर्शनकारी छात्रों ने फिलिस्तीन और कुर्द झंडों के साथ ही कश्मीर के अलगाववादी झंडे भी लहराए।

इस पर भारतीय अमेरिकी संगठनों ने नाराजगी जाहिर की है। भारतीय अमेरिकी समूहों ने रटगर्स विश्वविद्यालय के चांसलर द्वारा कश्मीरी झंडे लहराने की अनुमति देने की आलोचना की और कहा कि इससे गलत संदेश जाएगा। विवि में विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रहे समूह ने बताया कि रटगर्स विवि प्रशासन ने उनकी 10 में से आठ मांगें मान ली हैं।

# सत्ता से बातचीत के लिए तैयार लेकिन सौदे के लिए नहीं : इमरान

- पूर्व पीएम की जनादेश चुराने वाले लोगों को दो टूक

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान लंबे समय से जेल में बंद हैं। इस बीच, उन्होंने कहा कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन उनका जनादेश चुराने वाले लोगों के साथ वे सौदा नहीं करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अदियाला जेल में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बातचीत केवल विरोधियों के साथ ही की जाती है। इसलिए बात उनके साथ ही होनी चाहिए, जो पीटीआई के सबसे बड़े विरोधी हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, इमरान ने कहा कि वे 18 महीने से कह रहे हैं कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन समझौता करने के लिए नहीं। खान ने साफ किया कि उनकी पार्टी तीन पक्षों को छोड़कर सभी के साथ बातचीत करेगी। पूर्व पीएम नवाज शरीफ का नाम लिए बिना उन्होंने कहा,'सौदा वे करते हैं, जो देश छोड़ना चाहते हैं या जेल से बचना चाहते हैं।' खान ने कहा कि मैंने तीन लोगों को बातचीत के लिए नामित किया है। नामित लोगों में खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर, नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब और सीनेट में विपक्ष के नेता शिबली फराज हैं। बता दें, खान तोशाखाना मामले में अदियाला जेल में बंद हैं।

## ताइवान की सीमा में घुसे चीनी सैन्य विमान, बढ़ाई सुरक्षा

**ताइपे।** ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने शनिवार को कहा कि नौ चीनी सैन्य विमानों और पांच नौसैनिक जहाजों को देश के चारों ओर घूमते हुए पाया गया।

ताइवान के एमएनडी बयान के अनुसार, चीनी कार्रवाई के जवाब में ताइवान ने स्थिति की निगरानी की और लड़ाकू गश्ती विमान, नौसैनिक जहाजों और तटीय मिसाइल प्रणालियों को तैनात किया।

एक्स पर किए गए पोस्ट में ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा, ताइवान के आसपास सक्रिय 9-पीएलए विमान और 5 जहाजों का पता चला। ताइवान की सेना ने स्थिति की निगरानी की है और आवश्यकता के अनुसार प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले गुरुवार और शुक्रवार को देश के आसपास 26 चीनी सैन्य विमानों और पांच नौसैनिक जहाजों को देखा गया था।

विज्ञान

आईसीआरएनेट द्वारा आयोजित कार्यशाला में हुआ खुलासा, नवीन तकनीक से बरसों की खोज महीनों में होगी पूरी

# अब होगी खगोल विज्ञान के नए युग की शुरुआत

नैनीताल कार्यालय


नई तकनीक के जरिये क्वेज़ार की तस्वीर।

**अमृत विचार :** खोज की दुनिया में अत्याधुनिक उपकरणों के जरिए खगोल विज्ञान नए युग की शुरुआत करने जा रहा है। नवीन तकनीक से खगोलविद सालों की खोज महीनों में पूरी कर सकेंगे।

अध्ययन इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिलेटिविस्टिक एस्ट्रोफिजिक्स नेटवर्क (आईसीआरएनेट) द्वारा आयोजित खगोल वैज्ञानिको की कार्यशाला में यह तथ्य उभरकर सामने आया। ब्रह्मांड को समझ पाना कतई आसान नही है। आधुनिक खगोल विज्ञान की शुरुआत करीब 4 सौ साल पहले हुई। तब से अभी तक दर्जनों प्रकार की दूरबीनें ईजाद की जा चुकी हैं, जो जमीन से लेकर आसमान तक लाखों किमी दूर स्थापित की गई हैं। इन दूरबीनों से वैज्ञानिक सुदूर अंतरिक्ष में देख पाने की क्षमता हासिल कर चुके हैं। इससे भी बड़ी बात यह है कि डेटा प्रोसेसिंग के उपकरणों को ईजाद करने में पिछले कुछ वर्षों में बड़ी कामयाबी हासिल की है। खोज की दिशा में डेटा प्रोसेसिंग महत्वपूर्ण कार्य है। नवीन तकनीक में मशीन लर्निंग अत्याधुनिक तकनीक है। इसके जरिए जमीन-आधारित और अंतरिक्ष-आधारित दूरबीनों के निर्माण और नियंत्रण से लेकर संपूर्ण खगोलीय अनुसंधान प्रक्रिया को एकीकृत किया गया है। जिसमें प्रकाशिकी प्रणालियों के प्रदर्शन को अनुकूलित करना, उपग्रहों की विशिष्ट क्रियाओं (ट्रिगर) की शुरुआत में सुधार करना, डेटा विश्लेषण, शोर में कमी, डेटा प्रतिरूपण, वर्गीकरण, सिमुलेशन, सैद्धांतिक मॉडल की स्थापना और सत्यापन शामिल है।

नई तकनीक गुरुत्वाकर्षण का परीक्षण, न्यूट्रॉन की स्थिति व तारों की सटीक जानकारी हासिल की जा सकती है। इसी क्रम मे जेनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफार्मर (जीपीटी) मॉडल का प्रयोग बेहद उपयोगी साबित हुआ है, जो बाहरी ग्रहों की खोज व उनकी विस्तृत जानकारी देता है। इस कॉन्फ्रेंस में दुनियाभर के अनेक वैज्ञानिक संगठन शामिल हुए। जिसमें ये बात निकलकर सामने आई कि नई तकनीकों से खोज की दिशा बेहद आसान होगी और एक नए युग की शुरुआत होगी।

### दुनिया के अनेक देशों के वैज्ञानिक हुए शामिल

कॉन्फ्रेंस में अध्ययन इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिलेटिविस्टिक एस्ट्रोफिजिक्स नेटवर्क (आईसीआरएनेट) के अलावा इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिलेटिविस्टिक एस्ट्रोफिजिक्स (आईसीआरए), नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स (आईएनएएफ), विज्ञान विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय संघ, चीनी विज्ञान अकादमी उच्च ऊर्जा भौतिकी संस्थान (सीएएस-आईएचईपी), पडोवा विश्वविद्यालय, इस्फ़हान प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और फेरेरा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक शामिल हुए। इस मौके पर नई तकनीक पर आधारित शोधपत्र क्या एआई हमारे ब्रह्मांड को समझ सकता है? एस्ट्रोफिजिकल डेटा द्वारा फाइन-ट्यूनिंग जीपीटी का परीक्षण प्रस्तुत किया गया।